धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

रांची, शनिवार
05.10.2024
नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantra.net

* * नगर संस्करण। पेज : 12 आश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 86



पुराने विस परिसर पूजा पंडाल का आज उदघाटन

सुप्रभात

**मां का तीसरा स्वरूप**

**चंद्रघंटा**



*पिण्डजप्रवरारुढा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता*
*प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता*

**नवरात्र** के तीसरे दिन मां दुर्गा की तीसरी शक्ति चंद्रघंटा की पूजा का विधान है। इनकी की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं नष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना सद्यः फलदायी है। मां भक्तों के कष्ट का निवारण शीघ्र ही कर देती हैं। इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है। इनके घंटे की ध्वनि सदा अपने भक्तों को प्रेतबाधा से रक्षा करती है। इनका ध्यान करते ही शरणागत की रक्षा के लिए इस घंटे की ध्वनि निनादित हो उठती है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है। लोकवेद के अनुसार मां चंद्रघंटा की कृपा से अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं, दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है। मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घंटे का आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं। इनके दसों हाथों में खड्ग आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहने की होती है। मां का स्वरूप अत्यंत सौम्यता एवं शांति से परिपूर्ण रहता है। इनकी आराधना से वीरता-निर्भयता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का विकास होकर मुख, नेत्र तथा संपूर्ण काया में कांति-गुण की वृद्धि होती है। विद्यार्थियों के लिए मां साक्षात विद्या प्रदान करती है। वहीं, देवी साधक की सभी प्रकार से रक्षा करती है।

## रांची को मिला पहला फ्लाईओवर, मुख्यमंत्री हेमंत ने किया उद्घाटन, कहा

# चुनौती पूरी की, हर काम पूरा करेंगे

- विकास कार्यों में सभी की सहभागिता जरूरी
- यातायात व्यवस्था सुगम करना सरकार की प्राथमिकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी के लोगों को सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को पहले फ्लाईओवर की बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं को निरंतर सुदृढ़ और मजबूत कर रही है। सभी के सहयोग, सहभागिता एवं राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से ही योगदा सत्संग आश्रम-बहुबाजार-कांटा टोली-शांतिनगर, कोकर फ्लाईओवर के निर्माण का रास्ता साफ हो सका। उन्होंने कांटा टोली फ्लाईओवर जनता समर्पित किया। उन्होंने कहा, यह एक बड़ी चुनौती थी, जिसे हमने पूरा किया। आगे भी सभी चनौतियों का ड़कर सामना करेंगे। सीएम ने लोगों से आग्रह किया कि यह संपत्ति आपकी है। इसकी देखरेख का जिम्मा भी आपको लेना होगा।

**कई और फ्लाईओवर बनायेंगे :** सीएम ने कहा कि इस फ्लाईओवर से राजधानीवासियों को अब ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी। आने वाले दिनों में राज्य के कई विभिन्न जगह पर सड़क और फ्लाईओवर निर्माण करायेंगे। राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्थाओं को निरंतर सुगम और सुलभ बनाने को लेकर हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर आने वाले समय 5 किलोमीटर का होने जा रहा है। अभी सिरमटोली चौक के पास एक ऐसा पुल हमलोग बना रहें हैं, जो देश के इतिहास में रेलवे क्रॉसिंग पर इस तरह का पुल शायद ही देखने को मिले। (शेष पेज 11 पर)



### सीएम ने की पहली ड्राइव

उदघाटन समारोह के बाद सीएम हेमंत सोरेन खुद कांटा टोली फलाईओवर के वाहन चलाते नजर आये। गाड़ी चलाते हुए उन्होंने एक वीडियो भी बनाया, जिसे उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। श्री सोरेन गाड़ी चलाते हुए अपने अनुभव भी बताया। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर के बनने से आसपास के लोगों को काफी लाभ होगा. यहां लगने वाली लंबी जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर से एक और कनेक्टिंग फ्लाईओवर जुड़ेगा, जो मेकॉन से सीधे कांटा टोली फ्लाईओवर से जुड़ेगा। इससे लोग सीधे बिना किसी रुकावट के सफर कर सकेंगे।

## विधायक कमलेश सिंह ने थामा भाजपा का दामन



**रांची।** झारखंड में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी के एकमात्र विधायक कमलेश कुमार सिंह शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक समारोह में अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और असम के सीएम हिमंता विश्व शर्मा और रवींद्र पांडेय ने सदस्यता दिलायी। कमलेश सिंह 25 वर्षों से एनसीपी के साथ जुड़े हुए थे। वह हुसैनाबाद से दो बार विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं। उनके साथ उनके बेटे सूर्या सोनम ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। समारोह में उनके क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के ही देश और झारखंड का विकास हो सकता है। (पेज 2 भी देखें)

## कोटे में कोटा पर पुनर्विचार याचिका खारिज

### एससी-एसटी आरक्षण में सब-कोटे के अपने फैसले पर शीर्ष कोर्ट कायम

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति को मिलने वाले आरक्षण में उप-वर्गीकरण के अपने फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने 1 अगस्त को ही इस संबंध में फैसला दिया था और कहा था कि यदि राज्य सरकारों को जरूरी लगता है कि एससी और एसटी कोटे के भीतर ही कुछ जातियों के लिए सब-कोटा तय किया जा सकता है। इसका एक वर्ग ने विरोध किया था और आंदोलन भी हुआ था। इसके अलावा याचिकाएं दाखिल की गयी थीं। इन पर ही शुक्रवार को सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने विचार करने से इनकार कर दिया। इस मामले में अदालत ने 24 सितंबर को ही सुनवाई की थी, लेकिन फैसला आज के लिए सुरक्षित रख लिया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 7 जजों की बेंच ने कहा कि उस फैसले में ऐसी कोई त्रुटि नहीं थी, जिस पर पुनर्विचार किया जाये। अदालत ने कहा, 'हमने पुनर्विचार याचिकाओं को देखा है। ऐसा लगता है कि पुराने फैसले में ऐसी कोई खामी नहीं है, जिस पर फिर से विचार किया जाये। इसलिए पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज किया जाता है।' जस्टिस बीआर गवई, विक्रम नाथ, बेला एम. त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र शर्मा इस बेंच में शामिल थे। (शेष पेज 11 पर)

## घूस लेते मुखिया पति को एसीबी ने किया गिरफ्तार

**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के चपरी पंचायत में धनबाद एसीबी की टीम ने पंचायत के मुखिया पति को रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया। बताया जाता है कि उपरी पंचायत की मुखिया आरती कुमारी के पति सुंदर महतो को धनबाद एसीबी की टीम ने रंगे हाथ रिश्वत लेते नावाडीह बैंक ऑफ इंडिया के समीप से गिरफ्तार कर अपने साथ धनबाद ले गयी। मुखिया पति पंचायत के एक लाभुक को अबुआ आवास योजना का लाभ दिलवाने को लेकर उससे दस हजार रुपया रिश्वत की मांग की थी।

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

## मुठभेड़ में 36 हार्डकोर नक्सली ढेर, घातक हथियार भी बरामद

**एजेंसी**

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों ने नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया है। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अबतक 36 न्से अधिक ाक्सलियों मार गिराया है। बस्तर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया मुठभेड़ में 36 नक्सली मारे गये हैं। मुठभेड़ अबूझमाड़ के थुलथुली और तेंदूर गांव के बीच हुई है।

जहां मुठभेड़ चल रही है वो पूरा इलाका घने जंगलों से घिरा है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक दोपहर 1 बजे एनकाउंटर शुरू हुआ। एनकाउंटर में जिला रिजर्व गार्ड और एसटीएफ की टीम शामिल है। मारे गए नक्सलियों में मोस्ट वांटेड नक्सली कमलेश भी शामिल है जिसपर 8 लाख का इनाम था। यह हाल की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है। खास बात यह है कि इसमें एक भी जवान हताहत नहीं हुआ है। मारे गये नक्सलियों के पास से एके 47 समेत कई घातट हति?ार और गोली-बारूद मिले हैं।

गुप्त सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों की बैठक चल रही है। फोर्स ने सूचना के बाद ही इलाके की घेरबंदी शुरू कर दी। एडिशनल एसपी आर के बर्मन ने भी 36 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। सभी शव घटनास्थल से बरामद किये गये हैं। एडिशनल एसपी ने इसे अबतक की बड़ी सफलता करार दिया है। माना जा रहा है कि मारे गये नक्सिलयों की संख्या में इजाफा हो सकता है। कई नक्सिलयों के गंभीर रुप से घायल होने की भी खबर है। सफल एनकाउंटर सीएम साय और गृह मंत्री विजय शर्मा ने जवानों को शाबाशी दी है।



### मोस्ट वांटेड नक्सली कमलेश मारा गया

मारे गये नक्सलियों में कमलेश और एक अन्य खूंखार नक्सली भी शामिल है। दोनों पर सरकार ने 8 आठ लाख का इनाम रखा था। सीएम साय से लेकर तमाम पुलिस के आला अधिकारियों की नजर घटना पर बनी हुई है। इलाके में जवान सघन सर्चिंग अभियान जारी है।

## प्रत्याशियों की सूची तय, घोषणा शीघ्र, कोई मतभेद नहीं : हिमंता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में भाजपा, जदयू और आजसू के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत फाइनल कर ली गयी है। असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में पूछे गये सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक-दो सीटों को छोड़कर बाकी सीटों पर फैसला हो चुका है। हुसैनाबाद या चंदनकियारी सीट पर भी कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव के कारण पार्टी के बड़े नेता उसी में व्यस्त हैं। संभावना है कि 7 या 8 अक्टूबर तक इसकी घोषणा कर दी जाये। उन्होंने कहा कि पार्टी का संकल्प पत्र के पांच प्रमुख मुद्दे 5 अक्टूबर को शाम 5 बजे जारी होंगे। एक सवाल का जवाब देते हुए हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि संसदीय बोर्ड की बैठक में मंजूरी के बाद 8 अक्टूबर तक उम्मीदवार के नाम की घोषणा होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची तैयार है। संसदीय बोर्ड को यह तय करना है कि सभी उम्मीदवारों के नाम एक साथ घोषित किये जायें या दो से तीन सूचियों में प्रकाशित की जायें।

## प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से मिली सशर्त बेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में जेल में बंद प्रेम प्रकाश (पीपी) को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने झारखंड में पवार ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश को सशर्त जमानत दे दी है। पीपी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की खंडपीठ में सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि जमानत पर रहने के दौरान वह अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करेंगे और बिना कोर्ट की इजाजत के देश नहीं छोड़ेंगे। जनवरी 2023 में झारखंड हाईकोर्ट ने पीपी को बेल देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने ने अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। एक केस में शीर्ष अदालत ने प्रेम प्रकाश को पहले ही बेल दे दी है।

### न्यूज डायरी

#### छह दिसंबर तक चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया पूरे करें

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य सरकार को छह दिसंबर तक राज्य में चौकीदारों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। चौकीदार नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक ने यह निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एमएम शर्मा ने बहस की।

#### भीषण सड़क हादसे में 10 मजदूरों की मौत

**लखनऊ।** यूपी के मिर्जापुर में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में 10 मजदूरों की मौत हो गयी। तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, कछवा बॉर्डर के पास एक ट्रैक्टर-ट्रेलर और ट्रक के बीच टक्कर से यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रेलर 13 मजदूरों को लेकर वाराणसी की ओर जा रहा था।

#### ईरानी नेता ने मुस्लिम एकता की दुहाई दी

**तेहरान।** इस्लामी क्रांति के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई ने मुस्लिम एकता की दुहाई दी। उन्होंने कहा कि अगर मुसलमान एक हो जाते हैं तो वे अपने दुश्मनों पर काबू पा सकते हैं।

#### कांग्रेस नेताओं ने सीएम को लिखा पत्र

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने सीएम हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पत्र लिखा है। पत्र में जनता के हित में पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा लागू लैंड बैंक को, 2017 में भूमि सुधार कानून में किये गये संशोधन को समाप्त करने की मांग की है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94000 रु./प्रति किलो |




### भजंत्री को डीसी बनाना हाइकोर्ट का उल्लंघन : चुनाव आयोग

# आयोग ने सीएस से मांगी 15 दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** चुनाव आयोग ने शंभूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर श्री भजंत्री को डीसी बनाये जाने को हाइकोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया है। इससे शंभूनाथ भजंत्री के पदस्थापन पर फिर से विवाद गहरा गया है। आयोग की तरफ से मुख्य सचिव को पत्र लिखा गया है। पत्र में साफ तौर से चुनाव आयोग मंजूनाथ को रांची का डीसी बनाए जाने का विरोध कर रहा है। आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 6 दिसंबर 2021 के आदेश का अनुपालन करने को कहा है। साथ ही 15 दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को भेजने का आदेश दिया। भजंत्री का हाईकोर्ट गया था। कोर्ट ने भी 3 सितंबर 2024 को अपने फैसले में चुनाव आयोग के आदेश को सही करार दिया। हाइकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आयोग का निर्देश मानना राज्य के लिये बाध्यकारी है।

**क्या था पूरा मामला :** केंद्रीय आयोग ने 6 दिसंबर 2021 को आदेश जारी कर देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने, विभागीय कार्यवाही करने और आयोग की अनुमति के बिना चुनाव कार्य से जुड़े पद पर पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था। मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन देवघर डीसी ने वोटर टर्न आउट अप और प्रेस कॉन्फ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश किया था। इसकी वजह से उन्हें 26 अप्रैल 2021 को उपायुक्त के पद से हटा दिया गया था। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद सरकार ने उन्हें फिर से देवघर डीसी के पद पर स्थापित करने का आदेश दिया था। आयोग ने इस पर उपायुक्त से स्पष्टीकरण पूछा। जवाब संतोषप्रद नहीं होने की वजह से उन्हें उपयुक्त को हटाने और भविष्य में आयोग की अनुमति के बिना चुनाव से जुड़े काम में पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था। (शेष पेज 11 पर)



## हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह ने थामा भाजपा का दामन, कहा

# पीएम मोदी की नीतियां प्रभावशाली इसलिए भाजपा में शामिल हो गया

### हिमंता बिश्व सरमा की मौजूदगी में बाबूलाल ने दिलायी पार्टी की सदस्यता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी अजीत पावर गुट के एकमात्र विधायक कमलेश कुमार सिंह शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गये। पार्टी मुख्यालय में श्री सिंह ने अपने समर्थकों संग भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वे पिछले 25 वर्षों से एनसीपी के साथ जुड़े हुये थे। कमलेश सिंह हुसैनाबाद से दो बार विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं। उनके साथ उनके बेटे सूर्या सोनम ने भी भाजपा की सदस्यता ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और असम के मुख्यमंत्री व भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा और रवींद्र पांडेय ने सदस्यता ग्रहण करायी।

इस अवसर पर कमलेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा के नेतृत्व में ही देश और झारखंड का विकास हो सकता है। भाजपा में उनके शामिल होने पर स्थानीय नेताओं की ओर से विरोध के सवाल पर होने पर कहा कि कुछ लोग विरोध कर रहे हैं लेकिन वह भी मान जायेंगे। पार्टी का फैसला सबको मानना पड़ेगा।

ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा निराशा और हताशा में आशा का संचार करने वाली पार्टी है। पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। भाजपा राज्य की निर्माता है।



इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्ष 2005 में सत्ता संकट थी। सरकार में रहते हुए कमलेश सिंह जी ने भाजपा का साथ दिया। भाजपा ने जब आवाज दी, तब कमलेश जी साथ देने के लिए तैयार रहे। उनके आने से झारखंड में भाजपा को नयी ऊर्जा पर ताकत मिलेगी।

असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्व सरमा ने कहा कि भाजपा के सदस्य के रूप में पूर्व से ही कमलेश सिंह रहे हैं। आज केवल तकनीकी औपचारिकता पूरी हुई है। धीरे-धीरे समय आ रहा है चुनाव की घोषणा होगी। कमलेश जी से आग्रह है कि सबको साथ लेकर चलें। इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। सबका विश्वास हो तो परिवर्तन को कोई रोक नहीं सकता है।

विकास के मापदंड पर प्रथम पांच राज्यों में झारखंड को ले जाना है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सूर्या सोनम सिंह, गोपाल सिंह, मन्नान खान, कुंदन कुमारी, अखिलेश मेहता, आदर्श सिंह, संदीप पासवान, हाजी अब्बास अंसारी, विनय पासवान, बिमलेश सिंह, हंसराज सिंह, अभिषेक सिंह हरि, सोनू सिंह, जीशान हसन, रतनलाल, ओमप्रकाश राजवंशी, अंजलि शर्मा, संजय सिंह, बिरेंद्र सिंह, रवि रंजन सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, हसनैन अंसारी, उदय मेहता, बबीता सिंह, अकबर खान हैं।

# राज्य सेवा के 103 पदाधिकारियों को अपर समाहर्ता कोटि में मिला प्रमोशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने 28 सितंबर 2024 को संपन्न विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक की अनुशंसा के आलोक में झारखंड प्रशासनिक सेवा के 103 पदाधिकारियों को अनुमंडल पदाधिकारी एवं समकक्ष कोटि से अपर समाहर्ता समकक्ष कोटि में पुनरीक्षित वेतनमान 15600, 39100 ग्रेड पे 7600 में प्रोन्नति प्रदान की है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।



**इन्हें मिला प्रमोशन :** सुधीर कुमार दास, गोरांग महतो, संजीव कुमार अपर, वैभव कुमार सिंह, सुशील कुमार राय, रंथु महतो, हीरा कुमार, सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार यादव, बिष्णुदेव कच्छप, अरविंद कुमार ओझा, कुमार अभिनव स्वरुप, अविनाश पूर्णेन्दु, शैलेश कुमार सिंह, रविश राज सिंह, सलमान जफर, प्रभाष कुमार दत्ता, गिरिजा शंकर महतो, श्वेता वेद, श्वेता कुमारी गुप्ता, ज्ञान शंकर जायसवाल, प्रभात रंजन चौधरी, संध्या मुंडू, अब्दुस समद, रतन कुमार सिंह, विजय नाथ मिश्र रितेश जायसवाल, प्रतिभा कुजूर, मनोज कुमार, शैलेश कुमार प्रियदर्शी, आबिद हुसैन, बिनोद प्रजापति, प्रदीप कुमार शुक्ला, झुनु कुमार मिश्र, विनोद कुमार कर्मकार, राजेश कुमार, प्रभाकर ओझा, धनंजय कुमार, अनुराग लकड़ा, नूतन कुमारी, देवदारा दत्ता, पूर्णिमा कुमार, मां देव प्रिया, अनुराग कुमार तिवारी, रूबी कुमारी, राजीव नीरज, किरण सोरेंग, अतुल कुमार, कपिल कुमार, शैलेश कुमार, उत्तम प्रसाद, अमर प्रसाद, दयानंद कार्जी, कौशल कुमार, सहजाद परवेज, संजय कुमार प्रसाद, वैद्यनाथ कामती, कुशलमय केनेथ मुंडू, रिंकु कुमारी, बिजय कुमार, वंदना सेजवलकर, प्रमेश कुशवाहा, मनोज कुमार, विशाल कुमार, गौतम कुमार साहु, निर्भय कुमार, अखिलेश कुमार, राजेश कुमार साहू, इंदर कुमार, रश्मि लकड़ा, रजनी रेजीना इंदवार, द्वारिका बैठा, शुभ्रा रानी, प्रदीप भगत, रवि प्रकाश, सुषमा लकड़ा, कीर्तिबाला लकड़ा, सुनीता किस्कू, विजय केरकेप्ता, सुरेंद्र उरांव, अजय कुमार रजक, सुजाता कुजूर, मनिंद्र भगत मुकेश मछुवा, जेसी विनीता केरकेट्टा, सुनील चंद्र, पूनम अनामिका नाग, उदय कुमार, प्रिंस गोडविन कुजूर,महेंद्र छोटन उरांव, जयवंती देवगम, निवेदिता नियति, मिथिलेश कुमार चौधरी, संदीप अनुराग टोपनो, जयप्रकाश करमाली, ऐनी रिन्कु कुजूर, किस्टो कुमार बेसरा, अजय भगत, छूटेश्वर कुमार दास, शालिनी खलखो, मुकेश कुमार बाउरी रुद्र प्रताप।

## छह दिसंबर तक पूरी करें चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया : झारखंड हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य सरकार को छह दिसंबर तक राज्य में चौकीदारों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। चौकीदार नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक ने यह निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एमएम शर्मा ने बहस की। उन्होंने अदालत को बताया कि गृह सचिव ने अदालत को यह अंडरटेकिंग दी थी कि तीन महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी लेकिन अंडरटेकिंग देने के बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। राज्य में कुल 4861 चौकीदारों की नियुक्ति होनी है लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया में देर के विरुद्ध हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।


**कार्यालय :-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा**
Sadar Hospital Campus, Koderma (Jharkhand) 825410
E-mail:- cs.koderma4@gmail.com

**सूचना**

सदर अस्पताल कोडरमा के ए0आर0टी0 सेन्टर में अनुबंध के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 02/2024(Estb.) प्रकाशन की गई है। जिसका PR. No. 336855 है। उक्त प्रकाशन में Walk in Interview की तिथि 04.10.2024 के पूर्वाहन् 11:30 बजे निर्धारित है।

अपरिहार्य कारणों से Walk in Interview की तिथि 04.10.2024 को स्थगित किया जाता है। राज्य स्तर से निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त Walk in Interview की तिथि की सूचना समाचार पत्रों/koderma.nic.in के माध्यम से दी जायेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,कोडरमा

PR 337957 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D


## संजय सेठ की अनुशंसा पर उपचार के लिए ₹59 लाख की राशि मिली

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से रांची लोकसभा क्षेत्र के 25 लोगों को उपचार के लिए लगभग 59 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। जनवरी 2024 से सितंबर 2024 के बीच यह राशि संबंधित अस्पतालों को दी गई है। विदित हो कि सांसदों की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से गंभीर बीमारी के उपचार के लिए प्रधानमंत्री की स्वीकृति पर गरीब लोगों को राशि उपलब्ध करायी जाती है। संजय सेठ के सांसद बनने के उपरांत ही अब तक बड़ी संख्या में लोगों को इलाज के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। इसमें प्रमुख रूप से किडनी, कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर बीमारियां हैं। 11 लोगों को कैंसर के उपचार के लिए शेष अन्य लोगों को अलग-अलग रोगों के उपचार के लिए राशि दी गयी। यह राशि अधिकतम तीन लाख रुपये तक की है।

# झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से मिले लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आहट होते ही लोक जनशक्ति पार्टी (आर) में भी सरगर्मी तेज हो गयी है। इसकी तैयारी को लेकर शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार हैं। पार्टी चाहती है कि धनबाद विधानसभा के साथ जमशेदपुर पश्चिम, चतरा, छतरपुर



एवं लातेहार पर एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव जीत कर एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने में लोजपा (आर) की भागीदारी रहे।

प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि इसी को लेकर शुक्रवार को बिरेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की एवं प्रदेश से अड़तीस (38) उम्मीदवारों की सूची राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा। उन्होंने बताया कि मुलकात के दौरान इस पर चर्चा हुई कि झारखंड में लोजपा एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। गठबंधन नहीं होने की स्थिति में पार्टी अकेले ही चुनावी मैदान में उतरेगी। इसका निर्णय लेने के लिए प्रदेश नेतृत्व ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अधिकृत किया है। उमेश तिवारी ने बताया कि पार्टी झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर काफी गंभीर है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत पार्टी के जमुई सांसद सह झारखण्ड प्रभारी अरुण भारती एवं खगड़िया सांसद एवं सह प्रभारी राजेश वर्मा लगातार कैंप किए हुए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद लगातार दौरा एवं जनसभा कर रहे हैं। लोजपा की इच्छा है कि जिस तरह से लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड जीत दर्ज कर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने का काम लोजपा ने किया था, उसी तरह से झारखण्ड में होने वाले विधानसभा के चुनावों में भी जीत दर्ज कर एनडीए की सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उमेश तिवारी ने बताया कि पार्टी अपने प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान को गठबंधन के तहत धनबाद विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाना चाहती है। इसके साथ हीं बाकी के चार विधानसभा क्षेत्रों से भी उम्मीदवारों के नामों पर भाजपा अपना समर्थन देते हुए गठबंधन धर्म का पालन करे ताकि राज्य में डबल इंजन की सरकार बन पाये।

## पूजा सिंघल पीएमएलए की अदालत में हुई पेश

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल शुक्रवार को जेल से पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया, जहां पूजा सिंघल ने ईडी की छानबीन में जब्त वैसे दस्तावेज का अवलोकन किया, जो पुलिस पेपर में नहीं सौंपा गया था। चार्जशीट में सिर्फ जब्त दस्तावेज का जिक्र था। पूजा सिंघल ईडी द्वारा बरामद उसी दस्तावेज को देखने की अनुमति अदालत से मांगी थी, जिसे अदालत ने स्वीकार किया था। पूजा सिंघल, उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार और उनके वकील उस दस्तावेज का अवलोकन किया। मालूम हो कि पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में बंद है।

# पुलिस अधिकारियों को चुनावी ट्रेनिंग देकर शांतिपूर्ण विस चुनाव कराने का दिया टास्क

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव हर हाल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय सभागार में पुलिस अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**चुनाव प्रशिक्षण में ये रहे शामिल**

चुनाव प्रशिक्षण में झारखंड पुलिस के नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, राज्य सीएपीएफ के नोडल डीआईजी इंद्रजीत महथा, पुलिस हेडक्वार्टर के निर्वाचन सेल के डीआईजी धनंजय कुमार कुमार सिंह, रांची, हजारीबाग, चाईबासा, पलामू, बोकारो और दुमका प्रक्षेत्र के डीआईजी, सभी जिलों के एसएसपी और एसपी, जिलों के निर्वाचन प्रकोष्ठ के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक सहित मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी रहे।

**ट्रेनिंग से चुनाव कार्य में होगी आसानी : सीईओ**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के संचालन एवं प्रबंधन में पुलिस अधिकारी अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। जिस प्रकार प्रजाइडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर के लिए निर्वाचन संबंधी ट्रेनिंग कराई जाती है, उसी प्रकार निर्वाचन कार्य से जुड़े पुलिस के हर स्तर के अधिकारियों की ट्रेनिंग सुनिश्चित की जा रही है। इससे ड्यूटी के दौरान कर्तव्य के निर्वहन में स्पष्टता आएगी।

**प. बंगाल और तमिलनाडु के सीईओ ने दी ट्रेनिंग :** इस मौके पर पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरिज आफताब ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों का मूल्यांकन और क्रिटिकल विश्लेषण जरूर होना चाहिए। मतदान पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के पश्चात की अवधि के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर सजगता से कार्य करें।

**पुलिस अधिकारियों को दी अहम जानकारी :** तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सत्यव्रत साहू ने केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों की तैनाती की जरूरतों का आकलन, स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों से उनके समन्वयन और राज्य पुलिस बल के साथ उनकी तैनाती से संबंधित विषयों पर चर्चा की।

## प्रदेश कांग्रेस का चुनावी अभियान वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस का प्रथम चरण का चुनावी अभियान शुक्रवार से शुरू हो गया है। यह अभियान 7 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के पहले चरण में एक साथ राज्यभर के उन 33 विधानसभा सीटों पर यह अभियान शुरू होगा, जहां जहां 2019 विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उम्मीदवार खड़े किए थे या फिर दूसरे दलों के सिटिंग विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि यात्रा का लाभ पार्टी और महागठबंधन के सभी सहयोगियों को मिलेगा।

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू के नेतृत्व में बनीं टीम दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में बनीं दो अलग-अलग टीम उत्तरी छोटानागपुर में नेतृत्व करेगी। लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के नेतृत्व में बनी टीम रांची में, केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में बनी टीम कोल्हान में और विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव पलामू में चुनावी अभियान का नेतृत्व करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मतदाताओं को महागठबंधन की ओर करना और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश भरने में शुक्रवार से शुरू होने वाला अभियान का खासा प्रभावकारी होगा।

## शपथ पत्र

मैं मोसरत परवीन पति स्व. इम्तियाज आलम गोलपार रामगढ़ निवासी हूं। मैं घोषित करती हूं की मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अइशमा इम्तियाज पिता स्व. इम्तियाज आलम है। मिस्टेक के कारण मेरी पुत्री का नाम रामगढ़ पोस्ट ऑफिस में उसके खाता संख्या 3033320275 में एसिमा इम्तियाज माता मोसरत परवीन अंकित हो गया है। मैं शपथ पूर्वक यह कहती हूं की एसिमा इम्तियाज जगह अइशमा इम्तियाज जरूरत के लिए सही नाम माना जाए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची**

अतिअल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
टेन्डर रेफरेंन्स नं0-प0नि0वि0/राँची-26/2024-25
दिनांक :-01.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | रिनपास हॉस्पीटल कैम्पस अन्तर्गत पथों की कुल लम्बाई-11.402 कि0मी0 में राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य (Improvement of Riding Quality)कार्य वर्ष 2024-25. |
| 2. | प्राक्कलि राशि (रू0 लाख में) | रू0 358.24145 लाख (रूपये तीन करोड अंठावन लाख चौबिस हजार एक सौ पैतालीस) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 3.59 लाख (रूपये तीन लाख उनसठ हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 (चार) माह |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 07.10.2024 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय | 15.10.2024 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि/समय | 16.10.2024 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रॉची, मोहराबादी, रॉची-834008 |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651-2361018 |
| 10. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए *UCAN* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तो के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, रॉंची।

PR.NO.337923 Road Construction Dept Road Division Ranchi(24-25):D



**Dr. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
Ranchi, Jharkhand

Memo: DSPMU/G/922/24 Dated: 04.10.2024

**RECRUITMENT NOTICE**

Applications are invited from Govt. Servants retired from the Indian Account & Audit Services or any other Account Services of Government of India or from Officers of Jharkhand State Finance Service for the post of 1. Head Of Audit 2. Audit Officer for Dr. Shyama Prasad Mukherjee University.

Applicants are requested to submit the duly filled Application Form in the prescribed format. For detailed information, qualification and eligibility Criteria please visit University website: www.dspmuranchi.ac.in.

| | |
|---|---|
| Date of publishing the detailed Recruitment Advertisement in University website | 05.10.2024 |
| Last date of submission of Application Form | 05.11.2024 |

By the Order of Vice Chancellor

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi



e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Short Term e-Procurement Notice
Date – 04-10-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/43/2024-25 | Upgradation of Chamber No.-11 for Hon'ble Minister, Water Resource Department at Nepal House, Doranda, Ranchi | 9985400 | One Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 09-10-2024 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 16-10-2024 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 17-10-2024 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 7 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 338011 Building (24-25)_D



e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Short Term e-Procurement Notice
Date – 04-10-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/42/2024-25 | Renovation & Other Work of A.N.M. School and Hostel at Sadar Hospital Campus, Ranchi | 24684200 | Nine Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 09-10-2024 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 16-10-2024 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 17-10-2024 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 7 | Note : - Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR.NO.338009 Building(24-25):D


# भाजपा का कुनबा बढ़ाने में मास्टर साबित हो रहे हिमंता बिश्व सरमा

**शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, गीता कोड़ा, चंपई सोरेन, लोबिन हेम्ब्रम, निर्दलीय विधायक अमित यादव के बाद एनसीपी (अजीत) के विधायक कमलेश सिंह समेत तमाम पदाधिकारियों का भगवाकरण हो गया, चर्चा है कि जल्द ही कांग्रेस के दो विधायक भी भाजपा का दामन थामने के लिए बेताब हैं।**

**उदय चौहान**

**रांची।** विधानसभा चुनाव की आहट के पहले ही भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ने लगा है। असम के सीएम और भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिश्व सरमा के मास्टर स्ट्रोक से तमाम विपक्षी पार्टियां हलकान-परेशान हैं। हिमंता बिश्व सरमा की रणनीति के बल पर झामुमो के कद्दावर नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम को भगवाकरण किया जा सका। जानकार बताते हैं कि एनसीपी (अजीत) के विधायक कमलेश सिंह सहित पार्टी की पूरी ईकाई को भाजपा में शामिल करा लिया गया। शुक्रवार को पार्टी सूत्रों ने दावा किया कि शीघ्र ही राज्य के कुछ और प्रभावी नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिये हिमंता बिश्व सरमा की मौजूदगी में बाबूलाल मरांडी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पार्टी सूत्रों का दावा है कि इस बार विधानसभा चुनाव में क्लीन स्वीप के इरादे से पार्टी मैदान पर उतरने को बेताब है। इसी के लिये समाज के सभी तबके के मजबूत नेताओं को पार्टी में शामिल कराया जा रहा है।



चुनावी बिगुल बजने से पहले ही जोड़तोड़ की राजनीति शुरू हो चुकी है। इस खेल में भाजपा बाजी मारती नजर आ रही है। लोकसभा चुनाव के पूर्व शिबू सोरेन की बड़ी बहू व पूर्व विधायक सीता सोरेन, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जबसे हिमंता बिश्व सरमा पार्टी के चुनाव सह प्रभारी बने हैं तब से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में पूर्व विधायक नागेंद्र वर्मा, निर्दलीय विधायक अमित यादव के नाम भी शामिल हैं।

**विधानसभा चुनाव में क्या खिलेगा कमल !**

अब लोगों का सवाल यह है कि इन राजनीतिक घटनाओं का असर चुनाव परिणाम पर कैसा पड़ेगा? क्या भाजपा का बढ़ता कुनबा झामुमो को इस बार के चुनाव में धरसायी कर देगा। या फिर परिणाम लोकसभा चुनाव की तरह ही होंगे। भाजपा को राज्य के सुरक्षित सीटों पर कितना फायदा पहुंच पायेगा। 28 सुरक्षित सीटों में से अधिकांश पर भाजपा अपना परचम लहराना चाहती है। इस बार के चुनाव में झामुमो को संथाल में नुकसान उठाना पड़ सकता है। चंपाई सोरेन के भाजपा में आने से कोल्हान के अलावा संथाल में भी भाजपा का कमल खिल सकता है।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

शनिवार 05.10.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 168

epaper.khabarmantra.net



स्पीड न्यूज

## नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार, सजा सात को

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने ,उसके साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी बलियापुर निवासी मंगल दास को दोषी करार दिया है । अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 7 अक्टूबर 24 की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर बलियापुर थाने में 19 अप्रैल 24 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 19 अप्रैल 24 को पीड़िता बलियापुर बाजार गई थी कि आरोपी मंगल उसे बहला फुसला कर अपने साथ बोकारो ले गया आरोप था की काली मंदिर में मंगल ने उसके साथ शादी की पीड़िता ने कोर्ट को दिए बयान में आरोप लगाया की मंगल बीते 1 वर्षों से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था । अनुसंधान के बाद पुलिस ने 7 जून 24 को इस मामले में आरोप पत्र दायर किया था। चार जुलाई 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अभियोजन ने इस मामले में आठ गवाहों का परीक्षण कराया था।

## सांसद ढुल्लू महतो के मामले में आदेश सुरक्षित

**धनबाद।** नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने व ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन में बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो अदालत में शुक्रवार को हाजिर नहीं हुए। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने उभय पक्ष की बहस सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया है।

## पोस्ट मास्टर के खिलाफ सीबीआई ने सौंपा चार्ज सीट

**धनबाद ।** गिरिडीह जिले के बगोदर के पोस्ट मास्टर विपिन कुमार के विरुद्ध सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने शुक्रवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत मे आरोप पत्र दायर किया है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि दिनांक 10 मई 24 को सीबीआई ने जीडीएस मुंडरो के सब पोस्ट मास्टर अजय कुमार को तेरह हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा था। अजय ने पूछताछ में यह बताया था कि उसने पोस्ट मास्टर विपिन कुमार के कहने पर रिश्वत की रकम देवचंद कुमार एबीपीएम मुंडरो से लिया था। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि विपिन कुमार ने मुंडरो सब पोस्ट ऑफिस मे जांच पडताल की थी देवचंद के पक्ष में रिपोर्ट बनाने के एवज में विपिन ने 25 हजार रिश्वत की मांग की थी। इसके पूर्व सीबीआई ने अजय कुमार के विरुद्ध 2 जुलाई 24 को आरोप पत्र दायर किया था और इसे रिओपन करने की प्रार्थना की थी ।

## बैंक और ज्वैलरी दुकानों पर थाना ने चिपकाया रक्षक एप पोस्टर

**सिंदरी ।** आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली और महापर्व छठ को देखते हुए सिंदरी थाना क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से बैंकों के बाहर रक्षक एप पोस्टर चिपकाया गया। साथ ही शुक्रवार को सिंदरी के विभिन्न ज्वेलरी दुकानों के बाहर भी इस एप्लिकेशन के पोस्टर चिपकाए गए। सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर इसे चस्पां किया जा रहा है। यह एप पोस्टर पुलिस के बीट रुट का हिस्सा है।

# सीएम ने किया 8 लेन सड़क का उद्घाटन

### पूर्व मेयर ने राज्य सरकार के समारोह का किया बहिष्कार, अलग कार्यक्रम किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** विश्व बैंक की मदद से निर्मित राज्य की पहली 8 लेन सड़क का ऑनलाइन उद्घाटन शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। उद्घाटन के साथ ही यह सड़क एक बार फिर विवादो में आ गयी। राज्य के सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच सड़क निर्माण का श्रेय लेने की होड़ मच गई। शहर के विनोद बिहारी चौक पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का भाजपाइयों ने बहिष्कार किया और रंगाटांड़ में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया। पूर्व पार्षदों ने पूर्व मेयर का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। पूर्व मेयर ने कहा कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री राज्य की पहली आठ लेन सड़क का उद्घाटन कर रहे हैं, जो हर्ष का विषय है, लेकिन इस सड़क की नींव हमलोगों ने मिलकर रखी थी। उन्होंने बताया कि मटकुरिया-आरा मोड़ फ्लाईओवर में न तो राज्य सरकार का पैसा लग रहा है और न ही केंद्र सरकार का। इस फ्लाईओवर का निर्माण धनबाद नगर निगम अपने डीएमएफटी फंड से करेगा। इसकी नींव भी हमलोगों द्वारा ही रखी गई है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से बिनोद बिहारी चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसका लाइव प्रसारण भी किया गया। इसके बाद टुंडी विधायक, उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष कुमार ने नारियल फोड़कर 8 लेन सड़क आमजन को समर्पित किया। सड़क आम जन को समर्पित करते मौके पर उपस्थित लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो इस सड़क के चालू हो जाने से यातायात में लोगों को काफी सहुलियत होगी।



### तिलका मांझी के नाम पर होगी 8 लेन सड़क

टुंडी विधायक मथुरा महतो ने कहा कि आज पूरे धनबाद वासियों के लिए खुशी का दिन है। मुख्यमंत्री ने दो योजनांए धनबाद को दी हैं। तमाम बाधाओं के बाद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराया गया है। इस सड़क का नमकरण तिलका मांझी के नाम पर किया जायेगा। सड़क के उद्धघाटन के बाद यातायत व्यवस्था सुधरेगी। साथ ही मटकुरिया-आरा मोड़ फ्लाईओवर का निर्माण पूरा होंने के बाद बैंक मोड़ में जाम से निजात मिलेगी।

### श्रेय लेने की होड़ में भाजपा भी



### जिले की यातायात व्यवस्था होगी सुगम

उपायुक्त ने कहा कि कांको चौक- गोल बिल्डिंग तक 461.90 करोड़ रुपये से निर्मित 20 किलोमीटर लंबी 8 लेन सड़क का आज उद्घघाटन हुआ है। यह जिले के लोगों के सुगम यातायात के लिए बहुपयोगी साबित होगी। वहीं मटकुरिया से आरा मोड तक 256.54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 3.53 किलोमीटर फ्लाईओवर का आज शिलान्यास किया गया है। इसके बनने से शहरी क्षेत्र में ट्राफिक पर कम दबाव होगा। समारोह में मुख्यमंत्री ने रांची, जमशेदपुर और धनबाद जिले की 3260 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया है।

### वर्ष 2019 में रखी गई थी सड़क की नींव

विश्व बैंक की मदद से बनी इस 8 लेन सड़क की नींव वर्ष 2019 में रघुवर सरकार के कार्यकाल में रखी गई थी। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद इसके निर्माण में कई अड़चनें आईं।, कई बार काम भी बंद हुआ। इसलिए इस सड़क के बनने में 5 साल से अधिक वक्त लगा। मटकुरिया फ्लाईओवर का टेंडर इसके पूर्व पांच बार निकल चुका है। लेकिन किसी संवेदक की दिलचस्पी के अभाव में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को चार वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी बरमसिया निवासी गुड्डू पासवान उर्फ सुमित कुमार को धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने चार वर्ष की कैद एवं सात हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है । कोर्ट में पीड़िता के अलावे सभी गवाहों ने अभियोजन के कथन का समर्थन किया । पीड़िता के मां भी घटना का समर्थन करते हुए कहा था कि गुड्डू उसके घर में जबरन घुस गया था और उसके साथ गलत करने का प्रयास कर रहा था तो उसने गुड्डू के चंगुल से पीड़िता को बचाया था । प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर धनसार थाने में 9 मार्च 24 को दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता जब अपने घर से कॉलेज जाती थी तो गुड्डू पसवान उसके साथ छेड़खानी करता था । शादी करने की धमकी देता था घर पहुंच कर दरवाजा पीटने लगता था । 6 मार्च 24 को शाम 4:00 गुड्डू पीड़िता के घर में जबरन घुस गया और छेड़खानी करने लगा। अनुसंधान के बाद पुलिसन ने 6 मई 24 को गुड्डू के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 3 जून 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी।

# फ्लिप कार्ट एजेंट से लूट मामले का हुआ खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

### एक लाख 22 हजार नगद, देसी पिस्टल, जिंदा गोली व खोखा बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** झरिया-सिंदरी मुख्यमार्ग पर चासनाला मोड़ के निकट फ्लिप कार्ट एजेंट मुकुल मिश्रा को गोली मारकर लगभग 9 लाख रुपये लूट मामले का खुलासा हो गया है। जोरापोखर थाना में शुक्रवार को सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र राउत ने प्रेस वार्ता में कहा कि पाथरडीह कांड संख्या 16/24 में धीरज कुमार गुप्ता एवं गौतम धीवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसके पास से एक मोटरसाइकिल, दो एंड्राराइड मोबाइल, एक लाख 22 हजार नगद, देसी पिस्टल, जिंदा गोली व एक खोखा बरामद किया गया। डीएसपी ने बताया कि 15 सितंबर की सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर मुकुल मिश्रा पैसे कलेक्शन कर मोटरसाइकिल पर अपने घर सिंदरी जा रहे थे। तभी दो बाइक सवारों ने पीछा करते हुए चासनाला गेट के समीप उन्हें रुकवाया और गोली मारकर 9 लाख रुपये लूट लिये। वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र राउत के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। हालांकि डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने कमान संभाली। टीम में राजेश प्रकाश सिन्हा भी शामिल थे। टीम को गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध अपराधी बलियापुर कुसमाटांड़ की तरफ जा रहा है। तभी टीम ने दोनों को पकड़ लिया। अपराधियों ने अपना नाम धीरज कुमार गुप्ता बसरिया गोन्दुडीह, जबकि दूसरे ने अपना नाम गौतम धीवर गिरिडीह निवासी बताया। पूछताछ में दोनों ने घटना में संलिप्तता स्वीकार कर ली। अप्राथमिकी अभियुक्त अभिषेख कुमार मंडल एवं पिंटू कुमार पासवान से पुलिस पूछताछ कर रही है। एसआईटी टीम में सर्किल इंस्पेक्टर पंकज भूषण, संजय कुमार, पवन चन्द्र पाठक, सूरज रजक, अनिल मंडल,अजित कुमार, राजन कुमार झा,कुंदन कुमार सिंह आदि शामिल थे।



## कुमारधुबी स्टेशन के टिकट काउंटर पर दलालों ने महिला व युवक को पीटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के आरक्षण टिकट काउंटर पर शुक्रवार को टिकट दलालों ने एक महिला एवं युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित महिला संगीता देवी ने दलालों के खिलाफ चिरकुंडा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने शिकायत में कहा है कि उसने तत्काल टिकट लेने के लिए आरक्षण वाले काउंटर पर लिस्ट में एक नंबर में अपना नाम दर्ज कराया था। जब वह अपने भतीजा संकज कुमार के साथ शुक्रवार की सुबह पांच बजे आई, तो देखा कि टिकट दलालों द्वारा उनकी लिस्ट को फाड़कर दूसरी लिस्ट टांग दी गई है। विरोध किया तो दलालों ने उन्हें एवं उनके भतीजा को मारा-पीटा। चिरकुंडा पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में कुमारधुबी स्टेशन प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि इस घटना के बाद शनिवार से आरक्षण टिकट काउंटर में यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ की तैनाती की जाएगी। ज्ञात हो कि कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के आरक्षण टिकट काउंटर पर दलालों का कब्जा है। यह जानकारी स्थानीय पुलिस, रेलवे पुलिस सभी को है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने के कारण दलालों का मन इस तरह बढ़ा हुआ है कि वे किसी भी यात्री को कतार में खड़े तक नहीं होने देते हैं।



### विश्व मानक दिवस पर स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव आयोजित




**धनबाद।** विश्व मानक दिवस पर शुक्रवार को शहर के एक निजी होटल में स्टेक होल्डर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग संगठनों, हॉलमार्किंग केंद्रों और ज्वेलर्स ने भाग लिया। आर्थिक विकास में मानकीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। झारखंड उद्योग और व्यापार संघ के महासचिव राजीव शर्मा ने कहा कि मानकीकरण व्यवसाय के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद और सेवाओं पर भरोसा करने के लिए आवश्यक है। बीआईएस प्रमुख एसके वर्मा ने कॉन्क्लेव के उद्देश्य और विश्व मानक दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉन्क्लेव का उद्देश्य व्यापार, उद्योग और उपभोक्ता कल्याण पर मानकीकरण के प्रभाव के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। इसका समापन स्टेकहोल्डर्स के बीच मानकीकरण प्रथाओं को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

### धनबाद से कोल्हापुर के बीच चलने वाली ट्रेन का मैहर में होगा ठहराव

**धनबाद।** नवरात्रि में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने धनबाद से छत्रपति शाहूजी महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर तक चलने वाली ट्रेन का 4 से 14 अक्टूबर तक मैहर रेलवे स्टेशन पर ठहराव का निर्णय लिया है। कोल्हापुर से खुलने के बाद यह ट्रेन 4 से 11 अक्टूबर तक मैहर शाम 5:30 पर पहुंचेगी तथा 5:35 में प्रस्थान करेगी। धनबाद से खुलने के बाद यह ट्रेन 7 से 14 अक्टूबर तक मैहर दोपहर 3:25 बजे पहुचेगी तथा 3:30 में प्रस्थान करेगी। ज्ञात हो कि यह साप्ताहिक ट्रेन है, जो धनबाद से हर सोमवार को खुलती है। इस ट्रेन के ठहराव होने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

# आसनबनी के किसानों ने पारंपरिक हथियार के साथ की नारेबाजी

### लोक सुनवाई में अपर समाहर्ता ने समझाया, 178 रैयतों के भूमि अधिग्रहण का फायदा 500 लोगों को मिलेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** आसनबनी प्राथमिक विद्यालय में सेल के टासरा प्रोजेक्ट से विस्थापितों के लिए पुनर्वास कालोनी के निर्माण के लिए तैयार प्रारूप के तहत शुक्रवार को लोक सुनवाई की गई। अध्यक्षता धनबाद अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने की और आसनबनी के लोगों की समस्याएं सुनी। लोकसुनवाई में आसनबनी के कुछ किसान पारंपरिक हथियार के साथ तख्तियां लेकर नारेबाजी करते रहे। सुनवाई के बीच ग्रामीणों का आपसी तालमेल बिगड़ने के बाद प्रशासन की मध्यस्थता पर कार्रवाई आगे बढ़ पायी। मंच पर मौजूद जिला परिषद सदस्य उषा महतो ने कहा कि ग्रामीणों की आवाज उठाने के लिए कोई जनप्रतिनिधि उपस्थित नहीं है। भूमि दाताओं का मुआवजा, नियोजन और विकास की स्थिति प्रबंधन को स्पष्ट करनी चाहिए। भूमि दाता रैयतों और नहीं देनेवालों की लिस्ट न्यायालय से एफिडेविट के जरिये उपलब्ध कराना चाहिए। रैयत राहुल महतो सहित कुछ लोगों ने कहा कि मात्र 20 प्रतिशत भूमि दाताओं के अधिग्रहण से सेल की मंशा पूरी नहीं होगी। खतिहर जमीन कभी नहीं देंगे। हमें परेशान नहीं करें। सेल चासनाला व टासरा महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने कहा कि आर एन आर पॉलिसी के तहत भू अर्जन की सुविधा बताने प्रबंधन आया है। सेल और इसके एमडीओ केटीएमपीएल द्वारा सीएसआर के तहत जारी कौशल विकास, सड़क, पेयजल आपूर्ति, मेडिकल ऑन व्हील में सुधार के लिए ग्रामीण सुझाव दें। महिलाओं के सशक्तीकरण में आगे आएं। नर्सिंग ट्रेनिंग, आईटीआई कोर्स के लिए युवा आगे आएं। उन्होंने बताया कि दो एकड़ भूमि व नियोजन के साथ पांच लाख रुपये रैयतों को मुहैया कराई जाएंगे। अपर समाहर्ता सह आर एन आर प्रशासक विनोद कुमार ने कहा कि आसनबनी में 178 रैयतों की जमीन का अधिग्रहण करना है। कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। 178 रैयतों की भूमि के अधिग्रहण के बाद 500 लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। अधिग्रहित रैयतों के परिवार के वयस्क सदस्यों को पुनर्वासन का फायदा भी मिलेगा। पुनर्वासन के लिए चार गुना राशि रैयतों को उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय लोगों को नियोजन में 90 प्रतिशत प्राथमिकता दी जाएगी। स्वयं सक्षम लोगों को उनके समकक्ष नियोजन मिलेगा। साथ ही कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी।



### लोक सुनवाई में थे शामिल

लोक सुनवाई में जिला भूअर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको, केटीएमपीएल के महेश कोट्टा, मनीष रंजन, विजय शर्मा, वीरसिंहपुर पंचायत मुखिया रांगा किस्कू, बलियापुर प्रभारी अंचल निरीक्षक नेहा सिंह, सिंदरी सर्किल इंस्पेक्टर ज्योति प्रकाश कुजूर, बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती, विजय महतो, रतिलाल महतो, सतीश महतो, भक्तिपद पाल, भोलानाथ रजवार, सुनील माझी, गौतम महतो, अमृत महतो, राजेंद्र मोहली, सुनील महतो, गणेश महतो सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

एक नजर में

## गांवों के प्रतिभावान बच्चों को डीएवी में मिलेगा पढ़ने का अवसर : अशोक सिंह



**सिंदरी ।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी के नये प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उनका तबादला हजारीबाग के बरही से सिंदरी हुआ है। वहीं निवर्तमान प्राचार्य आशुतोष कुमार का तबादला डीएवी स्कूल बरही में किया गया है। निवर्तमान प्राचार्य ने सितंबर 2016 से सितंबर 2024 तक पदभार संभाला। उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। नये प्राचार्य ने कहा कि आसपास के गांवों के प्रतिभावान बच्चों को डीएवी स्कूल में पढ़ने का अवसर मिलेगा। विद्यालय में पठन पाठन के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा साप्ताहिक अभियान के अंतिम दिन नये प्राचार्य द्वारा एक पेड़ मां के नाम नारे के तहत वृक्षारोपण अभियान का समापन किया गया। इस अभियान के तहत कक्षा व विद्यालय स्वच्छता, प्रभातफेरी, स्वच्छता पर चर्चा, चित्रकला प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम किए गए।

## सिंदरी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा सप्ताह का आयोजन



सिंदरी। सिंदरी कॉलेज सिंदरी में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ के के पाठक के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 1 एवं 2 के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की सोशल साइंस के डीन डॉ सुनिता जायसवाल मौजूद थी। कार्यक्रम में बिनोद बिहारी चौक तक शांति मार्च किया गया। इसके बाद गांधीवादी दृष्टिकोण, स्वदेशी, स्वच्छता और अहिंसा विषय पर संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता डॉ मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि मारपीट ही हिंसा नहीं है, बल्कि किसी के हृदय को ठेस पहुंचाना भी हिंसा है। कार्यक्रम में एन एस एस अधिकारी डॉ नीतू गौरव, डॉ सनत कुमार आदि ने योगदान दिया।

## बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरित



**पुटकी।** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत झारखण्ड राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा करकेंद में कैम्प लगाकर बिजली बिल बकाया माफी का प्रमाण पत्र बांटा गया। एसडीओ सुजीत कुमार ने 177 उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र दिया। कैम्प सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक चला, जिसमें कई विवादों का भी निराकरण किया गया। एसडीओ ने बताया कि पूरे धनबाद सर्किल में 27 हजार उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ किया गया है। जिन उपभोक्ताओं का 31 अगस्त तक बिजली बिल दो सौ यूनिट प्रतिमाह से कम था, उनका बिल माफ किया गया। अब जिन भी उपभोक्ताओं का बिल दो सौ यूनिट से प्रतिमाह कम होगा, उनका बिल नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि जो ग्राहक बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र लेना चाहते हैं, कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर जेई जीवट कुमार गुप्ता, मो परवेज, मो कासिफ आदि मौजूद थे।

# महिलाओं के उत्थान के लिए कानूनी जागरुकता आवश्यक : न्यायाधीश

## निरसा ब्लॉक में हुआ विधान से समाधान कार्यक्रम




खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद ।** महिलाओं तथा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के उत्थान के लिए उनमें कानूनी जागरुकता का सर्वोपरि महत्व है । वे अपने कानूनी और अन्य अधिकारों, समाज में अपनी स्थिति और अपनी समस्याओं के समाधान के बारे में अनभिज्ञ हैं |इसी कारण राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से विधान से संविधान योजना चला रही है। जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न ब्लॉक मे महिलाओं को जागरूक बनाने का काम कर रही है। उक्त बातें शुक्रवार को निरसा ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कही। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं होगी और कानून को नहीं जानेगी तब तक वह विभिन्न तरीकों से प्रताड़ित होती रहेगी। उन्होंने बताया कि कुल पांच प्रखड़ों में नालसा के निर्देश पर यह कार्यक्रम फरवरी तक किया जाएगा कार्यक्रम में उपस्थित सहिया, साथियों को एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने दहेज प्रताड़ना, पोक्सो एक्ट , भारतीय न्याय संहिता में वर्णित विभिन्न प्रावधानों के विषय में बताया। किसी भी तरह की शिकायत नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 पर फोन कर अथवा डालसा को फोन कर दें। पैनल अधिवक्ता जया कुमारी ने कहा कि शिक्षा के बिना आप अपने अधिकार को प्राप्त नही कर सकते। मेडइएटर मीना सिन्हा ने कहा कि यदि महिला समाज मे अथवा अपने घर मे किसी भी प्रकार से प्रताड़ित हो रही है उसकी तुरंत सूचना पुलिस स्टेशन में जाकर अथवा टॉल फ्री नंबर 100 पर फोन कर दे। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के द्वारा नालसा, एनसी डब्लू के विभिन्न प्रोजेक्ट के विषय में बताया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, मेडियेटर मिना सिन्हा, पैनल अधिवक्ता जया कुमारी, अंचलाधिकारी रमेश रविदास,डालसा सहायक अरूण कुमार, राजेश सिंह समेत दर्जनों सहिया साथी उपस्थित थे।

## केएसजीएम कॉलेज, निरसा के प्रो रामेश्वर शुक्ला को दी गई भावभीनी विदाई



खबर मंत्र संवाददाता

**मैथन।** केएसजीएम कॉलेज, निरसा के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रामेश्वर प्रसाद शुक्ला को सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने कहा कि प्रोफेसर रामेश्वर प्रसाद शुक्ल ने 1988 में योगदान दिया था। 36 वर्षों तक उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ कॉलेज के उत्तरोत्तर विकास में अहम योगदान दिया। उनके पढ़ाए गए कई विद्यार्थी आज विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं। 30 सितंबर को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। उनकी विदाई करते हुए हम सभी को काफी पीड़ा हो रही है, परंतु जो सेवा में आया है, उसे एक दिन सेवा निवृत्त होना ही है। इससे पूर्व 1993 से 1996 तक उन्होंने बीएसके कॉलेज मैथन में अतिथि प्राध्यापक के रूप में भी कार्य किया था। हम सभी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर रामेश्वर प्रसाद शुक्ला ने कहा कि कॉलेज में 36 साल कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों का सदैव सहयोग मिला। आप सभी का सहयोग मुझे आगे भी मिलता रहेगा, ऐसा विश्वास है। समारोह में प्रोफेसर उदय शंकर सिंह, प्रोफेसर सपन कुमार लायक, पूर्ववर्ती छात्र विजय श्रीवास्तव, बृजेंद्र वर्मा, संजय सिंह, पूर्णेन्दु दत्ता, विकास सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### कतरास लायंस क्लब ने गोशाला परिसर में किया पौध रोपण

**कतरास।** लायंस क्लब ऑफ कतरास द्वारा गंगा गोशाला परिसर में शुक्रवार को पीपल, आम, नीम, कड़ी पत्ता के 35 पौधे रोपे गए। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय बांग्ला बालक कतरास में 65 बच्चों के बीच पेंसिल, रबर, कलम और चॉकलेट का वितरण किया गया। लायंस क्लब के सचिव डॉ स्वतंत्र कुमार, सर्विस चेयर पर्सन डॉ मधुमाला, क्लब के डायरेक्टर विष्णु चौरसिया और महेश अग्रवाल, बांग्ला विद्यालय के प्राचार्य युधिष्ठिर रजक आदि मौजूद थे।

### अंगारपथरा डिस्पेंसरी में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**कतरास।** कतरास क्षेत्र द्वारा अंगारपथरा डिस्पेंसरी में विजिलेंस अवेयरनेस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। 50 यूनिट ब्लड सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद भेजा गया।

### स्कूटर से अवैध बालू ढुलाई को लेकर दो लोगों के बीच खूनी संघर्ष

**मैथन।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के सुंदरनगर बालू घाट में शुक्रवार की सुबह अवैध बालू ढुलाई को लेकर सुंदर नगर निवासी संजय सिंह और शंभु बाउरी के बीच खूनी संघर्ष हो गया। संजय सिंह की हालत गंभीर बताई जाती है। दोनों को निरसा प्राथमिक केंद्र में उपचार के बाद धनबाद एसएनएमसीएच रेफर कर दिया गया है। एनजीटी लागू होने के बावजूद सुंदर नगर घाट से कैसे बालू की ढुलाई हो रही थी, यह जांच का विषय है। ग्रामीणों का कहना है कि बालू को लेकर अक्सर छोटे मोटे झगड़े होते थे। पर आज सुबह दोनों के बीच खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें संजय सिंह की गर्दन पर हथियार से बार किया गया। ग्रामीणो ने बताया कि दोनों स्कूटर से अवैध बालू बोरी में भरकर बेचता था। संजय का मोबाइल आज बंद रहने के कारण जहां माल गिराता था, वहां पर शम्भू ने बालू गिरा दिया, इसी बात पर मारपीट हुई।

### रेड क्रॉस के संयुक्त सचिव ने की किडनी के मरीज की आर्थिक मदद

**धनबाद।** भारतीय रेड क्रॉस समिति के संयुक्त सचिव दिलीप सिंह ने शुक्रवार को एसएनएमएमसीएच में भर्ती किडनी के मरीज की आर्थिक मदद की। साथ ही भविष्य में भी यथाशक्ति खड़े रहने का भरोसा दिया। मरीज के पिता मंसूर अंसारी ने बताया कि उनका बेटा चार महीने से इस बीमारी से जूझ रहा है। वे लोग दैनिक मजदूरी कर किसी तरह भरन-पोषण करते हैं। इस गंभीर बीमारी का इलाज कराने में पूरी तरह से असमर्थ हैं। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी मदद की गुहार लगाई है।

### गुरुनानक कॉलेज में बीबीए सेमेस्टर के छात्रों के लिए वैलकम मीट

**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज धनबाद के बी बी ए सेमेस्टर 1 के छात्रों के लिए वैलकम मीट शुक्रवार को एस जे एस ग्रेवाल ऑडिटोरियम, भूदा कैंपस में किया गया। गीत संगीत से भरे इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बी बी ए को-ऑर्डिनेटर संजय सिन्हा ने तनाव भरे माहौल एवं पढ़ाई के बढ़ते बोझ के बीच इस तरह के आयोजन को अति उपयोगी बताया। सेमेस्टर 2 एवं सेमेस्टर 4 के छात्र-छात्राओं द्वारा मंत्र मुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर के लिए आदित्य ठाकुर एवं मिसेज फ्रेशर के लिए रिया तिवारी का चुनाव किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो अमरजीत सिंह, कॉलेज के शिक्षक प्रो संतोष कुमार, प्रो दीपक कुमार, डॉ मीना मालखंडी, प्रो दलजीत सिंह, प्रो सोनू, डॉ वर्षा सिंह, प्रो अनुराधा, प्रो स्नेहल गोस्वामी, प्रो ममता के साथ-साथ शिक्षकेतर कर्मी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही।

# जदयू ने स्वास्थ्य विभाग का पुतला फूंक कर विधायक के खिलाफ की नारेबाजी




खबर मंत्र संवाददाता

**तोपचांची।** जदयू पार्टी ने शुक्रवार को प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का पुतला दहन किया। पार्टी के सभी कार्यकर्ता गोमो बिजली ओफिस से जुलूस की शक्ल में स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय विधायक के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए स्टेशन मोड़, शिव मंदिर के पास पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग का पुतला जलाया। लोगों को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। गोमो, तोपचांची जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र के जीतपुर और साहूबहियार पीएचसी में डॉक्टर और दवा की व्यवस्था नहीं है। पिछले दिनों पानी में डुबे गोमो, अंबेडकर नगर निवासी सोनू राज का निधन जीतपुर और साहूबहियार पीएचसी में डॉक्टर नहीं होने के कारण हो गया। करोड़ों की लागत से बने स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ शोभा की चीज हैं। स्थानीय विधायक को इससे कोई लेना-देना नहीं है।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

पुतला दहन में जदयू टुंडी विधानसभा चुनाव प्रभारी सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह,जदयू तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाण्डेय, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष अहमद रजा, दीपक महतो , बिंदु देवी,कमलेश मंडल, प्रकाश चंद्र मंडल, फुलचंद दास,तारा बाबू, प्रदीप सिंह, बैजनाथ ठाकुर,पंकज सिंह,प्रकाश मंडल ,अमित राम,महेंद्र दास, सपन दुबे , नियमुदिन, अरमान, सोनू आदि मौजूद थे।

# सीओ से मिल कर प्रधान सम्मान योजना जल्द चालू करने की मांग

**कुमारधुबी।** अन्य जिलों की तरह धनबाद जिला में भी मानकी मुंडा समाज के प्रधानों को राज्य सरकार की ओर से राशि का भुगतान करने व जिले के सभी प्रखंडों में सभी प्रधानों की सूची तैयार कर उनको लाभ पहुंचाने की मांग लेकर शुक्रवार को संथाल समाज के सचिव अनिल कुमार टुडू और झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश टुडू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमडल एग्यारकुंड सीओ से मिला। सचिव अनिल टुडू ने पत्रकारों को बताया कि अन्य जिलों में इस योजना के तहत सम्मान राशि देने का काम किया जा रहा है। गिरिडीह में भी दिया जा रहा है, लेकिन धनबाद जिला में इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संज्ञान में दिया गया। मुख्यमंत्री की पहल पर धनबाद के उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंड के बीडीओ और सीओ को पत्र जारी कर इस योजना के तहत सभी लाभों की सूची जल्द तैयार करने को कहा। अंचलाधिकारी ने आश्वस्त किया है कि सूची तैयार कर ली गई है। जिले में भेज कर जल्द ही सम्मान राशि का भुगतान किया जाएगा।



## एक नजर में

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाकपा माले ने किया समिति का गठन



**सिंदरी।** सिंदरी के छाताबाद पंचायत के मोदीडीह गांव में दिवंगत भाकपा माले नेता जनार्दन हरिजन की पुण्यतिथि मनाने के लिए शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता परसबनिया प्रभारी नकुल देव सिंह ने की तथा संचालन पार्टी के वरिष्ठ साथी एवं जिला कमेटी के सदस्य सुधीर महतो ने किया। बैठक में विधानसभा चुनाव में भाकपा माले की जीत की रणनीति पर चर्चा हुई। परसबनिया पंचायत के हर बूथ पर जीत सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। इसके लिए 25 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति जन गोलबंदी, आर्थिक गोलबंदी के लिए जन अभियान चलाएगी। बैठक में भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, राज्य कमेटी सदस्य सुरेश प्रसाद, राजीव मुखर्जी, मंगल महतो, बबलू महतो, विमल रवानी, रामलाल रवानी, साजन हरिजन, गोविंद हरिजन, मनोज रवानी, राजाराम रजक, राजू बाउरी, रमेश बाउरी, गौतम महतो, आसमान मरांडी, राजू हरिजन, वीरू हरिजन, राकेश रवानी, जगतू महतो, सीताराम महतो, गोपाल हरिजन आदि मौजूद थे।

### गोल्फ ग्राउंड में 15 जनवरी को होगा 101 जोड़ों का विवाह



धनबाद। सर्वधर्म सामुहिक विवाह समिति की बैठक शुक्रवार को मास्टरपाड़ा में हुई। बैठक में 15 जनवरी को शहर के रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउण्ड) में 101 जोड़ों का विवाह समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विवाह में शामिल होंने वाले जोड़ों का 9 अक्टूबर से पंडित डेकोरेटर्स में रजिस्ट्रेशन शुरू किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की पिछले 10 वर्षो से यह आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2025 में यह 11 वां आयोजन होगा। इसमें सभी धर्मो के लड़के एवं लड़कियों का उनके रीति रिवाज से विवाह कराया जाएगा। विवाह में शामिल होंने वाली लड़की की उम्र सीमा कम से कम 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र कम से कम 21 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यह विवाह बिल्कुल नि:शुल्क संपन्न होता है। किसी तरह का कोई भुगतान नहीं करना होता है। अध्यक्षता समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह ने की। बैठक मे महासचिव भरतजी भगत, उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद तिवारी, दिलीप सिंह, विक्रम सिंह आदि मौजूद थे।

### झामुमो नेता ने की शहर की स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने की मांग



**धनबाद।** दुर्गापूजा को लेकर झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने शुक्रवार को नगर आयुक्त रविराज शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दुर्गोत्सव शुरू हो चुका है। लेकिन शहर की ज्यादतार स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। साफ सफाई का काम भी ठीक से नहीं हो रहा है। ऐसे में श्रद्धालुओं को पूजा पंडाल तक पहुंचने में काफी कठिनाई होगी। उन्होंने वार्ड संख्या 1 से 55 तक खराब सभी स्ट्रीट लाइट जल्द से जल्द दरुस्त करने की मांग की। खराब सड़कों की मरम्मत कार्य को पूरा करने पर जोर दिया। इसके अलावा सफाई व्यवस्था में तेजी लाने की बात कही। नगर आयुक्त ने कहा कि लाइट की मरम्मत का काम चल रहा है। इसे पूजा से पहले ठीक करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा अन्य जो भी समस्या है, उसे चिन्हित कर जल्द से जल्द दूरुस्त किया जाएगा।

# सीबीआई जांच से खुलेगी अवैध कोयला कारोबारियों की कलई

## धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने हाईकोर्ट के आदेश पर जताई खुशी



### कोयला चोरी का मामला

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार सहित अफसरों के संरक्षण में कोयला के अवैध कारोबार की कलई खुलनेवाली है। हाईकोर्ट ने कोयला के अवैध कारोबार में अफसरों की भूमिका की जांच के आदेश दे दिये हैं। जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। हाईकोर्ट के आदेश से अवैध कारोबारियों और संरक्षण देने वाले अधिकारियों के बीच खलबली मची हुई है। जानकारों का कहना है कि सीबीआई अगर गहनता से जांच करे तो अफसरों सहित इलाके के कोयला माफियाओं की भी कलई खुल जाएगी। हाईकोर्ट द्वारा कोयला चोरी मामले में सीबीआई जांच के आदेश पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने भी खुशी जाहिर की है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में हाईकोर्ट के फैसले को नवरात्रि में माता का आशिर्वाद बताया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में सैकड़ों मजदूरों की जान चली गई। हेमंत सरकार के संरक्षण में अवैध कारोबार के खिलाफ आवाज उठाने पर उन्हें भी षड्यंत्र के तहत जेल भेजा गया था। अब सीबीआई की जांच में सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। संजीव कुमार के बाघमारा डीएसपी से एसएसपी तक के सफर में धनबाद में जम कर खनिज संपदा की लुट हुई है। कोर्ट के आदेश के बाद धनबाद की जनता में खुशी की लहर है। सभी भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार में जमकर कोयला, लोहा और बालू की लूट हो रही है। प्रेस वार्ता में भाजपा के संजीव अग्रवाल, नितिन भट्ट, संजय झा, मिल्टन पार्थ सारथी, बॉबी पांडेय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विधायक ने किया गुंगा नाला पुल निर्माण का शिलान्यास

खबर मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा।** ग्रामीणों में उत्साह और उमंग के बीच विधायक राजेश कच्छप ने शुक्रवार को हाहे राहे सड़क के पांचवें किलोमीटर पर बहुप्रतीक्षित गूंगा नाला में उच्च स्तरीय पूल का निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया । इससे पूर्व शुक्रवार को हीं मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन ने भी इस पूल का ऑन लाईन शिलान्यास किया। इस पूल का निर्माण की मांग काफी दिनों से ग्रामीण कर रहे थे। पिछले दो बार इस नाला पर पूल निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी लेकिन नही बन पाया था। इसबार विधायक राजेश कच्छप के अथक प्रयासों से झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार के द्वारा पूल निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। प्राधिकार के सहायक अभियन्ता कुलेश्वर साहु ने बताया कि पूल का निर्मण 112.11 करोड़ रुपये की लागत से होगा। इस मौके पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री कच्छप ने कहा कि आज का दिन प्रखंडवासियो के लिए ऐतेहासिक दिन है क्योंकि इस क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों की मांग आज पूरी हो रही है। कहा कि इस पूल के बन जाने से सैकड़ों गांव सीधे प्रखंड मुख्यालय से जूड़ जाएंगे और उनकी दूरी 15 से 20 किलोमीटर घट जाएगी । ग्रामीण इतने ज्यादा उत्साहित थे कि विधायक की आगवानी ढोल नगाड़े के साथ नाच गाकर और फूल माला पहना कर किया। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा पंसस मानकी फाल्गुनी शाही शीला देवी मदरा मुन्डा संज्योति देवी मुखिया हिरदु उरांव क्रिस्टीना कुजूर वरिष्ठ कांग्रेसी शिवदास गोस्वामी साकीर अन्सारी अचर्ना मिश्रा शहनाज खातुन दिनेश प्रमाणिक शफीकअन्सारी जितेन्द्र महतो युनुस अंसारी विश्राम महतो प्रखंड अध्यक्ष नारायण मुन्डा एतवा उरांव ज्योति मुंडा मौजूद थे।



# ग्रामीणों ने किया रैयती भूमि पर अवैध खनन का विरोध

## ट्रैक्टर, जेनरेटर सहित खुदाई के समान लेकर भागे कोल तस्कर के लठैत

- सीआईएसएफ कैंप और अंगार पथरा ओपी मार्ग से कुछ फासले पर खोला है मुहाना



खबर मंत्र संवाददाता

**कतरास।** अवैध खनन एवं कोयला चोरी की सीबीआई जांच के आदेश के बाद शुक्रवार को लिलटेन अंगा पथरा के रैयत कारवाई की मांग कोलेकर विरोध पर उतर आये। पहलेतो सिंडिकेट के लठैतों ने धमका कर रैयतों को खनन स्थल से खदेड़ने का प्रयास किया। लेकिन रैयत जब खनन नही करने देने पर अड़ गए तो गुर्गों नेअपने आका से फोन पर बात कराई। जबकि रैयत अपने निर्णय पर अडिग हो गए। स्थिति को देखतेहुए अवैध खनन कराने में लगे लोग जेनरेटर सहित अन्य सभी समान लेकर चलते बने। घटना दोपहर की है। दो घण्टे तक तनाव की स्थिति बनीरही लेकिन स्थानीय अंगारपथरा ओपी की पुलिस अंजान बनी रही। रैयतका कहना था कि सिंडिकेट को खाकी और प्रबन्धन का अनैतिक समर्थन मिला हुआ है। बीसीसीएल और पुलिस केअधिकारियों को कई माह पूर्व अवैध खनन के बारे में जानकारी देकर कारवाई की मांग की गयी थी। लेकिनकोई नतीजा नही आया। अंगारपथरा ओपी और सीआईएसफ कैंप मार्ग केबीच में लिलटेन अंगारपथरा है। जहां आवास से कुछ फासले पर खनन हो रहा है। रैयतों ने कहा कि यह उनकी अपनी निज भूमि है। जिसका उनके पास कागजात है। बता दें आवास से महज एक सौ गज की दूरी पर सड़क दोनों तरफ अंदर में खनन कार्य हो रहा थ। एक पक्के का कुआंनुमा मुहाना जबकि दूसरा मशीन से मुहाना खोलकर खनन हो रहा था। सिंडिकेट में पड़ोस इलाके के धंधेबाज शामिल हैं। जिनको सत्ताधारी दल के चर्चित नेता संरक्षण मिला हुआ है। सिंडिकेटका किंगपिन धनबाद का रहने वालाहै। विरोध प्रदर्शित करने वाले रैयतों में उमेश माहतो शामिल थे।

> किसी प्रकार की सूचना नही मिली है। शीघ्र जांच कर कारवाई की जायेगी।
> **मुरारी मोहन, पीओ, एकेडब्लूएमसी**

## मईया सम्मान योजना को लेकर भाजपा को आड़े हाथ ली कृषि मंत्री, कहा

# केंद्र सरकार राज्य का बकाया लौटाये, देंगे दोगुना राशि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा चलाया गया। जिसमें खाली कुर्सी को भाषण सुनाया गया। वही मंईयां सम्मान यात्रा में जहां भी जा रहे हैं, बहुत उत्साहित होकर ग्रामीण आ रहे हैं। महिलाओं में काफी खुशी है की पहली बार उनकी आर्थिक सशक्तिकरण की शुरूआत हुई है। उक्त बातें कोर्ट में पेशी के दौरान कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को हर चौक चौराहे पर प्यार और सम्मान मिल रहा है। इसके लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मंत्री श्रीमति पांडेय ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में जब मंईयां सम्मान योजना शुरू हुई, तो भाजपा वाले कोर्ट में केस करवाते हैं, लेकिन जब जम्मू और कश्मीर में वोट मांगने जाते हैं, तो वहां मां सम्मान योजना की घोषणा करते हैं, या फिर बोलते हैं कि दो सिलेंडर देंगे वह भी ईद के मौके पर। मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार महिलाओं को 15 सौ प्रति महीना दे रही है। कर्नाटक में भी महालक्ष्मी योजना के तहत 2 हजार दिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिया कि झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड रुपया केंद्र सरकार के पास बकाया है। न्यायालय से लड़कर ही सही जब वह राशि लेकर आएंगे तो मंईयां सम्मान योजना की राशि को दोगुना करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को रुपया मिल रहा है, वह घरेलू महिला है। अपने बच्चे, परिवार और बुजुर्गों की देखरेख करती है। शिक्षित होने के बावजूद घर संभाल रही है। इन महिलाओं के श्रम का आंकलन आज तक नहीं हुआ है। महिलाओं का योगदान सिर्फ परिवार ही नहीं एक अच्छा समाज, एक अच्छा देश कैसे बने इसके लिए होता है। इन प्रयासों को सराहने का प्रयास आज तक नहीं हुआ। ऐसी महिलाओं का आर्थिक आंकलन अगर अब तक नहीं हुआ है तो अब जरूर होनी चाहिए।

# एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेते मुखिया पति को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** अबुआ आवास योजना के लाभुक से रिश्वत लेने के आरोप में नावाडीह प्रखंड के चपरी पंचायत के मुखिया पति सुंदर महतो को एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) धनबाद की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई, जब सुंदर महतो को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।

चपरी पंचायत के नवाटांड़ ग्राम की निवासी धुजा सिंह की पत्नी को अबुआ आवास योजना का लाभ मिला था। इस योजना के तहत मिले आवास की पहली किस्त के भुगतान के बाद, मुखिया पति सुंदर महतो ने आवास योजना के तहत घर बनवाने के बदले तीस हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। जब लाभुक से बार-बार पैसे की मांग की गई और उस पर दबाव डाला गया, तो विवश होकर लाभुक ने एसीबी धनबाद से संपर्क किया। लाभुक की शिकायत के बाद, एसीबी धनबाद की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और बैंक ऑफ इंडिया के परिसर में मुखिया पति को दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। सुंदर महतो को तुरंत गिरफ्तार कर धनबाद ले जाया गया। घटना के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। क्षेत्र के लोग अब भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं और प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं। पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार की घटनाओं पर भी अब गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

**पंचायत प्रतिनिधियों में हड़कंप**

इस गिरफ्तारी के बाद नावाडीह क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों में हड़कंप मच गया है। इस घटना से क्षेत्र के अन्य पंचायत प्रतिनिधियों पर भी निगरानी बढ़ने की आशंका है, क्योंकि भ्रष्टाचार के आरोपों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

**एसीबी की सख्ती**

धनबाद एसीबी की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि राज्य में भ्रष्टाचार के मामलों पर सख्त नजर रखी जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर एक नजर में

### फ्यूजन द्वारा गरबा और डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां



**बोकारो।** शारदीय नवरात्रि के सुअवसर पर चास स्थित प्रभात होटल में फ्यूजन मित्र सुम्मी सलूजा श्वेता पिंकी विधि निभा विनीता कविता प्रीति मधुबाला जसविंदर बबीता एवं सिल्की की ओर से गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। फ्यूजन की सभी महिला मित्रों ने कहा नवरात्रि के मौके पर सभी जगह गरबा और डांडिया का आयोजन किया जाता है लोग डांडिया खेलते हैं और गरबा करते हैं । इसे माता की आराधना से जुड़े खास उत्सव की तरह मनाया जाता है। सभी ने मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया। देर रात तक महिलाएं डांडिया के जश्न में डूबी रहीं। महिलाओं के साथ बच्चे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सब ने नृत्य किया । उन्होंने विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। महिलाओं के बीच प्रतियोगिता भी कराई गई।

### नए एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने गोड्डा मुख्यालय मे अपना योगदान दिया



**गोड्डा।** नये एसडीपीओ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर अशोक प्रियदर्शी ने आज अपना योगदान दिया। ज्ञातब्य है कि पुराने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जे पी एन चौधरी का गोड्डा से तबादला कर दिया गया। बहुत कम समय के कार्यकाल मे ही एसडीपीओ श्री चौधरी का तबादला होना आश्चर्य का विषय बना, लेकिन सरकार का फैसला ही आखिरी फैसला होता है उन्होंने अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं किया था।

### तुपकाडीह दुर्गा धाम में भगवती का पट खुलते ही श्रद्धालु उमड़ पड़े



**बोकारो।** तुपकाडीह स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर में नवरात्र के उपलक्ष्य में मां दुर्गा की मूर्ति का पट खुलते ही दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया। यहां अब नवमी तिथि तक रोज एक एक मूर्ति का पट खुलेगा। वैष्णवी स्थल दुर्गा धाम के अध्यक्ष राजू महतो ने बताया कि यह मंदिर जिले का पहला मंदिर है जहां मां भगवती सरस्वती लखी गणेश और कार्तिकेय की संगमरमरी प्रतिमा स्थापित है। आस्था के इस केंद्र में मिट्टी की मूर्तियां आकर्षण का जयघोष करती हैं। पुरोहित विजय पांडेय और पुजारी विकास पांडेय सार्वजनिक पूजन का अनुष्ठान संपन्न कराते हैं। बताते चलें कि यहां वर्ष 1983 से दुर्गोत्सव मनाया जाता है।

### विधायक ने 11 करोड़ की लागत से बनने वाले छह योजनाओं का किया शिलान्यास

**हंसडीहा।** करीब 11 करोड़ की लागत से बनने वाले छह विभिन्न योजनाओं को शुक्रवार को स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने शिलान्यास किया। इस दौरान लोगों से विधायक ने कहा की आज जो विकास की गति देख रहें है वो वर्तमान सरकार की देन है। पहले गाँव के लोगों को कीचड़ में चलना पड़ता था लेकिन अब प्रखंड के गाँव गाँव पक्की सड़क है। किसानों को सिंचाई के पानी के अभाव में अब सोचना नहीं पड़ रहा है। विधायक ने जिन योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें हथगढ़ जोरिया में 82 लाख का चेकडेम, नेशनल हाईवे 133 से धनवे होते हुए बेहराडीह तक 3 करोड़ 77 लाख से सड़क निर्माण। 2 करोड़ 2 लाख से जौकी का पूर्ण निर्माण। मुख्य सड़क से बभनखेता तक 2 करोड़ 88 लाख से सड़क निर्माण। मुख्य सड़क से धनवे तक 1 करोड़ 44 लाख से सड़क मरम्मती व बेहराडीह में 3 लाख 77 हजार रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन शामिल है। इस दौरान लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता शिवमंगल मुर्मू, कनीय अभियंता अजय बैठा, आर्यो के सहायक अभियंता समशेर बहादुर सिंह, कार्यकारी संवेदक, दीपक कुमार, बिनोद यादव, मुकेश कुमार, नीरज मंडल, निर्मल मंडल, बॉबी मंडल, शलेन्द्र मंडल, कैलाश राउत, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## बेरमो विधायक ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# क्षेत्र में विकास करने के लिए प्रयासरत हूं और आगे भी करता रहूंगा: जयमंगल सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने बेरमो विधानसभा क्षेत्र के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत चांपी पंचायत के अम्बाटोला फुटबॉल ग्राउंड और कथारा केप्टिव पावर प्लांट के बीच दामोदर नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु मद से उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास बुधवार को विधिवत रूप से किया। जहां सर्वप्रथम पूजा अर्चना की गई उसके उपरांत बेरमो विधायक के हाथों शिलान्यास किया गया। माननीय विधायक जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पुल बन जाने से यहां के लोगो को अवगमन की सुविधा होगी और विकास होगा आगे बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने चांपी पंचायत में अपने द्वारा किए विकास कार्य की उपलब्धियों को गिनाया साथ ही साथ ही झारखंड राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास कार्य की उपलब्धियों को भी लोगों को बलाया। और राज्य की महिलाओं को सशक्त बनाने में किए कार्य और मंईयां सम्मान योजना पर भी हर्ष जतायाऔर आगे कहा माननीय हेमंत सोरेन जी ने गुरूजी के नाम और संस्कार के साथ साथ झारखंड की विकास को प्रमुखता के साथ किया। और कहा मैं ने जो चांपी पंचायत के लोगों से वादा किया था उसे पूरा किया। इतना ही नहीं बेरमो विधानसभा क्षेत्र में विकास को सुनिश्चित करने को लेकर सदैव तत्पर रहा हूं और अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए निरंतर बेरमो की खुशहाली और विकास के लिए प्रयास जारी रखा। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय पुल 14करोड 90लाख की लागत से निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा। मौके पर चांपी पंचायत की मुखिया रीता देवी, जिला परिषद माला कुमारी, सीताराम मूर्मू, पूर्व मुखिया राम हेम्ब्रम, आनंद मूर्मू बापी सरकार सहित गोपीनंद मूर्मू, युवा नेता विजय महतो, वार्ड सदस्य बिंदेश्वर मूर्मू, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष सीताराम मूर्मू, नारायण यादव, बेरमो विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू, खेतको पंचायत मुखिया शब्बीर अंसारी, कारू इरशाद सहित सैकड़ों उपस्थित थे।

## अग्रवाल कल्याण महासभा ने किया अग्रसेन जयंती का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के तत्वावधान में बोकारो के अग्रसेन भवन में महाराजा श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सुधीर अग्रवाल चितरंजन अग्रवाल मानिक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा में पुष्पार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन सुशांत राईका ने किया। अपने उद्बोधन में श्री अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल एक प्रतापी राजा ही नहीं बल्कि क्षमता और रमता की प्रतिमूर्ति थे। भगवान श्री राम की 34 में पीढ़ी यानी द्वापर युग के अंतिम काल में अग्रसेन जी का जन्म हुआ था। कुल के पितामह महाराजा अग्रसेन जी महाराज के द्वारा बताया मार्गों पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अजय अग्रवाल नंदकिशोर जी दीपक बंसल प्रवीण अग्रवाल नीतीश अग्रवाल अमर अग्रवाल मनोहर अग्रवाल विजय अग्रवाल जुगनू अग्रवाल केशव प्रसाद विनीत अग्रवाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### कोनार नदी से 60 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद



**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के बोड़िया बस्ती मैग्जीन स्थित कोनार नदी में एक व्यक्ति की शव होने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा थाना को दी गई,सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को नदी से निकालकर, मृतक के जांच पड़ताल में जुट गए, मृतक कहां का है यहां कैसे पहुंचा इसकी पड़ताल की जा रही है। घटना स्थल पर स्थानीय मुखिया कामेश्वर महतो, विकास सिंह उर्फ बब्लू स्थानीय ग्रामीण के अलावा थाना के ए एस आई अजीत कुमार, दीपक पासवान, बैजून मरांडी सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## रविंद्र पांडे का के बी कॉलेज में आगमन



**बेरमो।** शुक्रवार को गिरिडीह लोक सभा के पुर्व सांसद रविंद्र पांडे का आगमन के बी कॉलेज बेरमो हुआ। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में छात्र छात्राओं की उपस्थिति में उन्होने अपने संबोधन दिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने स्वागत भाषण से किया। मौके पर श्री पांडे ने कॉलेज की समस्याओं को छात्र छात्राओं की अभिव्यक्ति से सुना और यह विश्वास दिलाया कि कॉलेज की सभी समस्याओं का निराकरण मेरे स्तर से होंगे। छात्राओं के लिए बस की सुविधा, कैंटीन आदि की सुविधा, पानी की सुविधा, पुस्तकालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किताबें सभी सुविधाएं जल्द उपलब्ध करवाएंगे। उन्होने कहा प्राचार्य से इस संबंध में लिखित मांग किया हूं। जल्द ही सभी समस्याओं का निराकरण मेरे स्तर से होंगे। धन्यवाद ज्ञापन का कार्य प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने किया। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडे, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार तिवारी, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डॉ अरुण कुमार रॉय महतो, डॉ साजन भारती, डॉ प्रभाकर कुमार, डॉ वासुदेव प्रजापति, डॉ व्यास कुमार, डॉ अरुण रंजन, प्रो अमीत कुमार रवि, प्रो विपुल कुमार पांडे, डॉ व्यास कुमार, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, प्रो सुनीता कुमारी, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, मो साजिद, रवि यादविन्दु, शिव चन्द्र झा, बालेश्वर यादव समेत कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों समेत छात्र छात्राएं की उपस्थिति रही।

# पंचायती राज में फंड होता तो तेजी से होता सुदुरू गांव का विकास : खुशबू

**जिला परिषद खुशबू ने दो योजना का किया शिलान्यास**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के उपरघाट क्षेत्र संख्या -8 के जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने जिला परिषद बोकारो के फंड से अपने क्षेत्र के नारायणपुर पंचायत के ग्राम लहिया इस्थित उपरेला बांध में छठ घाट निर्माण एवं काछो पंचायत के ग्राम बुडगड़ा शिव मंदिर के सामने मोटर युक्त सोलर टंकी का निर्माण का शिलान्यास किए इस अवसर पर कुमारी खुशबू महतो ने कहा कि झारखंड के पंचायती राज में अधिक फंड होता और पंचायत प्रतिनिधियों को मिलता तो सुदूरू गांव की तेजी से विकास होता राज्य सरकार पंचायत चुनाव कराने के बाद मौन धारण कर लेती है इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य टिकैत कुमार महतो काछो मुखिया जलेश्वरी देवी नारायणपुर पंचायत समिति कालेश्वर महतो मुखिया प्रतिनिधि भेखलाल महतो काछो उपमुखिया लोचन महतो कपीलदेव महतो टेकोचंद महतो गणपत महतो दिनेश कुमार मुकेश नायक मनीषा कुमारी जयंती देवी सुनीता देवी प्रलाद महतो कैलाश महतो आदि लोग उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।**

-: आवश्यक सूचना :-

लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ (वर्त्तमान थाना बारियातु) थाना काण्ड संख्या 203/2020, दिनांक 15.10.2020, धारा 385/386/387 भा0द0वि0 के अभियुक्त के विरूद्व विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूद्व इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतू प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्र0 स0 | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 01 | धर्मवीर साव उर्फ शिवाजी साव पे0 सुखचंद साव सा0 ओरिया, थाना मुफ्फसिल, जिला हजारीबाग। |

PR 337928 Police(24-25)D — पुलिस अधीक्षक,लातेहार।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 14/2024–25

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.10.2024 के 1.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 15.10.2024 के 3.00 बजे अपराह्न तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.10.2024 के 3.30 बजे अपराह्न तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 राँची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंडल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत केचकी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बखोरीकेरा का चाहरदिवारी निर्माण। | 33,74,900 /- | 68,000/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत मारंगलोईया में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जिलांग में लाईब्रेरी का निर्माण। | 29,51,300 /- | 59,500/ - | 5,000/ - | 03 (Three )Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत छेंचा में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, अमाही का चाहरदिवारी निर्माण। | 23,19,200 /- | 46,500/ - | 5,000/ | 03 (Three ) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बालूमाथ में राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय, बालूमाथ में तीन शौचालय निर्माण। | 22,34,400 /- | 45,000/ - | 5,000/ | 03 (Three ) Months |
| 5 | Construction of Care Taker Room at Jalta, Gowsala at Latehar | 16,29,600 /- | 33,000/ - | 5,000/ | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 337980 Building(24-25).D — कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची**

पत्रांकः– अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक–

अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–19/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 56/2024-25 | बुढ़मू | छोटकामुरू स्व0 महेश महतो के घर से बड़कामुरू फुलेश्वर साहु के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.895 कि0मी0)। | 264749 00.00 | दो करोड़ चौसठ लाख चौहत्तर हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 57/2024-25 | बुढ़मू | भाट बोड़ेया स्कूल मोड़ ये सोबा नदी भाया बसरी तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.425 कि0मी0)। | 135949 00.00 | एक करोड़ पैंतीस लाख चौरानबे हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/RANCHI/ 58/2024-25 | बुढ़मू | कोठा मेन रोड खुटेर स्कूल से कोयजाम स्कूल तक पथ निर्माण कार्य (लं0–3.435 कि0मी0) | 331352 00.00 | तीन करोड़ एकतीस लाख पैंतीस हजार दो सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/RANCHI/ 59/2024-25 | बुढ़मू | कोठा से उलातु भाया सलपाटन तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2 .105 कि0मी0) | 211328 00.00 | दो करोड़ ग्यारह लाख बत्तीस हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–07.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–17.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–19.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 338033 REO(24-25)D — कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉची

**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–20/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 01.10.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Quarantine Centre for Cow/ Goat Shed at Jalta, Latehar | 90,40,000 /- | 09 (Nine) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत सासंग में परियोजना +2 उच्च विद्यालय, सासंग का 4 ACR भवन का निर्माण। | 57,29,200 /- | 04 (Four) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बालूमाथ में राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, बालूमाथ का 4 ACR भवन का निर्माण। | 57,29,200 /- | 04 (Four) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत चन्दवा में राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तुरीसोत का 3 ACR भवन का निर्माण। | 50,96,100 /- | 04 (Four) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बालू में राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बालू का 3 ACR भवन का निर्माण। | 50,96,100 /- | 04 (Four) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09/10/2024 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 21/10/2024 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 22/10/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

PR 337986 Building(24-25).D — कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

खबर मन्त्र

रांची. शनिवार. 05 अक्टूबर 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# जेल में भेदभाव

एससी ने जेलों में जातिगत भेदभाव के साथ श्रम विभाजन पर रोक लगाने के लिये सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत प्रभाव से जेल मैन्युअल में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने इसे संविधान के आर्टिकल 15 का सरासर उल्लंघन बतलाया है। कोर्ट ने कहा कि रसोई व सफाई का काम जाति के आधार पर बांटा जाना अनुचित है। दरअसल, एक महिला पत्रकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जेल नियमावली जाति के आधार पर कामों के बंटवारे में भेदभाव करती है। खाना बनाने का काम ऊंची जाति के लोगों को देना व सफाई का काम निचली जातियों के कैदियों को देना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। जो जेलों में जातिगत भेदभाव को बढ़ाता है। कोर्ट का कहना था कि जाति के आधार पर कामों का बंटवारा औपनिवेशक सोच का पर्याय है, जिसे स्वतंत्र भारत में जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि स्पष्ट है जेल नियमावली साफ तौर पर भेदभाव करती है। कोर्ट ने खरी-खरी सुनाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के जेल मैन्युअल में तुरंत बदलाव करने को कहा है। साथ ही राज्यों को इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। दरअसल एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था। उनका कहना था कि देश के 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ यह भेदभाव हो रहा है। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीन महीनों में नियमों में बदलाव करने को कहा है।




**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**वृष :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8

**मिथुन :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-4-5-7

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अ'छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। शुभांक-3-5-7

**धनु :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-&-6-9

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5

## कार्टून वर्ल्ड




# झारखंड में राजनीति की बड़ी लकीर खिंचती विधायक कल्पना सोरेन





**- रानी राज**

> राजनीति में कैरियर बनाने में कई चुनौतियां हैं खासकर एक महिला का जिसके सामाजिक मुद्दों,अपनी तकलीफों पर बोलने मात्र से कितने लांछनों का सामना करना पड़ता है। लोकसभा में 33 प्रतिशत कोटा आरक्षित किए जाने के बावजूद मात्र 13.6 प्रतिशत महिलाएं ही संसद भवन पहुंच पाईं। 1957 से देखा जाए तो लगातार भागीदारी में बढ़ोतरी का ये प्रतिशत बहुत धीमा है।

झारखंड के राजनीतिक पटल पर महिला हिस्सेदारी हमेशा कम ही रही है, मगर जनता ने उसे खूब चाहा है लेकिन दूसरी ओर राजनेताओं के आंख की किरकिरी भी बनी रही है। झारखंड की राजनीति में महिला हिस्सेदारी का संबंध महज चुनावी हार जीत से नहीं है बल्कि आधी आबादी के समाज मे हिस्सेदारी से भी है। झारखंड आदिवासी राज्य होने के कारण स्त्री पुरुष समानता में अधिक सहज है। तब भी 21वीं सदी में भी घर की दहलीज लांघना ही एक चुनौती है। ऐसे समय मे एक महिला का अचानक झारखंड की राजनीति का केंद्र बिंदु बन जाना कोई साधारण बात नही है। सबसे बड़ी बात है कि विपरीत स्थितियों का सामना करते हुए कल्पना सोरेन ने राजनीति में प्रवेश ही नहीं किया उन्होंने गांडेय की सीट जीतकर एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया। जिस धर्य का परिचय उन्होंने दिया और अपने पति और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक घेरावंदी के कारण जेल भेज जाने के बाद न पूरे परिवार को संभाला बल्कि राजनीति में अपनी सक्रियता दिखाकर अपने को स्थापित कर दिया।

एक 40 वर्षीय महिला झारखंड की राजनीति में अचानक सूर्य की तरह उदित हुई हो गई हैं। इनकी कहानी भी सूर्योदय की तरह है। काली घनी रात के संकटो में जब पति को जेल भेज दिया तब अपने पति के स्वाभिमान की रक्षा के लिए महिला ने बिजनेस से आगे राजनीति की टेढ़ी- मेड़ी पगडड़ियों में अपने पैर जमा दिए और आज वो कार की बोनट तक पहुंच गई हैं। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा के तहत कांड्रा में प्रस्तावित रोड शो कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान विधायक कल्पना सोरेन अपने कार के बोनट से उत्साहित लोगों को संबोधित किया उनसे मिली। यह आत्विश्वास साधारण नहीं है झारखण्ड की राजनीति में अजूबा भी है,आमलोगों से जुड़ने का एक करिश्माई तरीका। इसका प्रयोग हाल के दिनों में नए उभरते जननेता जयराम महतो कर ही रहे हैं मगर एक महिला के द्वारा इसका प्रयोग आश्च्रयजनक है। साधारणतया आदिवासी महिलाएं साहसी तो होती हैं मगर संकोची भी बहुत होती हैं , किन्तु कल्पना सोरेन कई रूढ़ी मापदंडों को तोड़कर आगे निकली हैं। इन्होने उन वर्जनाओं को तोडा है जो आदिवासी महिलाओ के माथे चिपका दी जाती है। आज भी अधिकांश लोगों की दिमागी धारणा है राजनीति माने भ्रष्टाचार,चोरी,बेइमानी,शैतानी और शोषण आदि और ऐसे में एक युवा महिला का राजनीति में पैर जमाना ही काबिले तारीफ है। यह भी नहीं झुठलाया जा सकता कि महिलाओं का शारीरिक शोषण हर क्षेत्र में होता है वैसे में राजनीतिक में एक स्त्री का पांव रखना वाकई साहस का ही काम है,चाहे वो कल्पना हों या कोई अन्य। झारखंड जैसे प्रदेश में जो आदिवासी बहुल भी है और आज 21वी शताब्दी में भी इन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है वहां इस महिला का मुख्यमंत्री पद की दावेदारी बहुत बड़ी बात है। राजनीति में कैरियर बनाने में कई चुनौतियां हैं खासकर एक महिला का जिसके सामाजिक मुद्दों,अपनी तकलीफों पर बोलने मात्र से कितने लांछनों का सामना करना पड़ता है। लोकसभा में 33% कोटा आरक्षित किए जाने के बावजूद मात्र 13.6% महिलाएं ही संसद भवन पहुंच पाईं। 1957 से देखा जाए तो लगातार भागीदारी में बढ़ोतरी का ये प्रतिशत बहुत धीमा है।आज पुरुष और महिला वोटरों की संख्या लगभग बराबर है फिर भी संसद में भागीदारी का प्रतिशत बनिस्पत कम है।

कल्पना सोरेन मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग की छात्र से एक सफल गृहणी और बिजनेस वुमन का रास्ता तय करती झारखंड की राजनीति में छा गई हैं। उनका शौक पढ़ाई लिखित तक सीमित था और वे एक बच्चों की स्कूल का सफल संचालन करती थी। लेकिन जब उनके परिवार और उनकी पार्टी को आवश्यकता हुई तो वे तुरंत राजनीति में कूद ही नहीं पड़ी उन्होंने पार्टी को एक बड़ा आत्मविश्वास दिया। मैंने झारखंड में ही जन्म लिया और यही पली बढ़ा। मैं जानती हूं कि वो झारखंड के नब्ज को समझती हैं। पति हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उन्होंने जेएमएम की कमान सिर्फ संभाली नहीं बल्कि पार्टी को मजबूती भी दीं और आज अपने पति से अधिक प्रसिद्ध हो गई है। उनको देखने के लिए झारखंडी जनता का हुजूम उमड़ रहा है। गांवों से शहरो तक उनके मुख्यमंत्री बनाये जाने की चर्चा छिड़ गई है। एक महिला का इतना प्रसिद्ध होना झारखंड की राजनीति में नया है।

झारखंड में महिलाओ का राजनीति में आगमन नया नहीं है,आजादी के समय हजारीबाग की सरस्वती देवी या आजादी के बाद एंजलीना तिग्गा , कमला कुमारी , शशांक मंजरी देवी आदि कई नाम है मगर एक आदिवासी महिला का यह रूप पुरुष वर्चस्व वाले राजनीतिक मंच में चुनौती पेश कर रही है ,यह नया है।

कल्पना सोरेन के इस सफलता के पीछे उनके मृदु भाषी , मिलनसार आचरण , सूझ - बूझ,शिक्षा और लम्बे बिजनेस कायार्नुभव का भी योगदान है। झारखंड की जनता में वे आज सबसे अधिक प्रसिद्ध हैं। उनकी सभाओ में खूब भीड़ जुट रही है और उन्हें सुना जा रहा है।

भविष्य के अंधरे में क्या छिपा है कोई नहीं जानता मगर झारखंड की जनता के रुख ने झारखंड में महिला मुख्यम्नत्री का रास्ता साफ कर दिया है।स्त्रियों के सुंदर सकल और मासूमियत माने सिर्फ रील्स और पुरुषों के मनभावन का साधन नहीं ,उनमें भी देश गढ़ने की साहसी कल्पना है। विकसित भारत से यही उम्मीद होगी विभिन्न भेद- भावों,शोषण पर पीठ आड़े विधि निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़े।समान रूप से समाज उत्थान में भागीदार बनना ,मुखर राजनीति करने से चरित्र हनन नहीं होता बल्कि मजबूत व्यक्तित्व की निशानी है। एक महिला के लिए घूंघट ओढ़ के रोटी बनाना और राजनीति में भागीदार बनना एक सामान ही है।

(- लेखिका के अपने विचार है वर्तमान में , बिहार सरकार में ( ऑडिटर) पद पर पदस्थापित हैं।

## लेटर टू एडिटर

### सोच भी बदले

यौन अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए केवल कठोर कानूनों की आवश्यकता नहीं है, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव भी आवश्यक है। परिवार, स्कूल और सामाजिक आयोजनों में नैतिक शिक्षा और संस्कारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए जूडो, कराटे आदि जैसे कौशल सिखाने से उन्हें सुरक्षा का आत्मविश्वास मिलता है। बेटियों के साथ छेड़खानी और यौन हिंसा की घटनाओं के बढ़ते मामले चिंताजनक हैं।

**- संजय वर्मा, रांची**

### किसान आंदोलन

किसानों ने रेल यातायात को रोककर अपने कृषि समुदाय के मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया। यह विरोध केवल एक असुविधा नहीं है। यह उन चुनौतियों की स्वीकृति के लिए एक गंभीर अपील है, जिनका हम सामना कर रहे हैं। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

**- राजकुमार सिंह, गढ़वा**

## एक्स - ट्वीट

**आज** का दिन रांची समेत झारखण्ड की जनता के लिए ऐतिहासिक दिन है....उद्घाटन - कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4-लेन स्मार्ट पथकांको चौक-विनोद बिहारी चौक गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ (धनबाद)

**-हेमंत सोरेन, सीएम**

खटाखट शास्त्र देश के लिए हानिकारक है. हिमाचल - खटाखट 25 टॉयलेट टैक्स

तेलंगाना - खटाखट प्रतिदिन 241 करोड़ का ऋण

कर्नाटक - खटाखट जमीनों की बंदरबाँट, मूडा का भ्रष्टाचार

झारखंड - वरिष्ठतम विधायक भ्रष्टाचार की वजह से जेल में बंदौर

**-गौरव वल्लव, अर्थशास्त्री**

# गांधी जी ने टाना भगतों के आंदोलन को दिशा दी थी



**मृत्यंजय प्रसाद**

**इतिहास**

दक्षिण अफ्रीका में 'सत्य और अहिंसा' के सफल परीक्षण के पश्चात महात्मा गांधी 1915 में भारत लौटे। इसी समय झारखंड (तब बिहार का हिस्सा) के चिंगरी गांव में एक चिंगारी फैली जो 'टाना भगत' आंदोलन के नाम से देश के इतिहास में दर्ज है। नियति ने इस आंदोलन का बापू के सत्य और अहिंसा से ऐसा संगम प्रस्तुत कर दिया कि टाना भगत स्वाधीनता संग्राम के अमिट हस्ताक्षर बन गये। टाना भगत आंदोलन के प्रणेता जतरा उरांव का जन्म 1888 ई. में गुमला जिले के बिष्णुपुर थाने के चिंगरी नवाटोली गांव में हुआ। तंत्र-मंत्र के प्रशिक्षण के बीच उन्हें आत्म बोध हुआ। 14 अप्रैल 1914 को उन्हों ने घोषणा की कि उरांव जनजाति के देवता, धर्मेश ने उनको संदेश दिया है कि वे (जतरा) राजा बनेंगे, उनके राज्य में उनके अनुयायी ही रह पाएंगे। उनको न माननेवाले गुंगे हो जाएंगे। उनकी मुख्य शिक्षा थी; भूत-प्रेत, झाड़-फूंक आदि अंध विश्वासों का परित्याग, बलि प्रथा निषेध, मांस मदिरा का त्याग, दूसरी जाति और सरकार की नौकरी की मनाही, घरेलू तथा कृषि उपकरणों एवं आभूषणों का नदी में प्रवाह तथा उरांव देवता धर्मेश की उपासना। 1915 तक इस आंदोलन का प्रसार हजारीबाग और पलामू जिलों में हो गया और 1916 में इसकी आंच जलपाईगुड़ी के चायबागानों में पहुंच गयी जहां बड़ी संख्या में उरांव मजदूर रहते थे। तब इन्हें दबाया गया। जतरा भगत के निधन के बाद देवमनिया, शीबू, माया, बलराम, भीखू नामक शिष्यों ने अपने अपने क्षेत्रों मंय उनकेआन्दोलन का नेतृत्व किया। फलस्वरूप रांची, लोहरदगा गुमला पलामू और हजारीबाग के करीब ढाई लाख उरांव इस आंदोलन से जुड़ गए। मार्च 1919 में शीबू, माया, सुकरा, सिंघाऔर देविया को गिरफ्तार कर सजा दी गयी फिर भी आंदोलन का अंत नहीं हुआ। असहयोग आंदोलन के समय से टाना भगत आंदोलन गांधीजी के प्रभाव में आने लगा। कांग्रेस के विशेष अधिवेशन (सितंबर 1920) में अनेक टाना भगत पलामू जिले से गांधीजी को सुनने के लिए पैदल ही कलकत्ता पहुंच गए। 1921 के प्रारंभ में जब असहयोग आंदोलनकारी रांची, सेन्हा, मधुकम, इटकी ओरमाझी, कोकर, गुमला, कुरु, तमाड़, बुंडू आदि ग्रामों में सभा करने लगे तो ब्रिटिश अधिकारियों के कान खड़े हुए। रांची एसपी ने उपायुक्त को लिखा, पंद्रह दिनों की अवधि में 15 सभाएं हो चुकी हैं और तीन होने वाली हैं। मेरा अनुमान है कि इससे तीव्र गति से आक्रोश फैलेगा। इसे रोकने के लिए धरा 144 पर्याप्त नहीं। मांडर, कुरु और लोहरदगा की सभाओं पर प्रतिबंध लगा। पुनः 9 मार्च 1921 को रांची के उपायुक्त ने छोटानागपुर के कमिश्नर को लिखा कि असहयोग आंदोलन से जुड़कर टाना भगतों ने अपने आंदोलन को नया जीवन प्रदान किया है। 12 अप्रैल 1921 को टाना भगतों के गढ़, कुरु में करीब तीन हजार लोगों की सभा को रामटहल ब्रह्मचारी और मुस्लिम नेताओं ने संबोधित किया। लोगों को चरखा चलाने, शराब न पीने और हिंसा से दूर रहने का संदेश दिया गया।

गांधी के वशीभूत ये टाना भगत अब झारखंड में कांग्रेस की ताकत बन गए। खादी पहनना, कांग्रेस के झंडे के साथ मीलों पैदल चलकर कांग्रेस की सभा में भाग लेना, गांधीजी और कांग्रेस के संदेशों को जन जन तक पहुंचाना इनकी दिन चर्या में शामिल हो गया। 1922 की गया कांग्रेस में कुल 800 प्रतिनिधि गया पहुंचे जिनमें भरी संख्या में टाना भगत और मुंडा शामिल थे। करीब 400 भगत और अन्य आदिवासी तो बहंगियों में हांडी और जलावन लेकर पैदल ही चले गए। 1922 में बापू की गिरफ्तारी के बाद जब असहयोग कार्यकताओं के खिलाफ दमन का दौर शुरू हुआ तो बेरो थाना और कुछ अन्य स्थानों पर टाना भगत भी उसके शिकार हुए। 1925 में गांधीजी बिहार प्रांतीय कांग्रेस के पुरुलिया सम्मलेन में पधारे वहां से उनकी छोटानागपुर यात्रा शुरू हुई। चक्रधरपुर और चाईबासा में जनसभाओं को संबोधित कर वह रांची के लिए रवाना हुए होगए। रास्ते में वह थोड़ी देर के लिए खूँटी में रुके जहाँ उनकी भेंट मुंडा और टाना भगतों से हुई जिनकी सादगी और निर्दोषता देख कर वे मंत्रमुग्ध हो गए। सभास्थल पर करीब 400 भगतों को देखा जो लगन से चरखा चला रहे थे। 1927 में साइमन कमीशन के खिलाफप्रदर्शन में(रांची,दिसंबर) टाना भगतों ने भाग लिया तो 1928 की कलकत्ता कांग्रेस में करीब 150 टाना भगत उपस्थित हुए। राजनीतिक घटनाओं से परिपूर्ण वर्ष 1930 में 26 जनवरी को रांची में सदर हॉस्पिटल के समीप पी सी मित्र के नेतृत्व में टाना भगतों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया। रांची में इसी वर्ष जून में 40 भगतों ने बिना अनुमति के जुलूस निकालकर सविनय अवज्ञा आन्दोलन में शिरकत की।

# घाटशिला में जीत- हार का फैसला टिकट तय होने के बाद ही होगा



**पंकज प्रसून**

**चुनाव**

घाटशिला विधानसभा की जमीनी हकीकत समझने रवाना हुए। घाटशीला विधानसभा की बात करें तो इसे चार हिस्सों में बांट सकते हैं। घाटशिला,धालभूमगढ़,मुसाबनी और गुड़ाबांदा की 4 पंचायत 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के रामदास सोरेन ने भाजपा के लखन मार्डी को करीब 8 हजार वोटों से हराया था।

2019 विधानसभा चुनाव

रामदास सोरेन (झामुमो)- 63,340

लखन चंद्र मार्डी (भाजपा)- 56,807

प्रदीप बलमुचू (कांग्रेस)- 31, 910

वोट इसके अलावा सूर्य सिंह बेसरा भी लड़े ते पर उन्हें महज 2249 वोट मिले।

घाटशिला में एक बात जो बाकि विधानसभाओं से अलग लगी, वो ये कि यहां आदिवासी हों या ओबीसी, ये दलों के बीच लगभग बराबर-बराबर बंटते हैं।

ओबीसी की बात करें तो दास, गोप, सदगोप आदि की अच्छी खासी संख्या है। पर इनके बीच बंटवारा है। एक तबका है बिहारी ओबीसी का, जो बिहार से आकर बसा है। दूसरा है स्थानीय या झारखण्डी ओबीसी। इन दोनों का वोटिंग पैटर्न अलग-अलग है।

दिन के करीब 11 बजे मुसाबनी चौक से सुरदा होते हुए हम जादूगोड़ा की ओर रवाना हुए। इससे एक दिन पहले ही शाम को घाटशिला का हाल ले चुके थे। बीच में यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के कई माइंस हैं। रास्ते में रंकिणी मंदिर मिला जो इलाके की खास पहचान है। सुरदा क्रॉसिंग को पार करते हुए हम जादूगोड़ा पहुंचे। वहां ठीक चौराहे पर टाटा रोड में हमें एक स्थानीय पत्रकार मिले।

स्थानीय पत्रकार ने बताया कि फिलहाल तो झामुमो के रामदास सोरेन की स्थिति मजबूत है। उन्हें हाल ही में मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा उनके सामने भाजपा किसे टिकट देगी ये भी स्पष्ट नहीं हैं। हमने पूछा कि भाजपा को किसे टिकट देना चाहिए। वहां मौजूद लोगों और स्थानीय पत्रकार का आकलन था कि रामदास सोरेन को सबसे कड़ी टक्कर तो चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन ही दे सकते हैं। उन्होने इसका कारण भी बताया।

बाबूलाल सोरेन पिछले दो महीने से घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं। चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से पहले से ही। उन्होने लगभग हर प्रखण्ड मुख्यालय में अपना दफ्तर खोल रखा है, जहां वो हर हफ्ते आते जरूर हैं। इसके अलावा उनका अपना नेटवर्क गांवों में लोगों की लगातार मदद कर रहा है। बाबूलाल सोरेन का ग्रामीण इलाकों में पैठ है। यहां रामदास सोरेन और बाबूलाल सोरेन के बीच कड़ी टक्कर होगी।

लक्ष्मण टुडू- लखन मार्डी फैक्टर (गुटों में बंटी भाजपा) एक को मिलेगा, दूसरा हराने में जुट जाएगा? वहां से निकलकर हम वापस सुरदा रोड पहुंचे। वहां भाजपा के कुछ समर्थक मिले। उनसे भी हमने वही सवाल दोहराया कि घाटशीला से भाजपा का वो कौन उम्मीदवार है, जो रामदास सोरेन को टक्कर दे सकता है। इसके जवाब में हमें तीन-चार नाम मिले। लक्ष्मण टुडू और लखन चंद्र मार्डी का नाम सबसे ज्यादा भाजपा कार्यकताओं ने लिया।

फिर हमने सवाल बदलते हुए पूछा कि बाबूलाल सोरेन कैसे उम्मीदवार साबित होंगे। इसका जवाब घूमाफिरा कर दिया गया, लेकिन जो सारांश था वो इस प्रकार था।

भाजपा के वोटर सिंबल और पार्टी के नाम पर वोट करते हैं। टिकट न मिलने से नेता नाराज होते हैं, कार्यकर्ता जो नेता से जुड़े हैं, वे किंतु-परन्तु करते हैं, पर आम वोटर को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। हां, जो कैंडिडेट झामुमो के वोटबैंक में सेंधमारी कर सके और भाजपा के परंपरागत वोटरों को अपने पक्ष में वोटिंग करा ले, तो जीत उसकी निश्चित हैह्व

**प्रदीप बलमुचू फैक्टर**- घाटशिला में एक और फैक्टर हैं प्रदीप बलमुचू। इस बार आम चर्चा ये है कि प्रदीप बलमुचू या उनके परिवार को की सदस्य इस बार घाटशिला से विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगा। वे खूंटी के तोरपा से चुनाव लड़ने के लिए प्रयासरत हैं। इसका कारण आंकड़ों के जरिए समझिए: 1995 से 2005 तक प्रदीप बलमुचू घाटशीला से कांग्रेस विधायक रहे हैं। 2009 में झामुमो के रामदास सोरेन ने उन्हें करीब 1100 वोटों से हराया था।

2014 में रामदास सोरेन को भाजपा के लक्ष्मण टुडू ने हराया। प्रदीप बलमुचू ने अपनी बेटी सिंड्रेला बलमुचू को उतारा था। वो 36000 वोट लाकर तीसरे नंबर पर रही

2019 में प्रदीप बलमुचू खुद आजसू के टिकट पर लड़े, लेकिन उन्हें 31,910 वोट मिले। इसका मतलब कि पिछले चार विधानसभा चुनावों से प्रदीप बलमुचू के वोट लगातार कम हो रहे हैं। इसकी वजह ये है कि मुस्लिम वोटर जो कभी प्रदीप बलमुचू को वोट देते थे, वे झामुमो की ओर शिफ्ट हो गए। थोड़ा-बहुत सवर्ण वोटर जो कांग्रेसी थे, वे धीरे-धीरे भाजपा की ओर शिफ्ट होते चले गए।

निष्कर्ष - धाटशिला, मुसाबनी, सुरदा क्रॉसिंग, जादूगोड़ा में लोगों से बात करने के बाद जो हमें समझ में आया वो ये है कि यहां झामुमो से रामदास सोरेन को टिकट मिलना करीब-करीब कंफर्म है। भाजपा की बात करें तो बीजेपी के अलग-अलग गुट खुद टिकट के लिए प्रयासरत हैं और अगर दूसरे को मिला तो भीतरघात करने को भी तैयार। इसलिए हमें तो भाजपा के टिकट पर बाबूलाल सोरेन ही सबसे उपयुक्त दिखे। बाबूलाल सोरेन को टिकट मिला तो बीजेपी के वोटरों को भी बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा। वे सिंबल या पार्टी को ही वोट देंगे।।

हां, लक्ष्मण टुडू या लखन चंद्र मार्डी के समर्थक नाक-भौं सिकोड़ेंगे, लेकिन खुद उनके समर्थकों से पूछकर देखिए कि क्या ये दोनों खुद चुनाव जीतने की स्थिति में हैं?

(लेखक एनएमएफ से जुड़ें हैं।)

# प्रदूषण से बचायेगा सौर ऊर्जा : जेरेडा

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की दी गयी जानकारी

### रामगढ़ में मीडिया कार्यशाला वातार्लाप आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** सौर ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल ही मानव प्रजाति का भविष्य है। आज हम थर्मल पावर से निर्मित ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन उससे प्रदूषण भी फैल रहा है। सौर ऊर्जा न सिर्फ हमारी जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि वह हमारे वातावरण को भी प्रदूषित होने से बचाएगा। यह बातें शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यशाला के दौरान जेरेडा के पदाधिकारी आर्यदीप जेना ने कही। इस दौरान मौजूद पीआईबी के झारखंड एवं उड़ीसा के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के एडवांटेज काफी है और यह तभी प्रसारित हो सकता है जब स्थानीय लोगों के बीच मीडिया इसे प्रसारित करेगा। सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय एवं रामगढ़ जिला प्रशासन के सहयोग से क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वातार्लाप कार्यक्रम का उद्घाटन पीआईबी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा और डीसी चंदन कुमार ने किया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी प्रभात कुमार, जेरेडा से जुड़े तकनीकी विशेषज्ञ आर्यदिप्त जेना और बी.के. दास भी मौजूद रहे।

डीसी चंदन कुमार ने पत्र सूचना कार्यालय द्वारा जिले में वातार्लाप कार्यक्रम आयोजित करने की पहल की सराहना की। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से आम जनों को बिजली आपूर्ति में होने वाले फायदे के दूरगामी असर को चिन्हित किया। पीआईबी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने बताया कि वातार्लाप आयोजन का मकसद आम और सहज भाषा में जिलों में जाकर के मीडिया से रूबरू होना है। विकास से जुड़े विभिन्न सरकारी योजनाओं पर खुले मंच पर द्विपक्षीय चर्चा करना है। उन्होंने पत्रकारों से पीएम सूर्य घर योजना पर चर्चा हेतु आए विशेषज्ञों की बातों को ध्यान पूर्वक समझने और आमजनों तक पहुंचाने का आग्रह किया। उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि रामगढ़ जिले के कई महत्वपूर्ण सरकारी विभागों में झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट अथॉरिटी (जेरेडा) के सहयोग से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य किया जा सकता है। परिचर्चा में वातार्लाप में झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट अथॉरिटी के सोलर एंड रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर के टीम लीडर आर्यदीप जेना ने कहा कि झारखंड राज्य में सौर ऊर्जा की बहुत अधिक संभावना है। क्योंकि वर्तमान समय में राज्य में सौर ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन में केवल 14% योगदान कर रहा है। जबकि 2030 तक इसका लक्ष्य बिजली उत्पादन का 50 प्रतिशत तक जाने का है। इसके लिए सरकार की तरफ से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और अन्य योजना जैसे कुसुम बीज योजना का काफी महत्व है। उन्होंने राज्य के गिरिडीह जिले में किए जा रहे हैं कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि इस शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्यशाला का संचालन पीआईबी रांची के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा ने किया और सभी से वतार्लापके दौरान पीएम सूर्य घर बिजली योजना के विभिन्न पहलुओं को आम जनों तक पहुंचाने के लिए इसके प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया। वहीं अपने स्वागत भाषण संबोधन में पीआईबी के कार्यालय प्रमुख, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने वातार्लाप की सार्थकता तथा इस रामगढ़ में आयोजित करने के प्रयासों और उद्देश्य की चर्चा करते हुए सभी सहभागियों और अतिथियों का इसमें शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया।



### सोलर पैनल से प्रति माह एक हजार रुपये कमा सकते हैं : बीके दास

झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट अथॉरिटी के सोलर एंड रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर के विशेषज्ञ बीके दास ने अपने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से लोगों को सौर ऊर्जा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से न सिर्फ बिजली के बिल को शून्य किया जा सकता है, बल्कि अपने छत पर सोलर पैनल से बिजली उत्पादन कर प्रति माह एक हजार रुपये तक आसानी से कमाया भी जा सकता है। उन्होंने सरकार के द्वारा दिए जा रहे सब्सिडी योजना की जानकारी दी ।

## स्पीड न्यूज

### सारूबेड़ा लोकल रोड सेल में वसूली के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया धरना



कुजू। विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा आरा के बैनर तले ग्रामीण प्रभावित विस्थापितो ने सीसीएल सारूबेड़ा कोलियरी के लोकल रोड सेल में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध वसूली के खिलाफ, हैंड लोडिंग, बेरोजगारों को वैकल्पिक रोजगार समेत 17 सूत्री मांगो को लेकर सीसीएल जीएम कार्यालय कुजू के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया। साथ ही, सीसीएल प्रबंधन को मांग पत्र सौंपकर जल्द पहल करने का अनुरोध किया। धरना की अध्यक्षता विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष संतोष कुमार महतो और संचालन सुनील कुमार महतो ने किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की। संतोष महतो ने कहा कि 15 दिन पूर्व लोकल रोड सेल का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद से सेल में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं ट्रकों से अवैध वसूली का सिलसिला शुरू है। धरना में चितरंजन महतो, प्रकाश महतो, सुरेश महतो, सत्येंद्र महतो, शशि महतो, सकलदीप, अमित, जयनंदन, रामकिशुन, चिंतामण, रामधन, हरि, सावित्री देवी, पूनम देवी, सुशीला देवी, मंजू देवी, सुनीता देवी, बबिता देवी, सरस्वती देवी, गीता देवी, टूकेश्वरी देवी, उषा देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

### भैरवी नदी में हो रही गंगा आरती



रजरप्पा। नवरात्र के मौके पर भैरवी नदी के तट पर बनारस की तर्ज पर प्रत्येक शाम भव्य गंगा आरती का आयोजन मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। ऐसा लग रहा है मानो बनारस के घाट पर गंगा आरती हो रही है। वाराणसी से आए विद्वान पंडित, पुरोहित आरती गायन कर रहे है। शंख, घंटी की ध्वनि और मां गंगा की आरती व नदी की धारा तक फैले जलते दीपकों की लौ से उत्पन्न अद्भुत छटा देख श्रद्धालु भक्ति भाव से भर हो रहे है। आरती की गूंज से घाट गुंजायमान हो रहा है। यह सिलसिला अष्टमी शाम तक चलेगी। स्थानीय पूजारी छोटू पंडा, सुबोध पंडा एवं लोकेश पंडा का कहना है कि इस तरह के आयोजन प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि गंगा आरती के माध्यम से लोगों से जलस्त्रोतों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया जा रहा है। छिन्नमस्तिका मन्दिर न्यास समिति रजरप्पा सहित अन्य सहयोगी ट्रस्ट, समिति इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर सनातन संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं।

### तीरंदाजी में तमन्ना वर्मा ने जीता गोल्ड



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा लंपगा चोरघरा की बेटी तमन्ना वर्मा ने राज्य स्तरीय खेलो झारखंड तीरंदाजी में गोल्ड मेडल जीतकर स्टेट चैंपियन बनी है। तमन्ना की इस सफलता पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी है। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की है। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड तीरंदाजी चैंपियनशीप का आयोजन 4 अक्टुबर को खेलगांव रांची में हुआ। जिसमें रामगढ जिला का प्रतिनिधित्व कर रही भुरकुंडा क्षेत्र की लपंगा कॉलोनी निवासी शेखर वर्मा और रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा ने तीरंदाजी मे 666 अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतकर स्टेट चैंपियन बनी। वहीं रांची की लक्ष्मी कुमारी 611 अंक लाकर दुसरे स्थान और 605 अंक लाकर जेएसएसपीएस की अनुपा कुमारी तीसरे स्थान पर रही। इसके पूर्व वर्ष 2024 मे तमन्ना वर्मा ने कोलकाता इंटर साई ऑल इडिया नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीत चुकी है। तमन्ना ने इसी वर्ष अगस्त माह में सोनीपत हरियाणा में हुए ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग में टॉप 12 में अपना स्थान बना चुकी है। तमन्ना की जीत पर कोयलांचल सहित रामगढ जिले में हर्ष का माहौल है। लोगो ने बधाई देते हुये उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बरही के टाउन हॉल में बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण आज

**बरही।** बिजली विभाग के द्वारा शनिवार को टाउन हॉल में उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) अभिषेक आनंद ने बताया कि इस कार्यक्रम में बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य उन उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना है, जिन्होंने बिजली बिल माफी योजना का लाभ लिया है। कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण शिविर के माध्यम से उनके बिजली बिल माफ किए जाने का प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के अंतर्गत प्रदेश के हजारों उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी की सुविधा दी जा रही है, जिससे उन्हें वित्तीय राहत मिल सके।

# रामगढ़ में कोयले के अवैध कारोबार की सीबीआइ करें जांच : भाजपा

## सरकार को हो रहा है राजस्व का नुकसान

**खबर मन्त्र संवावदाता**

**रामगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी ने शुक्रवार को कहा कि रामगढ़ जिले में कोयले का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिसे रोकने के लिए प्रशासन गंभीर नही है। वहीं, पार्टी के पूर्व महामंत्री रंजीत पांडे ने कहा कि धनबाद में कोयले के अवैध कारोबार को लेकर हाईकोट का फैसला आया है। जिसमें हाईकोर्ट ने इसकी जांच सीबीआई से कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि इसमें सीबीआई का दयरा बढ़े और रामगढ़ में भी कोयले के अवैध कारोबार की सीबीआई जांच हो।

उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला में बड़े पैमाने पर कोयले का अवैध कारोबार जारी है जिसे रोकने का कार्य नही किया जा रहा है। युवा नेता राजीव जायसवाल ने कहा की रामगढ़ में बड़े पैमाने पर अवैध कोयले का कारोबार होने से सरकार को राजस्व की नुकसान हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कोयले को अवैध कारोबार को नहीं रोका गया तो पार्टी आंदोलन करेगी। अनमोल सिंह ने भी रामगढ़ में अवैध कोयले के कारोबार पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यहां व्यापक पैमाने पर इसका अवैध कारोबार हो रहा है। मौके पर राजीव रंजन, सूर्यवंश श्रीवास्तव, दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।



### बीजीआर कार्यालय में ग्रामीणों ने की तोड़फोड़

बड़कागांव । अंबाजीत कोनी मोड़ के पास बीजीआर द्वारा लगाए जा रहे कैबिन कैंप में ग्रामीणों की तोड़फोड़ । इस दौरान ग्रामीणों ने तीन बोलेरो,एक जेसीबी, 4 कैबिन,डीजी जनरेटर, सीसीटीवी कैमरा, कुर्सी टेबल आदि को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों के रोकने के लिए बीजीआर कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड के द्वारा 20-25 राउंड हवाई फायरिंग की गई। फायरिंग के बाद भी ग्रामीण डटे रहे। एक ग्रामीण और एक कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड इस दौरान जख्मी हो गया। आईआरबी के जवानों और पदाधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को रोकने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि कोई भी कंपनी यहां खुले। ग्रामीणों ने कहा के यह जो पोर्टा कैबिन लगाया गया है उसे जल्द कंपनी हटा ले। बिना ग्रामीणों के सहमति के यह कार्य किया जा रहा है जो सही नही है। ग्रामीणों ने कहा के जवानों ने एक को मारकर घायल कर दिया।

# डीसी ने सुनी जनता की समस्या



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जगदीशपुर पंचायत के रहने वाले दिव्यांग दिलीप सिंह और नवादा पोस्ट के ग्राम चरनखिया निवासी दिव्यांग जुगेश्वर मिस्त्री ने उपायुक्त से ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसी तरह पदमा प्रखण्ड क्षेत्र के रहने वाले संतोष भुइँया ने उपायुक्त से वन अधिकार पट्टा का लाभ देने का अनुरोध किया। वहीं कोर्रा थाना क्षेत्र के कानेश्वर यादव और कटकमसांडी थाना क्षेत्र के ओम प्रकाश ठाकुर ने उपायुक्त से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करने की शिकायत किया। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के चैपतलाल ने उपायुक्त से अंचल बरकट्ठा नामान्तरण वाद स्वीकृति के पश्चात लगान भुगतान कराने का अनुरोध किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, जमीन हड़पने, राशन कार्ड आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले रमेश ठाकुर



**बरही।** हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन रैली के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। परिवर्तन रैली को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस रैली का उद्देश्य राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जनता को जागरूक करना और पार्टी की आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। रैली के बाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट की, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया और उनके नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। रमेश ठाकुर ने इस भेंट के बाद अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व देश के लिए प्रेरणादायक है और उनके मार्गदर्शन में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# पीएम मोदी से ही देश सुरक्षित : भाजपा

▸▸ चिकोर में भाजपा किसान मोर्चा का संकल्प सभा का आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुशवाहा धर्मशाला चिकोर में शुक्रवार को भाजपा किसान संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष सनी प्रसाद कुशवाहा और संचालन महामंत्री शंभू लाल ठाकुर ने किया। सभा में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री राम नरेश तिवारी और राजेश मेहता, संजय कुशवाहा, बारिस खान और राजु साव उपस्थित थे। सभा में अतिथियों ने मोर्चा की मजबूती पर बल देते हुए किसने की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। साथ ही पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने की बात कही गई। कहा गया कि पीएम मोदी के हाथों में ही देश का कमान सुरक्षित है।

सभा में उपस्थित भाजपाइयों और किसानों ने झारखंड से हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का सामूहिक संकल्प लिया। कहा गया कि हेमंत सरकार में किसी का भला होने वाला नहीं है। मौके पर जागेश्वर महतो, सचिन कुमार, रामा महतो, महावीर महतो, दिलीप बेदिया, सहजनाथ बेदिया, सुरज शर्मा, जनार्धन, अर्जुन तुरी, सीता देवी, रेखा देव गीता देती, सैनैना देवी, फुलवंती कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## एक नजर में

### एसडीपीओ पवन कुमार ने संभाला कामकाज



**बड़कागांव।** बड़कागांव में नए एसडीपीओ पवन कुमार ने शुक्रवार बड़कागांव एसडीपीओ के रुप में पदभार ग्रहण कर लिया है। पवन कुमार इसके पहले देवघर में एसडीपीओ, रांची जगुवार एसटीएफ में भी कार्य कर चुके हैं। पवन कुमार 2016-17 में बड़का गांव थाना में प्रशिक्षु डीएसपी के रूप में अपना सराहनीय योगदान दिए थे। जिसमें उन्होंने शराब उन्मूलन को लेकर विशेष कार्य किए थे। पवन कुमार ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड में क्राइम पर मेरा विशेष फोकस रहेगा।जो भी कानून का उल्लंघन करेगा उन पर शक्ति से पालन किया जाएगा।

### शहीद जयवीर महतो को झामुमो ने दी श्रद्धांजलि

**चरही** । चरही में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शुक्रवार को शहीद जयवीर महतो का 31वां शहादत दिवस मनाया। इसके पूर्व तापीन साउथ के बहेरा स्थित 45 कांटा के समीप समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उसके बाद सभी लोगों ने पैदल चलकर चरही पहुंचे।जहां पर चरही-घाटो चौक के पर बने शहीद के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव राजकुमार महतो, संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो थे। माल्यार्पण करने वालों में बीस सूत्री अध्यक्ष बाल कुमार महतो, रबीन्द्र कुमार, दशरथ महतो, आनंद मरांडी, प्रदीप सोरेन, प्रभु नाथ महतो, कृष्णा मरांडी,राजदीप महतो, दीप नारायण महतो, शनिचर मरांडी, दिनेश्वर महतो, राजकुमार करमाली, सोनाराम मांझी, मुकुंद रविदास, अरुण महतो सहित कई लोग शामिल थे।

### चरही में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक

**चरही।** दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकीअध्यक्षता प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक जबकि संचालन सीओ राजमोहन तुरी पुलिस निरीक्षक विद्यापति ओहदार और थाना प्रभारी गौतम कुमार ने किया।इस बैठक में शांति समिति के सदस्यों और पूजा कमिटी के लोगों को कई दिशा-निर्देश दिया गया कहा गया कि पर्व को सभी समुदाय के लोग एकजुटता का परिचय देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा को मनाएं। अफवाह फैलाने वाले लोगों पर ध्यान नहीं दें। अगर कोई व्यक्ति शरारत करने का प्रयास करता है,तो इसकी जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें।सोसल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।तथा शरारती करने वाले लोगों चिन्हित कर जेल भेज दिया जाएगा।बैठक में चरही,जरबा,तापीन साउथ,तापीन और प्रेमनगर पूजा कमिटी के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एनएमएल ने दिया किसानों को प्रशिक्षण

**हजारीबाग।** एनएमएल ने आधुनिक कृषि खेती तकनीकों पर केंद्रित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक शुरू किया है। इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से स्वीट कॉर्न की खेती पर जोर दिया जाएगा। यह पहल एक व्यापक कौशल विकास प्रयास का हिस्सा है, जो 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक होली क्रॉस कृषि विज्ञान ट्रस्ट में पकरी बरवाडीह और जागृति महिला संघ के सहयोग से आयोजित की गई है । यह कार्यक्रम गांवों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है जिसमें 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया—25 महिलाएं और 10 पुरुष हैं। इन सभी प्रशिक्षुओं को आधुनिक खेती के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी जिनमें स्वीट कॉर्न,ऑइस्टर,मिल्की और बटन मशरूम की खेती,मौसमी सब्जियों की खेती,ग्राफ्टिंग तकनीक,नर्सरी तैयार करना, कीट और रोग प्रबंधन, फलों और सब्जियों का मूल्य संवर्धन, और वर्मी-कंपोस्टिंग शामिल है। कार्यक्रम का उद्घाटन तजीन फैज अध्यक्ष जागृति महिला संघ ने किया, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में आधुनिक कृषि उपकरणों के महत्व को रेखांकित किया।

### बरही के नये सीओ ने किया पदभार ग्रहण



**बरही।** बरही अंचल में नवपदस्थापित अंचलाधिकारी अमित किस्कू ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्हें यह पद निर्वतमान अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो ने सौंपा। अमित किस्कू आम जनता को उम्मीद है कि वे अपनी नई जिम्मेदारियों के साथ बरही अंचल के विकास और प्रशासनिक कार्यों को गति देंगे। इस अवसर पर बरही अंचल के कर्मी उपस्थित थे, जिन्होंने नए अंचलाधिकारी का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। अमित किस्कू ने क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की सेवा में तत्पर रहने का आश्वासन दिया। वहीं निवर्तमान सीओ रामनारायण खलखो को बुके व माला पहनाकर और उपहार भेंटकर विदाई दी गई। मौके पर प्रधान लिपिक चिंतामणि टूटी, प्रधान लिपिक बिनोद कुमार पासवान, सीआई रीतलाल रजक, अंचल नाजिर कृष्ण मोहन, राजस्व कर्मचारी संजीव राजीव, तारकेश्वर कुमार यादव, दिविता कुमारी, नारायण राम, जीवलाल कुमार, सहोदर कुमार, सागर कुमार, चौकीदार सुभाष कुमार यादव, उर्मिला देवी, मुंशी पासवान, अताउल्लाह, चेतन यादव समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### बरही में एसडीपीओ ने संभाला पदभार



**बरही।** बरही अनुमंडल में नवपदस्थापित एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने 20वें एसडीपीओ के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। नवपदस्थापित एसडीपीओ ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद अपने प्राथमिक कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था को बनाए रखना और जनता के साथ मधुर संबंध स्थापित कर काम करना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी। पदभार सौंपने के समय निवर्तमान डीएसपी सुरजीत कुमार ने अजित कुमार विमल का स्वागत किया और उन्हें औपचारिक रूप से नए दायित्व सौंपे। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने एक-दूसरे को बुके देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की। आगामी दुर्गा पूजा समेत अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांति सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। इस बैठक में अपराध पर नियंत्रण के उपायों के साथ-साथ त्योहारों के दौरान जनता की सुरक्षा के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ अजित कुमार विमल ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी का जनता से मधुर संबंध स्थापित करने और अपराध नियंत्रण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता प्राथमिकताओं में शामिल है। एसडीओ जोहन टुडू ने निवर्तमान डीएसपी सह एएसपी सुरजीत कुमार को बुके देकर विदा किया। वहीं नवपदस्थापित एसडीपीओ अजित कुमार विमल का स्वस्गत किया। मौके पर बरकट्ठा सर्किल इंस्पेक्टर, चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, बरकट्ठा थाना प्रभारी, पदमा थाना प्रभारी राणा प्रताप सिंह, महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप, दिनेश कुमार, उमेश कुमार, अभय प्रताप सिंह, प्रकाश कुमार समेत अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने आमजनों की समस्याएं सुनी

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, भूमि विवाद, राशन, स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, ट्राई साइकिल से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

इटखोरी के नए सीओ ने किया पदभार ग्रहण

## बिचौलियों की चक्कर में न पड़ें ग्रामीणः सविता

**इटखोरी।** इटखोरी अंचल में नवनियुक्त सीओ सविता ने शुक्रवार को प्रभार ग्रहण किया। निवर्तमान सीओ राम विनय शर्मा के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद इटखोरी बीडीओ सोमनाथ बांकिरा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। नए सीओ का स्वागत प्रभारी सीओ सोमनाथ बांकिरा ने बुके देकर किया। पदभार ग्रहण करने के बाद सीओ सविता ने अंचल के सभी कर्मियों से परिचय किया और कार्यालय को बेहतर ढंग से संचालन करने का निर्देश दिया। नए सीओ सविता ने कहा कि ग्रामीणों का जमीन से संबंधित मामला को निपटारा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम जनता जमीन संबंधित समस्या को लेकर स्वयं मिल सकते हैं। किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बिचौलिए पर नकेल कसा जाएगा।

## मोबाइल चोरी करने की योजना बना रहे युवक गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में मोबाइल चोरी करने की योजना बना रहे युवक को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार एसपी को सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थानान्तर्गत अज्ञात चोर के द्वारा विभिन्न खडी वाहनों से मोबाईल की चोरी करने की योजना बना रहा है, उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर एसपी के द्वारा थाना प्रभारी तिलैया विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त 21 वर्षीय मो.आयुब पिता मो.असगर मंडेय बडी मस्जिद थाना लोहसिंघना जिला हजारीबाग निवासी को गिरफ्तार कर चोरी की गई विभिन्न कंपनी का तीन मोबाईल को बरामद किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 247/24 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में नरेश सिंह, तिलैया थाना, सशस्त्र बल एवं पैंथर जवान शामिल थे।

## ग्रामीणों ने पुलिस पीकेट नहीं हटाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह क्षेत्र के लोगों ने एसपी अनुदीप सिंह को एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर पुलिस पीकेट नहीं हटाने की मांग की है। पोषक क्षेत्र के लोगों ने आवेदन में कहा है कि बरियाडीह पुलिस पीकेट लगभग दो दशक से लगाया गया था, जब वहां माओवादी का बोलबाला था। अभी फिलहाल आला अधिकारियों के द्वारा पुलिस पिकेट को हटा लेने का आदेश जारी किया गया है। इसके विरोध में बरियाडीह, डोंगोडीह, मूर्कमनाय, डगरनवां, खेशमी समेत कई गांव के लोगों ने एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन एसपी को दी है और कहा है कि पीकेट को बरियारडीह से नहीं हटाया जाए।

# विस चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में विधानसभा चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षक सुदीप सहाय द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दिया गया। वहीं प्रशिक्षण शिविर में मतदान से पहले की प्रक्रिया, मतदान दिवस के दिन की जाने वाली प्रक्रिया, संवेदनशील मतदान केंद्रों, वनरेबल मैपिंग आदि की जानकारी दी गयी।

वहीं डीटीओ विजय कुमार सोनी व डीएसई अजय कुमार ने चुनाव से सम्बंधित अन्य जानकारियां देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर यह प्रशिक्षण काफी महत्वपूर्ण है, ऐसे में प्रशिक्षण के हर पहलुओं को अच्छे से प्रशिक्षण लें ताकि चुनाव प्रक्रिया को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके। इसके अलावे डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में ईवीएम जागरूकता को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में पदाधिकारियों और कर्मियों को ईवीएम से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गयी।

# चोरी, छिनतई, लूट की बढ़ रही घटना को लेकर पुलिस प्रशासन बेपरवाह



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर इन दिनों चोरी, छिनतई, लूट आदि घटना को लेकर काफी सुर्खियों में है, और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी है। वहीं शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे कुछ ऐसी ही घटना सामने आई है। जहां ट्रेन से सफर कर स्टेशन परिसर से बाहर आते ही तिलैया थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार झंडा चौक के निकट से एक व्यक्ति की रुपयों से भरा बैग छीनकर दो बाइक सवार फरार हो गए। घटना को लेकर भुक्त भोगी बिरजमू निवासी सुनील यादव पिता बैद्यनाथ यादव ने काफी शोर गुल किया। उसकी आवाज वाहनो के भोंपू से दब गया, किसी ने उसकी आवाज नहीं सुनी। बाद में धीरे-धीरे मामला तुल पकड़ता देख पुलिसिया हस्तक्षेप के बाद भुक्त भोगी को थाना भेजा गया। जहां उसने घटना की जानकारी देते हुए थाने में लिखित आवेदन दी। बताते चलें कि पिछले सोमवार को भी थाना क्षेत्र के सामान्तो पेट्रोल पंप के निकट से एक महिला के गले से सोने की चैन छिनकर बाइक सवार स्नैचर फरार हो गया था।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो चोर गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थानान्तर्गत अज्ञात चोरों के द्वारा एक मोटरसाईकिल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है और उसे लेकर भागने की कोशिश कर रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर एसपी द्वारा थाना प्रभारी तिलैया विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों 19 वर्षीय चंदन कुमार उर्फ फतु पिता स्व.मंगन सिंह सा.विशुनपुर पुर्वी टोला थाना तिलैया जिला कोडरमा व 19 वर्षीय संदीप कुमार पिता जुगन सिंह सा.झर्की विशुनपुर पूर्वी टोला थाना तिलैया जिला कोडरमा निवासी को गिरफ्तार कर चोरी की गई काले रंग की मोटरसाईकिल को बरामद किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 246/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में प्रमोद सिंह, तिलैया थाना, सशस्त्र बल एवं पैंथर के जवान शामिल थे।

# बरही से कांग्रेस की जीत के लिए विधानसभा प्रभारी बनाए गये मनोज



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रथम चरण में 33 विधानसभा क्षेत्र में एक-एक प्रभारी मनोनीत किया है, जो विधानसभा क्षेत्र में जनसंवाद लक्ष्य-2024 को सफल बनाने तथा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर बूथ कमेटियों को मजबूती प्रदान करेंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू द्वारा जारी सूची के तहत बरही विधानसभा 21 के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह कोडरमा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू को प्रभारी मनोनीत किया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व सहाय को गांडेय विधानसभा संख्या 31 का प्रभारी मनोनीत किया गया था, जहां 2024 के उप चुनाव में इन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा से महागठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन की जीत में अहम भूमिका निभाया था। श्री सहाय ने बरही विधानसभा प्रभारी मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कैंपेन कमेटी चेयरमैन सुबोध कांत सहाय एवं मेनिफेस्टो कमेटी अध्यक्ष बंधु तिर्की के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर बधाई देने वालों में विधायक उमाशंकर यादव अकेला, हजारीबाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, निर्मल ओझा, गणेश स्वर्णकार, अनवारूल हक, राजेंद्र जैसवाल, अज्जू सिंह, राजकुमार यादव, मुंशी यादव, प्रमोद बर्नवाल, गौतम मेहता, अरविंद सेठ सहित बरही विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जन शामिल हैं।

एक नजर में

## शहीद जयमंगल पांडेय और शहीद नादिर अली शाह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला के भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुमन सौरभ तिवारी के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी शाहिद जयमंगल पांडेय और शाहिद नादिर अली शाह की पुण्यतिथि पर फांसी तालाब स्थित शहीद स्मृति पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय और उनकी माता भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। पुष्पांजलि के बाद जयमंगल पांडेय और नादिर अली शाह के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर चर्चा हुई। सचिदानंद पांडेय ने राजकीय और राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर जयमंगल पांडेय और नादिर अली शाह को मान्यता देने, इतिहास में उनके योगदान को बच्चों को पढ़ाने और चतरा में उनके नाम पर भव्य शहीद स्मारक और शहीद स्मृति बनाने की मांग की। मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि जयमंगल पांडेय और नादिर अली शाह वीर स्वतंत्रता सेनानी थे और उनके फांसी स्थल को जल्द से जल्द विकसित किया जाना चाहिए, अन्यथा वे आमरण अनशन करेंगे। भाजपा नगर उपाध्यक्ष गोविंद पासवान ने कहा कि 1857 के क्रांति में जयमंगल पांडेय और नादिर अली शाह का महत्वपूर्ण योगदान था और उनके कारण ही हम आज स्वतंत्र हैं। प्रदीप रावत ने कहा कि जयमंगल पांडेय और नादिर अली शाह ने सैकड़ों अंग्रेजों को मारकर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी और उनके साहसिक कार्यों को आज के युवाओं तक पहुंचाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में भाजपा जिला मिडिया प्रभारी कालीचरन यादव, दिव्यांशू, अमित सिंह, शंकर सोनी, राजकुमार वर्मा, सूरज सोनी, अखिलेश, युगल ठाकुर, राकेश, रंजीत, मनोज, विवेक शर्मा, रंजू, दिनेश, मुकेश साव, पप्पू, धीरज सिन्हा, मंजीत सिन्हा, नीरज सोनी, बबलु सिंह और कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान, गणित, संगणक और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के कोषाध्यक्ष नवल कुमार और प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य ने विज्ञान मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा इस तरह के प्रदर्शनी से भैया बहनों में खोजी प्रवृत्ति का विकास होता है। विज्ञान, गणित संगणक और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी चार वर्गों में क्रमशः शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग, तरुण वर्ग के भैया बहनों ने भाग लिया। इस मेले में कुल 25 विज्ञान पर आधारित प्रदर्श एवं प्रयोग में भाग लिया तथा 12 गणित पर आधारित प्रदर्श एवं प्रयोग में भाग लिया। वहीं 10 भैया बहनों ने संगणक पर आधारित प्रदर्श और वही सामाजिक विज्ञान पर 21 प्रदर्श एक से बढ़कर एक विभिन्न प्रकार के मॉडल शामिल किए गए थे। वहीं विद्यालय स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय विजेता भैया बहन अक्टूबर में आयोजित प्रांतीय विज्ञान तथा गणित मेला में भाग लेने हेतु बरगंडा गिरिडीह जाएंगे। मौके पर रामानुज पांडेय, विजय कुमार मिश्रा, मुन्ना सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र प्रसाद, पवन शर्मा, प्रभात सौरव, उमाशंकर कुमार, दीपक कुमार विश्वकर्मा, मनोज कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, प्रणव प्रभास, नीरज कुमार, सोनी कुमारी, संजय महतो, हर्षित, पंखुड़ी, मुस्कान, राज नंदिनी, विक्की, सानू, यश, रिद्धि आर्या, नंद किशोर, खुशी, प्रतीक, अजीत, अभिषेक, सोनी, श्रेया सुमन गौरव, निशा, पीहू, काव्या, आर्यन परी, दीपाली, श्वेता सुमन, बंटी, निधि, तेजस्वी सागर आदि मौजूद थे।

# होमगार्ड नामांकन को लेकर शारीरिक दक्षता परीक्षा शांतिपूर्ण जारी

## दौड़ में सफल प्रतिभागियों ने लंबी कूद और ऊंची कूद में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिले में होमगार्ड पद पर नव नामांकन को लेकर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शारीरिक दक्षता परीक्षा व लिखित परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण जारी है, शुक्रवार को चौथे दिन केटीपीएस फोर लेन सड़क पर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें जयनगर के महिला पुरुष अभ्यर्थी दौड़ में शामिल हुए। वहीं दौड़ परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर पर्याप्त मात्रा में दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और जिला बल के जवानों को तैनात किया गया था, साथ ही स्टेटिक और ड्रोन कैमरे लगाए गए थे, दौड़ में सफल प्रतिभागियों ने लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक और शारीरिक माप परीक्षा में शामिल हुए। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दौड़ परीक्षा का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीएसओ अविनाश पुरेन्दु, डीपीओ अनूप कुजूर आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को प्रदान किया गया वाहन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने तीन लाभुकों के बीच ट्रैक्टर, एक लाभुक को बोलेरो और एक लाभुक को ब्रेजा कार प्रदान किया। वहीं लाभुकों को वाहन की चाबी देते हुए उपायुक्त ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, आपलोग कड़ी मेहनत करें और स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें। मौके पर एसी पूनम कुजूर, डीडब्लूओ अनूप कुजूर आदि मौजूद थे।

## प्रेस क्लब में पत्रकार साहिल भदानी को दी गयी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रेस क्लब द्वारा शुक्रवार को क्लब में जिले के दिवंगत पत्रकार साहिल भदानी के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पत्रकारों ने दुख व्यक्त करते हुए इसे जिले के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। वहीं पत्रकारों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर प्रार्थना की। मौके पर क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार, महासचिव गौतम राणा, विकास कुमार, संजीव समीर, मनोज कुमार झुन्नु, उमा शंकर, कुमार अमित, कुंतलेश पांडेय, गजेंद्र बिहारी सिन्हा, किशोर यादव, अनिल झा, अरुण बर्णवाल, भोले शंकर, पीयूष सिंह, अजीत कुमार, ओम प्रकाश, लखन सिंह, विक्की केसरी, विक्रम कुमार, संध्या आंचल, मनोज सिंह, राजेश यादव, महेश भारती, सुनील कुमार राम समेत अन्य मौजूद थे।

## 6वां एसडीपीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया प्रदीप कुमार



खबर मन्त्र संवादाता

**सिमरिया।** सिमरिया 6वां अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार पदभार ग्रहण करते हीं सिमरिया इंस्पेक्टर उमेश राम लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार, पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक कुमार, सिमरिया एसआई सतीश कुमार, गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार, शिला ओपी प्रभारी राहुल कुमार दूबे के अलावे समाज सेवी लखन साहू, महेंद्र केशरी, अजय पाण्डेय ने गुलदस्ता देकर बारी बारी से सम्मानित किया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से रूबरु हुए साथ हीं एक दूसरे से परिचय का आदान प्रदान किया गया। क्षेत्र में युवाओं को नशा की लत एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अफीम की खेती के सवालों पर एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने कहा की पहले हम पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करेंगे उसके बाद लोगों के प्रति पुलिस पर विश्वास जीतने का प्रयास करते हुए वैसे नशेड़ियों को चिन्हित ग्रामीणों के माध्यम से किया जाएगा तद पश्चात कारवाई किया जाएगा। वहीं जिस थाना क्षेत्र में अफीम की खेती की जा रही है या की जाएगी वैसे गांवों को चिन्हित करते हुए वैसे व्यक्ति का नाम पता जानकारी लेते हुए कानूनी कारवाई करते हुए जेल के सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। आगे कहा की चाहे अवैध पत्थर का उत्खनन हो या अवैध बालू का का उठाव या संग्रह हो वैसे अवैध कारोबारियों को खैर नहीं हम ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी कानूनी कारवाई करेंगे। यह हमारी पहली प्राथमिकता होगी। वहीं ग्रामीणों से अविलंब समन्वय स्थापित करेंगे। मौके पर छोटू कुमार, तोमर मिंज के अलावे अनुमंडल पुलिस कार्यालय के समस्त कर्मी मौजूद थे।

# जनता के हर सुख दुख में खड़ा रहती है आजसु पार्टीः अशोक गहलोत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुंदा (चतरा)।** शुक्रवार को आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक बाजार टॉड देवी मंडप प्रांगण में आजसु केंद्रीय सदस्य संतोष यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव और केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के चतरा में संभावित आगमन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इसके अलावा, सर्वसमिति से पांचों पंचायत में पंचायत प्रभारी की नियुक्ति की गई।वही इस अवसर पर सुनील यादव, रोहित यादव, गौतम साव, नरेश सिंह, समेत दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ली,जिसे केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।यह बैठक मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति और तैयारियों पर केंद्रित रही। वही बैठक में राजेन्द्र यादव, सुनील चौधरी, विनोद महतो, शनिदयाल यादव समेत कई लोगों ने काहा की जनता अशोक गहलोत को किसी भी परिस्थिति में चतरा विधायक के रूप में देखना चाहती है, इन्होंने काहा की आजसु नेता अशोक गहलोत गरीब-गुरबा आम-अवाम के लिए कई ऐसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं जिससे जनता का झुकाव उनके प्रति बनी हुई है यदी इन्हें मौका मिलता है तो जनता का अपार समर्थन मिलने की संभावना दिख रही है। वही बैठक में आजसु नेता अशोक गहलोत ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा जनता के सुख-दुख में खड़ी रहती है। इसके साथ ही उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों पर भी चर्चा की और केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के चतरा में संभावित आगमन को लेकर विस्तार से बात की, गहलोत ने यह भी कहा कि आजसू पार्टी जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहती है और जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए काम करती है इसलिए पार्टी कार्यकताओं को भी जनता की सेवा में लगने का आह्वान किया है। बैठक में आजसु जिला सचिव राजेंद्र साहू, प्रतापपुर प्रखंड अध्यक्ष सलमान खुर्शीद, सतेंद्र गुप्ता, प्रखंड सचिव मिथिलेश महतो,पंचायत अध्यक्ष मुनारीक यादव, विनोद महतो, लवकुश गुप्ता, सतेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, लखन यादव, सतीश यादव, राणा प्रताप सिंह, रविंद्र भारती, लखन गंझु, कमलदेव यादव, राजदेव यादव, अजित भारती समेत सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

स्पीड न्यूज

### जंगल क्षेत्र में मंगल कालिंदी ने किया दौरा समस्याओं से हुए रूबरू



पटमदा। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित एक दर्जन गांवों में तूफानी दौरा करते हुए ग्रामीणों से मिले। इस दौरान विधायक ने प्रत्येक गांवों में ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से रूबरू हुए। विधायक ने सभी समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है। विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि दौरा का शुभारंभ बोड़ाम प्रखंड के गेडुआ गांव से किया गया और समापन पटमदा प्रखंड के राजाबासा में हुआ। इस बीच राहरगोड़ा, ब्रजपुर, कोलाबनी, नतुनडीह, मोहनपुर, बूढ़ीगोड़ा, तिलाईटांड़, झुंझका व मेघादह गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। दौरे के क्रम में विधायक ने ग्रामीणों को झारखंड सरकार की महताकांक्षी योजना मईंयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 - 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्रतिमाह एक - एक हजार रुपये बैंक खाता में भेज रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 200 यूनिट तक घरेलु उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ भी कर दिया है। जिसका प्रमाणपत्र शनिवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड कार्यालय में उपभोक्ताओं के बीच वितरण करेंगे। दौरे के क्रम में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### जमशेदपुर एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच कांटे की टक्कर आज

जमशेदपुर। जमशेदपुर एफसी 5 अक्टूबर को अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शाम 5 बजे (भारतीय समयानुसार) से खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024–25 में ईस्ट बंगाल एफसी से भिड़ेगी। खालिद जमील के रेड माइनर्स फिलहाल तीन मैचों में छह अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। वहीं, ईस्ट बंगाल एफसी लगातार तीन हार के साथ सबसे निचले 13वें पायदान पर है और फिलहाल अंतरिम मुख्य कोच बिनो जॉर्ज रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड की कमान संभाल रहे हैं। जमशेदपुर एफसी रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड के खिलाफ अपने पिछले तीन मुकाबलों में नहीं हारी है। हालांकि, उसने आईएसएल में कोलकाता के क्लब पर लगातार जीत दर्ज नहीं की है। अपने पिछले मैच में ओडिशा एफसी से हारने वाले रेड माइनर्स ईस्ट बंगाल के खिलाफ जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे, जिसकी आईएसएल सीजन की शुरूआत खराब रही है।

### दुर्गा पूजा को देखते हुए हेलमेट चेकिंग पर लगे रोक : आजसू

जमशेदपुर। शुक्रवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति द्वारा पुलिस डीएसपी ट्राफिक संजय सिंह को ज्ञापन दे नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए हेलमेट चेकिंग पर रोक लगाने की मांग की गई। मांग पत्र में कहा गया कि कर पूजा तक हेलमेट चेकिंग अभियान पर रोक लगाया जाना चाहिए। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि आस्था और विश्वास के पावन पर्व शारदीय नवरात्र पूजा का शुभारंभ हो गया है, और इस पावन पर्व में हर घर से लोग मेला देखने घर से अपने वाहन द्वारा निकलते है और उन सभी के पास पर्याप्त रूप से हेलमेट होना और उसको लेकर मेले में जाना और पुनः वापस घर आना मुश्किल जान पड़ता है। चूंकि घर के महिलाए और उनके साथ दंपति हेलमेट पहनते है लेकिन छोटे-छोटे बच्चे नही पहनते है और उस वक्त ट्रैफिक पुलिस उस दंपति को प्रताड़ित करता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गो रक्षकों को ही वोट दे हिंदू समाज : शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द

**जिस दिन देश में गो हत्या रुकेगी उसी दिन कर्ज उतरना शुरु हो जायेगा**

खबर मन्त्र ब्यूरो



सोनारी में शंकराचार्ज का स्वागत करते इंद्रजीत मल्लिक व उनका परिवार।

**जमशेदपुर।** सोनारी वेस्ट ले आउट आवास पर इंद्रजीत मल्लिक ने परमाराध्य परमधमार्धीष उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज का विधिविधान से पादुका पूजा किया। पूजन के बाद परमाराध्य परमधमार्धीष उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज ने कहा कि पूज्य शंकराचार्य जी महाराज गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए पिछले 22 सितंबर को अयोध्या धाम में पहुंचकर रामकोट की परिक्रमा कर इस यात्रा की शुरूआत की थी, ये ऐतिहासिक यात्रा पूर्वोत्तर के प्रायः सभी राज्यों में जाकर गोप्रतिष्ठा ध्वज की स्थापना कर चुकी। पत्रकारों से बातचीत में शंकराचार्ज ने देश के तमाम हिन्दूओं से अपील कि वे चुनाव के दौरान गो रक्षक उम्मीदवारों के पक्ष में ही मतदान करें। इससे देश में गो माता की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा को विगत दिनों तब एक बडी सफलता मिली जब महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ सम्भाजी शिन्दे जी ने देसी (रामा) गाय को राज्यमाता घोषित करके केबिनेट की प्रस्ताव की कापी शंकराचार्य जी के चरणों में सौंपा। पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा के माध्यम से भारत भूमि की ऊपर से सम्पूर्णतया गौहत्या का कलंक मिटाकर गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए है। सोनारी में भक्तों को सम्बोधित करते हुए पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि गो गंगा कृपाकांक्षी गोपालमणि जी का ये आन्दोलन अत्यन्त पवित्र है इसलिए इस आन्दोलन को बल देने के लिए हम इस अभियान में लगे हुए हैं। गाय को दूध समझने वाले और गाय को मांस समझने वाले दोनों ही गाय के महत्व से अनभिज्ञ हैं। भगवद्गीता में भगवान कहते हैं कि हमारे साथ भगवान ने यज्ञ को प्रकट किया और हम परस्पर एक दूसरे के लिए बनाए गए हैं। शंकराचार्ज ने कहा कि एकबार प्रजीपति ब्रह्मा जी द्वारा-देवता, दैत्य और मानव निमंत्रित किए गए, तैयार होने के बाद सुन्दर व्यंजन परोस दिया गया लेकिन ब्रह्मलोक के सेवकों ने सबके हाथ में एक लम्बा डंडा रस्सी के साथ बांध दिया। दैत्यों ने भोजन का बहिष्कार कर वहां से निकल गए। देवता और मनुष्यों ने एक दूसरे का सहयोग करते हुए एक-दूसरे को खिलाकर परम तृप्ति का अनुभव किया। दूसरे को खिलाने से संतुष्ट होते हैं हम भारतीय। हम अपने देवता, अतिथि और बच्चों के लिए भोजन बनाते हैं इसी को यज्ञ कहा जाता है। मंत्र और हवि के द्वारा यज्ञ होता है जिससे देवता प्रसन्न होते हैं। ब्राह्मण और गोमाता ही यज्ञ को सम्पन्न कराते हैं। बिना गाय के सारी पूजा उपासना व्यर्थ है, 33 कोटि देवता की सेवा ही गौसेवा है। पहली रोटी हम अपने 33 कोटि देव स्वरूपा गोमाता को समर्पित करते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज ने कहा कि महाराज दिलीप सर्वसामर्थ्यवान थे लेकिन पुत्र विहीन होने के कारण दुखी थे, गुरु वशिष्ठ के आदेश का परिपालन करते हुए 40 दिन तक अहर्निश गौसेवा की परिणाम अज नामका पुत्र हुआ उनके धर में, आगे चलकर इसी पवित्र वंश में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम नें अवतार धारण किया। शंकराचार्ज ने कहा कि भगवान को पाना है तो गोसेवा करो, भगवान ने कह रखा है- गवां मध्ये वसाम्यह मैं सदा गायों के बीच में ही रहता हूं। मातीति माता जो सबको अपने अन्दर समा ले वही माता है। गौमाता में सबकुछ समाहित है। ललितासहस्त्रनाम में भगवती को गोमाता कहकर सम्बोधित किया गया है। गौमाता सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली देवी है, हम सनातनी केवल दूध नहीं अपितु आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए गौसेवा करते हैं। शंकराचार्ज के प्रवक्ता ने बताया कि 5 अक्टूबर को राजधानी रांची में गोप्रतिष्ठा ध्वज स्थापित की जाएगी।

# सीएम हेमंत सोरेन एमजीएम हॉस्पिटल के अत्याधुनिक भवन का आज करेंगे लोकापर्ण

## मुख्यमंत्री ओपीडी की सेवा भी शुरु करेंगे, अस्पताल का करेंगे निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो



सीएम के आगमन की पूर्व संध्या पर नये अस्पताल भवन की व्यवस्था का अवलोकन कर निर्देश देते डीसी अनन्य मित्तल।



बालिगुमा में सीएम की सभा स्थल पर पुलिसकर्मियों और मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत जमशेदपुर के डिमना में एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में अस्पताल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन एवं ओपीडी सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री झारखण्ड, हेमन्त सोरेन द्वारा 5 अक्टूबर को किया जाना है। साथ ही बालिगुमा मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर डीसी अनन्य मित्तल, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, रूरल सह सिटी एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार द्वारा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सभी को उचित ड्रेस कोड में ससमय प्रतिनियुक्त स्थलों पर उपस्थिति एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया। जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण में तैयारियों का जायजा लिया गया।

मौके पर कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, वाहन पार्किंग, सुगम यातायात परिचालन, कार्यक्रम स्थल तक आवागमन की व्यवस्था, अलग अलग कार्यक्रम स्थल पर प्रेस प्रतिनिधियों की इंट्री, सुगम यातायात व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में बिंदुवार चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने स्तर से तैयारी पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने, सम्मानित जनप्रतिनिधियों व आगन्तुकों के बैठने, वाहन पार्किंग की व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, चलन्त शौचालय, मेडिकल टीम, अग्निशमन दल तथा एंबुलेंस की उपलब्धता, आवश्यक जगहों पर बैरिकेडिंग, आवश्यक साइनेज के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा एवम विधि व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो, हर स्तर पर पदाधिकारियों को समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर निदेशक एनईपी, एनडीसी, मानगो नगर निगम के अपर नगर आयुक्त, जेएनएसी के उप नगर आयुक्त, एलआरडीसी, जिला जमसम्पर्क पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी व अन्य प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आदित्यपुर नगर निगम की प्रशासक पारुल सिंह को सौंपा ज्ञापन

गम्हरिया/आदित्यपुर। आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड पांच के पूर्व पार्षद सिद्धनाथ सिंह से निगम के प्रशासक को ज्ञापन सौंपकर दुगार्पूजा के मद्देनजर को टाटा–कांड्रा मुख्य पर खराब पड़े स्ट्रीट लाईट की मरम्मत कराने, विभिन्न वार्डो में साफ–सफाई कराने तथा गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक, भालोटिया रोड एवं दुगार्पुजा मैदान तक के ठेला व सब्जी बिक्रेताओ को बाजार के अन्दर शिफ्ट कराने की मांग किया है। गम्हरिया से आदित्यपुर तक कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट खराब है। इसके अलावा कई वार्डों में भी स्ट्रीट लाइट खराब पड़ा है। साथ ही, गम्हरिया समेत कई जगहों पर पूजा पंडाल के आसपास कचरा जमा है। गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक से जगन्नाथपुर जाने वाला भालोटिया रोड एवं वार्ड 5 अंतर्गत दुगार्पूजा मैदान जाने वाला सर्विस रोड पुरी तरह अतिक्रमित है। इससे लोगो को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। गम्हरिया दुगार्पूजा मैदान के पास सर्विस रोड में जल जमाव होने से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।

# 13 दिन की बच्ची के ब्रेन हेम्ब्रेज एंड हाइड्रोसेफल का सफल सर्जरी

### ब्रम्हानंद नारायणा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल, तामुलिया

## डॉ राजीव महर्षि, डॉ उमेश और डॉ अन्वेषा की तिकड़ी की बड़ी उपलब्धि

विशेष संवाददाता



बच्ची की जान बचाने के बाद पत्रकारों को जानकारी देते न्यू सर्जन डॉ राजीव महर्षि। दायें से डॉ अन्वेषा मजुमदार, डॉ उमेश प्रसाद और सबसे दायें फेसिलिटी डायरेक्टर विनीत कुमार।

**जमशेदपुर।** नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया, जमशेदपुर में 13 दिन के शिशु की मस्तिष्क रक्तस्त्राव और विशाल हाइड्रोसेफलस की सफल सर्जरी की गयी। इस जटिल सर्जरी को न्यूरोसर्जन डॉ राजीव महर्षि ने अंजाम दिया, जिनका साथ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ उमेश प्रसाद और पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अन्वेषा मुखर्जी ने दिया। शिशु गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचा था। सर्जरी के बाद अब वह स्थिर स्थिति में है। विशेषज्ञों की टीम शिशु की रिकवरी पर नजर रखे हुए है, और परिवार ने अस्पताल के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। सबसे अच्छी बात यह है कि ऑपरेशन के बाद बच्ची की स्थिति सामान्य है। इस संबंध में शुक्रवार को साकची स्थित एक होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ राजीव महर्षि ने कहा कि हम इस ऑपरेशन के परिणाम से बहुत खुश हैं। इतने छोटे रोगी पर सर्जरी करना सटीकता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है, और हम उस टीम वर्क और देखभाल पर गर्व करते हैं जिसने इस सफल परिणाम को संभव बनाया। एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ उमेश प्रसाद ने कहा कि इतने छोटे शिशु के लिए न्यूरोसर्जरी में एनेस्थीसिया देना बहुत महत्वपूर्ण होता है और इसके लिए विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। सर्जरी के बाद, शिशु को डॉ अन्वेषा मुखर्जी के अध्यक्षता में रखा गया।

# बिंदल मॉल, मरीन ड्राइव में होटल कोजेट बिंदल का भव्य उदघाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बिंदल मॉल के संस्थापक और शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति शंकरलाल गुप्ता ने अपने पारिवारिक मित्रों और मेहमानों की उपस्थिति में मरीन ड्राइव स्थित बिंदल मॉल में होटल कोजेट बिंदल का दीप प्रज्ज्वलन द्वारा होटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शंकर लाल गुप्ता ने कहा कि होटल कोजेट बिंदल प्रत्येक अतिथि की जरूरतों को सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। होटल में आधुनिक सुविधाओं के साथ, मुख्य आकर्षण इसका 16000 वर्ग फुट का वातानुकूलित कोलंबिया बैंक्वेट हॉल है, जिसकी क्षमता 1000- 1200 मेहमानों को एक साथ सुविधाएं प्रदान करने की है। होटल के प्रबंध निदेशक अनुप गुप्ता ने कहा होटल का संचालन देश के एक प्रसिद्ध होटल समूह द्वारा किया जायेगा, जिसका नाम सिगनेट होटल एंड रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड है। सिगनेट ग्रुप का यह झारखंड का पहला होटल है। होटल के जनरल मैनेजर अमित लाल ने कहा कि जमशेदपुर में कोजेट बिंदल के उद्घाटन के साथ, हम भारत के बढ़ते मध्य-खंड आतिथ्य बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहे हैं। सभी कमरों की बुकिंग पर 15% का ओपनिंग ऑफर लागू है।

# लॉमेन ने जमशेदपुर में खोला झारखंड का पहला रिटेल स्टोर

**ब्रैंड झारखण्ड में 30 से ज्यादा एक्सक्लूसिव ब्रैंड आउटलेट्स खोलेगा : ध्यानेश**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड (केकेसीएल) के प्रतिष्ठित मेंस फैशन ब्रैंड लॉमेन ने शुक्रवार को जमशेदपुर में अपने पहले स्टोर का शुभारंभ किया। इसी के साथ, ब्रैंड ने झारखण्ड के बाजार में अपनी उपस्थिति और मजबूत करने की योजना की घोषणा की। लॉमेन की योजना झारखण्ड के प्रमुख बाजारों में और 40 नए स्टोर खोलने की है। लॉमेन ने जमशेदपुर के फैशनेबल पुरुषों की स्मार्ट, स्टाइलिश और आरामदायक कपड़े पहनने की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से यह विस्तार करने की योजना बनाई है। बिस्तुपुर का यह स्टोर 430 वर्गफीट क्षेत्र में फैला हुआ है। हैं। केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड के डायरेक्टर दिनेश जैन ने एक लिखित बयान में कहा, हम झारखण्ड प्रदेश के जमशेदपुर में अपने नये स्टोर का शुभारंभ करते हुए बहुत खुश हैं। यह राज्य में हमारा पहला स्टोर भी है।

# श्रीलेदर्स के रिनोवेटेड साकची शो रुम का डोलन डे ने किया उद्घाटन

**शो रुम के कायापलट को देख गद्गद हुए ग्राहक**

खबर मन्त्र ब्यूरो



रिनोवेटेड शो रुम का फीता काट कर उद्घाटन करती दोलन डे। साथ में उनके पुत्र शुभाशीष और सायन डे।

**जमशेदपुर।** साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स साकची के रिनोवेटेड शो-रूम का शुभारंभ डोलन डे, शुभाशिष डे एवं सायोन डे के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उक्त अवसर पर ग्राहकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीलेदर्स का यह रिनोवेटेड शो-रूम अब वास्तव में काफी आकर्षक हो गया है एवं अब खरीददारी करने का और भी आनन्द आयेगा। साकची श्रीलेदर्स के शुभाशिष डे ने कहा कि हमारे संस्थापक सह स्वतंत्रता सेनानी स्व सुरेश चन्द्र डे एवं हमारे पिता स्व आशिष डे (भाई) के द्वारा स्थापित मूल्यों एवं सिद्धांतों को हम आगे बढ़ाने का भरसक प्रयत्न कर रहें हैं और इस रिनोवेटेड अत्याधुनिक वातानुकुलित शो-रूम के बारे में कहा कि यह शो-रूम में पहले की अपेक्षा अब यहां खरीददारी करना एक सुखद अनुभव होगा। शो-रूम में उपलब्ध उत्पादों की जानकारी देते हुए शुभाशिष डे ने कहा कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर लेडिज, जेन्ट्स एवं किड्स के चप्पल, जूते, स्पोर्ट्स शूज, बेल्ट, पर्स, लेडिज हैंड बैग, स्कूल बैग आदि के नये-नये डिजाइनों में उपलब्ध हैं। पहले की अपेक्षा सारे प्रोडक्ट्स के रेंज में काफी बढ़ोत्तरी की गई है। इस शो-रूम में अब लेडिज, जेन्ट्स एवं किड्स के सारे नये एवं उनकी लम्बी डिजाईनें शो-रूम में इस तरह प्रदर्शित की गई है कि अब ग्राहकों को अपना मन पसंद प्रोडक्ट चुनने में कोई दिक्कत नहीं होगी। उक्त अवसर पर डोलन डे, शुभाशिष डे, सायन डे के अलावा शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## एक नजर में

### झारखंड को पति और पत्नी बंटी बबली बनकर लुट रहें हैं : अमर कुमार बाऊरी



चांडिल। शुक्रवार को चांडिल के एनएच 32 न्यू बाई पास रोड चांडिल में भाजपा का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 26 वर्षों से झामुमो पार्टी में रहें झामुमो के केंद्रीय सदसय पप्पु वर्मा तथा चांडिल के समाजसेवी सह सेवा ही संकल्प के संस्थापक राकेश वर्मा अपने 15 हजार समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी उपस्थित होकर दोनों को पार्टी का अंगवस्त्र तथा गुलदस्ता देकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी ने झामुमो पर हमला बोलते हुए कहा पहले बाप ने झारखंड को लुटा अब पति पत्नी बंटी बबली बनकर लुट रहें हैं। चंपाई सोरेन ने कहा बांग्लादेशी घुसपैठियों का हब बना हुआ है झारखंड। भाजपा ही घुसपैठियों को बाहर निकाल पाएंगी। पप्पू वर्मा ने कहा हमने निस्वार्थ भाव से सुधीर दा के साथ झामुमो को सिंचने का काम किया है। सुधीर दा के निधन के बाद ईचागढ़ के सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं को एक सुत्र में बांधे रखने का काम किया है। अब झामुमो को बुथ स्तर पर भी काम करने का कार्यकर्ता नहीं मिलेगा। इस मौके पर ईचागढ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटा शंकर पाण्डेय, बोनु सिंह सरदार, दिवाकर सिंह, प्रभात पोद्दार आदि उपस्थित थे।

### लिट्टी चौक से एनएच-33 को जोड़ने वाले पुल व पहुंच पथ का सीएम ने किया ऑनलाइन शिलान्यास



जमशेदपुर। लिट्टी चौक, एग्रिको से एनएच 33 तक पुल और पहुंच पथ का वर्चुअल शिलान्यास शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन ने किया। दूसरी ओर, निर्माण स्थल पर शिलान्यास की औपचारिकता विधायक सरयू राय ने पूरी की। इस अवसर पर विभागीय पदाधिकारी विशेष रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि इस पुल और पहुंच पथ के बनने से पूरे शहर, खास कर मानगो के लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी। इसके निर्माण से इस मार्ग पर यातायात का परिचालन बढ़ेगा। इससे लिट्टी चौक पर ट्रैफिक का बोझ बढ़ेगा। इसके लिए टाटा स्टील और जिला प्रशासन को अभी से उपाय करना होगा ताकि पुल का निर्माण होते होते इस समस्या का समाधान भी निकल आए। राय ने बताया कि इस पुल के निर्माण के लिए मैंने विधानसभा में 21 मार्च, 2022 और 20 दिसंबर, 2022 को सवाल किया था। दोनों ही बार सरकार ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। इसके बावजूद मैंने प्रयास जारी रखा। विभागीय सचिव से लेकर अभियंता प्रमुख तक से वार्ता की जिसके फलस्वरूप इस योजना को मूर्त रूप मिला और इसका निर्माण प्रारंभ हो रहा है। यह मेरे लिए प्रसन्नता की बात है।

### अरका जैन विवि : आदित्य कुमार को मिस्टर और भाव्या आनंद को मिस नवोत्सव का खिताब





जमशेदपुर। अरका जैन विश्वविद्यालय के नवोत्सव, अरका लिटरेरी फेस्ट व गांधी–शास्त्री जयंती के दो दिवसीय कार्यक्रम में शहर के 20 स्कूल से आये करीब 500 से अधिक छात्र–छात्राएं शामिल हुए। उन्होंने इस कार्यक्रम के तहत 26 प्रतियोगिताओं में शिरकत की। बता दें कि यूनिवर्सिटी में हर वर्ष उत्साह और उमंग के साथ नवोत्सव के तहत अंग्रेजी विभाग की ओर से लिटरेरी फेस्ट और गांधी–शास्त्री जयंती सप्ताह का आयोजन किया जाता है। महोत्सव के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि केरला पब्लिक स्कूल्स के निदेशक डॉ श्रीकांत नायर थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष प्रो (डॉ) सैयद सफदर रजी, निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, निदेशक परिसर प्रो (डॉ.) अंगद तिवारी, वित्त पदाधिकारी ऋचा गर्ग, आयोजन समिति की समन्वयक डॉ. पोम्पी दास सेनगुप्ता और डॉ राजकुमारी घोष के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव की शुरूआत की। इस अवसर पर डॉ श्रीकांत नायर ने कहा कि नवोत्सव और लिटरेरी फेस्ट के इस बड़े आयोजन से विद्यार्थियों में कला और साहित्य के प्रति रुचि बढ़ेगी। 20 से अधिक स्कूलों से आये प्रतिभागियों का इस कार्यक्रम में शामिल होना इस आयोजन की सफलता को साबित करता है। कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि नवोत्सव और लिटरेरी फेस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक, साहित्यिक और कलात्मक प्रतिभा की खोज और उसे बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के पहले दिन शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। फूड स्टॉल प्रतियोगिता में अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्टॉल को पुरस्कृत किया गया। वहीं अरका जैन यूनिवर्सिटी के छात्र आदित्य कुमार को मिस्टर और छात्रा भाव्या आनंद को मिस नवोत्सव का खिताब प्रदान किया गया। फैकल्टी मेंबर्स की प्रतियोगिता में रंजन कुमार मिस्टर नवोत्सव फैकल्टी तथा डॉ निकिता मिस नवोत्सव फैकल्टी रहीं। अरका लिटरेरी फेस्ट में ओवरऑल चैंपियन संत मेरी हाई स्कूल और रनर अप चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क रहा। डॉ अंगद तिवारी ने गांधी–शास्त्री जयंती सप्ताह पर स्वच्छता की शपथ दिलाई। डॉ राजकुमारी घोष ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### चंचल भाटिया ने 14वीं बार किया प्लेटलेटस दान



जमशेदपुर। ब्लड बैंक द्वारा चंचल भाटिया से संपर्क किया गया तो सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए जमशेदपुर ब्लड बैंक में जाकर प्लेटलेट्स दान किए। उन्होंने 14वीं बार प्लेटलेट्स दान किया है। चंचल भाटिया इससे पूर्व 13 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं। ब्लड बैंक के डॉ संजय चौधरी ने चंचल भाटिया का आभार किया कि वे लगातार जरूरतमंद मरीजों के लिये प्लेटलेट्स एवं रक्तदान करते रहते हैं, यह प्रेरणादायक है। भाजपा सिख नेता सतवीर सिंह सोमू ने कहा कि मौसम बदलाव के कारण डेंगू का प्रकोप आज कल बढ़ा हुआ है एवं प्लेटलेट्स के जरूरतमंद की कतार बढ़ती जा रही है। इस दौरान हौसला अफजाई के लिये ब्लड बैंक के प्रमुख डॉ संजय चौधरी, सतबीर सिंह सोमू, इंद्रजीत सिंह इंदर, डॉ मनोज महतो, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के अरिजीत सरकार, हरभजन सिंह, आकाश सिंह , कुमारेश आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विस चुनाव को लेकर आईएलएमएस ऐप का दिया गया प्रशिक्षण



मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को इंटीग्रेटेड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ऐप से संबंधित समाहरणालय के सभागार में विभिन्न बीडीओ, सीओ व अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी को ट्रेनिंग दिया गया। सभागार में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने बड़े स्क्रीन पर आईएलएमएस ऐप को डाउनलोड कर सभी को ऐप के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने सभी से कहा कि ऐप में छः अलग-अलग विंडो है। पहला विंडो लाइब्रेरी है जिसमें एलेक्शन्स मैन्युअल, लैंडमार्क जजमेंट, चेकलिस्ट, विभिन्न विषयों पर संशोधन आदि के मैनुअल्स है। इन्हें अपने आवश्यकतानुसार अवलोकन किया जा सकता है। वीडियो वाले सेक्शन में चुनाव से जुड़े विभिन्न तरह के विडियो, असेसमेंट में क्विज आदि का टेस्ट लिया जा सकता है। इसी तरह उन्होंने वेबसाइट, रिव्यू,लाइव टेस्ट आदि पर जानकारी दी। बैठक में उपायुक्त रंजन ने सभी बीडीओ-सीओ को आगामी दुर्गापूजा के मद्देनजर अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव नजदीक है, ऐसे में आप सभी को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### छह मुहान पर चला जांच अभियान



मेदिनीनगर। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में पुलिस ने छह मुहान चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। पुलिस ने चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजातों की जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड थे। कुछ बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। जिनके वाहन को जब्त कर शहर थाना में रखा गया है। 14 बाइक को सीजीएम कार्यालय चालान फाइन हेतु भेजा गया है।

### विधायक ने पंचकेड़िया में जिंजोइ नदी पर पुल का किया शिलान्यास



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के पचकेड़िया में जिंजोइ नदी पर उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी ने किया। मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार समेत कई लोग शामिल थे। कई लोगो ने भाजपा का दामन थामा। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने माला पहनाकर नये लोगों का स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पुल के बन जाने से दर्जनों गांव का आवागमन की सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि पुल निर्माण से लोग आसानी से जिला व प्रखंड मुख्यालय पहुंचेंगे। ग्रामीणों ने पुल के शिलान्यास के लिए विधायक को आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुखिया विशेष पासवान ने किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि पाटन, संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि किशुनपुर अशोक तिवारी, भाजयुमो अध्यक्ष अभिषेक सिंह, सुजाता सिंह, नीलम देवी, जैनेंद्र यादव, बबल साह, ओमप्रकाश पांडे, जमुना प्रसाद, सुजीत साहू, अंजय सिंह, जितेंद्र उप्पधाया, राजू माली, विकास साहू, शुभम क्रांति, शैलेश मेहता, लाल बिहारी मेहता, अमरेश महतो, महेन्द्र मांझी, अजित, पारस सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### अनियमितता पूर्ण चौकीदार बहाली को रद्द करे सरकार : आशीष भारद्वाज



मेदिनीनगर। उपायुक्त पलामू के विज्ञापन संख्या 01/24 के आधार पर ज़िले में चौकीदार बहाली प्रक्रिया संपन्न कराई गई है। बहाली बिट वाइज थी और हरेक बिट में उस बिट में पड़ने वाले गांव के नाम अंकित है। जहां के अभियार्थी ही उसमे आवेदन कर सकते है और उन्हीं का आवेदन स्वीकार्य होगा। लेकिन इसकी घनघोर अनदेखी करते हुए ज़िला प्रशासन ने किसी अन्य बिट के भी अभ्यर्थियों का या जिनके गांव का नाम ही बिट में नहीं है उनका भी आवेदन को स्वीकारा है। बिट वाइज नियमावली का अनदेखा करते हुए ऐसे अभियार्थियों का लिखित परीक्षा भी ले लिया गया है। सामाजिक कायकर्ता आशीष भारद्वाज ने कहा कि सरकार के पोर्टल पर जो विज्ञापन प्रदर्शित है उसमे पॉइंट संख्या 7 के बाद सीधे पॉइंट संख्या 10 का वर्णन है बीच के पॉइंट गायब है। शारीरिक परीक्षा में भी घोर अनियमितता बरती गई है, कुछ ऐसे अभियार्थियों का भी रिजल्ट आया है जो आधे दौड़ से ही बाहर हो गये है, कुछ अभियार्थियों को प्रशासनिक पदाधिकारी पकड़कर दौड़ाकर दौड़ के अंतिम बिंदु तक पहुंचा रहे है ऐसा वीडियो साक्ष्य है। इन्ही बिंदुओं को लेकर आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ों चौकीदार परीक्षा के अभियार्थियों ने उपायुक्त पलामू से मुलाकात कर उन्हें इस परीक्षा में कदाचार हुई है इस बात से अवगत कराया। आशीष ने बताया कि प्रथम दृष्टया इस परीक्षा में अनियमितता हुई है। सभी बिंदुओं को उपायुक्त पलामू के समक्ष रख कर मांग किया है कि इस परीक्षा को रद्द कर पुनः बहाली परीक्षा आयोजित की जाये। उपायुक्त पलामू ने यह विश्वास दिलाया है कि अगर कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो वे उसकी जांच करेंगे, तब ही इसकी कोई अगली प्रक्रिया करेंगे। उपायुक्त के कार्यालय में अभियार्थी संटू यादव, जयप्रकाश, आयुष, राजकुमार, राकेश, मानती, ब्रजेश पाल, बिकेश साव, धनी साव, शिव, कल्पना, बबलू साव, संजीत, आकाश, राजा, राकेश, मृतुंजय सिंह आदि अभियार्थी उपस्थित थे।

### विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय की स्थिति दयनीय : प्रमुख

विश्रामपुर पलामू। विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय की स्थिति दयनीय हो गई है। 26 सितंबर के बाद प्रखंड कार्यालय में कोई भी पदाधिकारी नहीं पहुंचे। ऐसे में सभी तरह के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अधिकारियों के नहीं होने से प्रखंड कर्मी भी सदैव गायब रहते हैं। लोगों का कोई भी कार्य नहीं हो पा रहा है। आय, जाति, आवास आदि कार्य भी प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा परेशानी प्रतियोगी छात्र छात्राओं को हो रही है। जो नियमित प्रखंड कार्यालय का दौड़ लगा रहे हैं। उक्त बातें विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख रंभा देवी ने कही। उन्होनें कहा कि यहां अधिकारी व कर्मियों की तानाशाही कायम है। कोई भी कार्यालय नहीं आ रहे हैं। रंभा देवी प्रखंड व अंचल कार्यालय कक्ष का भ्रमण किया। लेकिन कहीं भी कोई अधिकारी व कर्मी नहीं मिले। बताया कि आवास कंप्यूटर ऑपरेटर प्रीती कुमारी से स्वीकृत आवास की सूची मांगने पर उपलब्ध नहीं कराती। प्रमुख रंभा देवी ने कहा कि पूरे मामले को लेकर उपायुक्त पलामू सहित उप विकास आयुक्त व सदर एसडीओ को अवगत कराया जाएगा।

### कांग्रेस का जनसंवाद अभियान के तहत चौपाल कार्यक्रम आयोजित



सतबरवा। कांग्रेस पार्टी जन संवाद अभियान के तहत सतबरवा के बीआरसी परिसर में शुक्रवार को चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने की। संचालन प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस नेता शैलेश चंद्रवंशी ने की। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ही राज्य के जनता की शुभचिंतक है। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए कांग्रेस पर आरोप -प्रत्यारोप करते आ रही है राज्य की जनता इनके नीति और चरित्र से वाकिफ है। मौके पर रविंद्र सिंह, सत्यनारायण सिंह, मानस सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस देश की रक्षा करने वाली तथा अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में अपना अहम योगदान दे सकती है। मौके पर लाल सूरज, रुद्र शुक्ला, लक्ष्मी नारायण तिवारी, दीनानाथ, रामाशीष, कामाख्या नारायण, मुकेश सिंह राम अवतार सिंह, राजकुमार, दीपक चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## डांडिया नाइट 2024 की तैयारी पूरी : आनंद शंकर

### प्रवेश पत्र समाप्ति की ओर : आलोक माथुर

### महिला विंग की अध्यक्ष बनीं प्रियंका सिंघानिया व सचिव शिखा अग्रवाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक कर नवरात्रि के शुभ अवसर पर 8 एवं 9 अक्तूबर को होने वाली डांडिया नाइट 2024 की तैयारी की समीक्षा की गई। कार्यक्रम निदेशक आलोक माथुर ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पिछली बार से और भव्य इस बार का कार्यक्रम है क्योंकि दोनों दिन फिल्म और टीवी स्टार है। इस बार प्रवेश पत्र पाने के लिए लोगों में खासकर महिलाओं में होड़ लगी है। दो-तीन दिनों के अंदर सारे प्रवेश पत्र समाप्त हो जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि सर्वसम्मति से पलामू चैंबर महिला विंग का गठन कर लिया गया। जिसमें प्रियंका सिंघानिया को अध्यक्ष बनाया गया है। वही सचिव शिखा अग्रवाल बनी है। संस्था में दो उपाध्यक्ष कोमल अग्रवाल सर्राफ और रंजीता केडिया को बनाया गया है। ट्रेजर पूजा भिवानिया होंगी। कमेटी में एक्सक्यूटिव मेंबर के रूप में संध्या जायसवाल, अलका सिंघानिया, आरती आनंद, सिमरन सिंघानिया, शिवानी आनंद, प्रीति, गुंजन अग्रवाल को मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने बताया कि दो-तीन दिनों के अंदर डांडिया नाइट से पहले 25 मेंबर और सम्मिलित होंगी। सभी सदस्यों ने महिला विंग के नव नियुक्त सदस्यों को बधाई दी। मौके पर आलोक माथुर ने बताया कि इस बार सुरक्षा कड़ी की गई है। बाहर से 20 महिला पुरुष बाउंसर बुलाये गए हैं। साथ ही एसआइएस की टीम भी रहेगी। दिल्ली दरबार द्वारा खाने-पीने की भी व्यवस्था की गई है जहां बिना लहसुन प्याज के भी व्यंजन मिलेंगे। अब अंतिम चल रहे प्रवेश पत्र दिल्ली दरबार, आनंद मोटर्स, नवदीप वस्त्रालय, गेम्स एंड बाइट, आर प्लैटिनम और होटल शिवाय ब्लू में चंद उपलब्ध है। जहां से एक-दो दिनों के अंदर प्राप्त किया जा सकता है। चेंबर अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता के लिए महिला विंग को धन्यवाद दिया।

## विकास कार्यों मे कोताही व लापरवाही बर्दाश्त नहीं : विधायक डॉ शशिभूषण



खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तरहसी प्रखंड के पंचायत मझौली के झलखण्डी धाम का तोरण द्वार निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। मौके पर क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि झलखंडी धाम के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा जायेगा। झलखंडी धाम का नाम व पहचान पुरे झारखण्ड में होगी। इसे प्रयटन केंद्र के रूप विकसित करने को लेकर पहल किया गया है। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर झलखंडी धाम को पर्यटन केंद्र के रूप मे घोषित करने का काम किया जायेगा। डॉ मेहता ने कहा कि पांकी बिधानसभा क्षेत्र का बिकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, समाजसेवी अनुज सिंह, समाजसेवी कमेश यादव, कार्तिक सिंह, सुधीर तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सेवानिवृत अभियंता गणेश कुमार ने भाजपा से पेश की दावेदारी

### पाटन-छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सेवनिवृत अभियंता ई गणेश कुमार ने भी विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बनाया है। इस बावत कुमार ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में अपना बायोडाटा जमा कर दावेदारी पेश किया है। गणेश कुमार ने अनुसूचित जाति सुरक्षित सीट पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मन बनाया है। कुमार ने बताया कि पलामू में तकनीकी अधिकारी के रूप मे पदस्थापित रहते हुए कई वर्षो तक बतौर सहायक अभियंता पाटन व छतरपुर प्रखंड में सेवा का मौका मिला था। उस दौरान बिधानसभा के सभी गांव को नजदीक से देखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि बिधानसभा क्षेत्र की मुलभुत और वहां की समस्या के बारे में भी अवगत रहा हूं। उन्होंने कहा कि यदि मौका मिलेगा तो बिधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। साथ ही जनहित से जुडी समस्याओं का त्वरित निदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि छतरपुर पाटन विधानसभा विकास के मामले में अभी भी पीछे है। उन्होंने कहा कि जनता ने मौका दिया तो क्षेत्र का तस्वीर बदल देंगे। लोगों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता होगी।

## गांधी उद्यान पार्क में आठ और नौ अक्टूबर को होगा डांडिया नाईट

### बॉलीवुड के दो कलाकार आयेंगे पलामू : प्रियंका




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीय महिला विंग द्वारा शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डांडिया नाईट का आयोजन आठ व नौ अक्तूबर को गांधी उद्यान पार्क में किया जायेगा। इसमें मुंबई से वॉलीवुड के दो कलाकार रीमी सेन व रश्मि देसाईं पलामू पहुंचेगी। जो जिलेवासियों को डांडिया का एक से बढ़कर एक करतब दिखाकर लोगों को भरपूर मनोरंजन दिलाएगी। इस संबंध में अध्यक्ष प्रियंका सिंघानियां ने शिवाय ब्लू होटल में प्रेस वार्ता कर बताया कि इस बर्ष की डांडिया नाईट काफी मनमोहक व दिलचस्प होनेवाला है। उन्होंने बताया कि चेंबर ऑफ कामर्स की महिला विंग के द्वारा मेदिनीनगर वासियों के लिए शारदीय नवरात्र फिका न पड़े इसे ध्यान में रखते हुए डांडिया नाईट का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि महिला विंग के द्वारा सामाजिक सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यों को अंतिम मुकाम तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि पलामू के कई ऐसे महिला उद्यमी हैं जो अपना प्रचार प्रसार करने में सक्षम नहीं हैं जिस कारण उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं हो पाता है ऐसे महिला उद्यमियों के लिए महिला नाईट का मंच उपलब्ध है। वे अपना प्रचार प्रसार शुल्क देकर करा सकती हैं। डांडिया नाईट की कोर्डिनेटर आरती आनंद ने बताया कि आठ अक्तूबर को बेस्ट कपल डांस, बेस्ट ड्रेसप गर्ल, बेस्ट डांस चाइल्ड एवं नौ अक्तूबर को बेस्ट कपल ड्रेस, बेस्ट गर्ल डांस, बेस्ट ड्रेस चाइल्ड, बेस्ट ड्रेस ब्वाय के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। सचिव शिखा अग्रवाल ने बताया कि इस डांडिया नाईट में पांच सौ लोगों के लिए व्यवस्था की गई है। जो सभी के लिए टिकट लागू होगा। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष संध्या जायसवाल, मेंबर गुंजन अग्रवाल, उपाध्यक्ष रंजीता केडिया, कोमल सर्राफ, कोषाध्यक्ष पूजा भिवानिया, प्रीती राज गुप्ता, शिवानी आनंद आदि शामिल थे।

### जमीन विवाद में गोलीचालन, तीन घायल





चैनपुर(पलामू)। चैनपुर थाना क्षेत्र पूर्णामझिगावां में जमीन विवाद में गोलीबारी की गई। इस गोलीबारी में तीन लोगों को गोली लगी है। जानकारी के अनुसार जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने छत से दूसरे पक्ष पर फायरिंग की। इस गोलीबारी में अखिलेश चौरसिया, सूर्यदेव प्रसाद और सुरेंद्र चौरसिया को गोली लगी। सूर्यदेव प्रसाद को गले में गोली लगी है। सभी को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जहां सूर्यदेव प्रसाद को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन में जुट गये। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंचे हैं। जख्मी सूर्यदेव प्रसाद ने बताया कि 1989 से जमीन का विवाद चल रहा है। शुक्रवार को विवादित जमीन पर जुताई करने गये थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने फायरिंग की। इससे पहले गुरुवार को दूसरे पक्ष ने अपने हिस्से की जुताई की थी। उसके बाद दोनों पक्षों में तनाव का माहौल बना हुआ था। वहीं दुसरे पक्ष से आशुतोष चौरसिया को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही एक आशुतोष चौरसिया के नाम से अनुज्ञप्ति हथियार राइफल बरामद किया गया है।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन






खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

इस संदर्भ में नवरात्र पर्व की महत्ता का प्रतिपादन पूजा भारती के द्वारा किया गया। कुमारी ऐश्वर्या ने माता दुर्गा के नौ रुपों का वर्णन करते हुए दैनिक जीवन संबंधी उपयोगिता पूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। माता दुर्गा के नौ रुपों की झांकी अप्रतिम व अविश्वनीय प्रतीत हो रहा था। जिज्ञासा एवं नेहा ने मां दुर्गा पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि मां दुर्गा की भक्ति और परमात्मा की शक्ति सदैव शुभ व फलदायी होता है। वैदिक युग से चली आ रही उपासना का वैज्ञानिक महत्व भी है। मां दुर्गा आप सभी के जीवन में अंधकार का नाश कर, प्रकाश का संचार करें। संचालन पूजा भारती के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र उपस्थित थे।

### पूर्व जिप सदस्य मीना गुप्ता ने किया कई गांवों का दौरा

मेदिनीनगर। पूर्व जिला परिषद सदस्य मीना गुप्ता डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ, कुमनी, करसो, केलहार, बोडी, मतौली आदि गांवों का सघन दौरा कर क्षेत्र की समस्या से अवगत हुई। उन्होंने कहा कि ग्राम करसों में मुख्य सड़क मार्ग निर्माण के बाद जिनका जमीन गया है उसमें कुछ लोगों का मुआवजा बकाया था उसे चैनपुर प्रखंड के अंचल अधिकारी से बात कर रिपोर्ट जिले में भेजवाई और कुछ लोगों का बिजली विभाग से संबंधित बिल माफी कराना था जिसे मैं स्वयं विभाग पहुंचकर कार्य कार्रवाई। यहां पर लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के साथ-साथ पेयजल की अत्यधिक समस्या है। क्षेत्र के लोग काम की तलाश में पलायन कर जाते हैं क्योंकि स्थानीय स्तर पर कोई भी रोजगार नहीं होने के कारण घर परिवार चलाना काफी कठिन हो जाता है सरकार के स्तर पर भी कोई पहल नहीं होता है। चैनपुर प्रखंड के ग्राम कोल्हुवा में ही कौशल विकास ट्रेनिंग सेंटर है जिसमें दूर-दूर के लोग आकर ट्रेनिंग ले रहे हैं और रोजगार पा रहे हैं।

### आपसी विवाद में महिला ने की आत्महत्या

पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत मेराल ग्राम निवासी पुजा देवी ने आपसी विवाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पूजा ने पति मिथुन सिंह से विवाद होने के बाद जान दे दिया। पूजा का पति रांची में रहकर काम करता था। मिथुन सिंह कल शाम में ही अपने घर रांची से लौटा था। पूजा के तीन बच्चे हैं। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है अभी किसी तरह का कोई आवेदन मायके पक्ष के द्वारा नहीं दिया गया है।

### सहायक प्रधानाध्यापक और पत्नी पर हमला करने के मामले में महिला समेत तीन गिरफ्तार



सतबरवा। थाना क्षेत्र के रांकीखुर्द मंगरबांध टोला निवासी सह स्कूल के सहायक प्रधानाध्यापक अर्जुन मेहता और उनकी पत्नी चमेली देवी को तेज धारदार हथियार से वार करके जख्मी करने के आरोप में एक महिला समेत तीन आरोपी को शुक्रवार की सुबह में सलैया गांव के पास से सतबरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पिता पुत्र और एक महिला शामिल है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बिनोद उरांव और रविंदर उरांव दोनों पिता पुत्र तथा पुनीता देवी पति संतोष उरांव ग्राम सलैया के निवासी है। इस मामले में 11 लोगों पर भुक्तभोगी अर्जुन मेहता के पुत्र ने नामदर्ज प्राथमिक दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उरांव तथा भुईया और मेहता परिवार के बीच वर्षों से जमीन विवाद का मामला चल रहा है। बुधवार के सुबह अर्जुन मेहता अपनी पत्नी के साथ जमीन जोतवाने गये थे। इसी दौरान दो महिलाओं से तू-तू मैं-मैं होने के बाद विवाद बढ़ गया था। दूसरे पक्ष के महिला के परिजनों ने हथियार से हमला करके पति-पत्नी को जख्मी कर दिया था। गिरफ्तारी के दौरान एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, एएसआई बसंत दुबे, कुमार नीरज और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### अंकुश जेनरल स्टोर में अज्ञात लोगों ने की चोरी

बिश्रामपुर पलामू। नौगढ़ा ओपी अंतर्गत पंजरी कला महार्था टोला में अंकुश जेनरल स्टोर से नकद सहित हजारों रुपये के समान की चोरी कर ली गई है। दुकानदार नागेंद्र पासवान ने नौगढ़ा ओपी में आवेदन देकर जानकारी देते हुए बताया कि मेरा किराना एंड जेनेरल स्टोर है। गुरुवार की रात मैं करीब 9 बजे पुराने घर पर सोने चला गया। शुक्रवार के सुबह जब दुकान पर आया तो देखा की दुकान की ताला टूटा हुआ है। सूचना पाकर ओपी प्रभारी अनिल कुमार यादव ने घटना स्थल पर जाकर जांच की एवं दुकान संचालक नागेंद्र पासवान से पूछताछ किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में गणित व विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में शुक्रवार को गणित-विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डिग्री कॉलेज जपला के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सतीश सिंह,अशोक सिंह, राहुल सिंह, डॉ मलय राय, दिनेश जी कश्यप, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती, भारतमाता एवं चराचर जगत में व्याप्त ऊं के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पित कर भारत के महान वैज्ञानिकों को नमन किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा कि विज्ञान क्षेत्र में नित्य नए हो रहे खोज और अनुसंधान ने मानव जीवन को सरल बना दिया है। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने बताया कि यह प्रदर्शनी तीन वर्गों शिशु, बाल और किशोर में आयोजित की गई थी। निर्णायक की भूमिका में अवकाश प्राप्त शिक्षक सतीश सिंह, राहुल सिंह, रंजीत मिश्र, दीपक पाण्डेय, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक, योगेन्द्र महतो, हर्षदा उपाध्याय, नीतीश मिश्रा विशेषज्ञों के साथ विद्यालय के आचार्य भी रहे।

### रामगढ़ः मनरेगा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण प्रारंभ



रामगढ़ पलामू। रामगढ़ प्रखंड सभागार में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ रामगढ़ प्रखंड प्रमुख प्रेमनी देवी के द्वारा प्रखण्ड सभागार में किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में पूनम सिंह, सुमन गुप्ता ने लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया। कहा कि प्रशिक्षण में लोगों में दक्षता आयेगी। साथ ही कार्य करने की शैली में बदलाव आयेगा। मौके पर प्रखण्ड पंचायत राज पधाधिकारी, उदय नाथ राम, प्रखण्ड समन्वयक पंचायती राज, मंदीप सिंह,प्रखण्ड प्रधान सहायक, प्रशिक्षण में पंचायत सचिव, गिरवर उरांव, सूरज सिंह, मनीष सिंह, पंकज सिंह, ताहिर अली, प्रधान सहायक ,रविकांत कुमार, सहायक रूपेश कुमार चौरसिया, धर्मजीत सिंह, मुखिया उमाशंकर प्रसाद, शबनम निशा, दुलारी देवी, संगीता देवी, मोतीलाल मुंडा, शोभा देवी,और पंचायत भवन में शिफ्ट प्रज्ञा केंद्र संचालन करता, जाबीर हुसैन, इस्तखार अंसारी, शमापरवीन, आलोक कुमार, सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## जिप सदस्य संग्राम सिंह दर्जनों कलश यात्रा में हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने अपने क्षेत्र के बैदा कला, टंडवा, खरौंधा, मझौली सहित दर्जनों दुर्गा पूजा के कलश यात्रा में भाग लिया। पाटन प्रखंड में कलश यात्रा के साथ मां दुर्गा की पुजा अर्चना शुरू हो गई। सारे लोग माता की आराधना में लीन हो गये हैं।

चहुंओर मां दुर्गे की पूजा अर्चना व जगह जगह श्रीरामचरित्रमानस नवाह्नपरायण पाठ महायज्ञ से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। वहीं जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि नवरात्र पर्व कठिन व शुद्धता के साथ मनाया जाता है। श्रद्धालु नौ दिन उपवास रखकर पूजा अर्चना करते हैं। नवरात्र में मां दुर्गे अपने भक्तों पर श्रद्धा व कृपा बरसाती हैं। कहा कि लोग आपसी भाईचारा कायम करते हुए दुर्गा पूजा मनायें।

पुजा कमीटी के लोग आये हुए श्रद्धालु को यथासंभव सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुजा पंडालों में नवरात्र के दौरान लगातार दौरा करेंगे तथा यथा संभव कमिटी के लोगों को सहयोग किया जायेगा।

**ग्राम सकलदीपा मंडप में कलश यात्रा के साथ यज्ञ व दुर्गा पूजा प्रारंभ**

ग्राम सकल दीपा दुर्गा मंडप में कलश यात्रा के साथ 40 वें रामचरितमानस नवाह्नपरायण यज्ञ सह दुर्गा पूजा प्रारंभ हो गया है।

श्रद्धालु मां दुर्गे की पूजा अर्चना कर रहे हैं। 11 अक्तूबर तक बाहर से आए हुए विद्वानों की कथा प्रारंभ है। कथा वाचक भोपाल मध्य प्रदेश से प्रेमलता मिश्रा की संगीतमय कथा, उत्तर प्रदेश जौनपुर से श्री पंडित श्याम जी शास्त्री व औरंगाबाद निवासी ईश्वर चंद्र पांडे लोगों को प्रवचन का रसापान करा रहे हैं। कलश यात्रा में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष प्रयागा, कोषाध्यक्ष अरुण पांडेय, राम विनय पांडेय, कृष्णा पांडेय, महेंद्र पांडेय, जोगेंद्र पांडेय, अजय पांडेय, राजू पांडेय, उप मुखिया विवेक सिंह, मुखिया अखिलेश पासवान शामिल थे।

## कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र आरंभ, मां दुर्गा की आराधना में जुटे श्रद्धालु



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को कलश स्थापना होने के साथ ही शारदीय नवरात्र महोत्सव आरंभ हो गया। सुबह में मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से ढोल ताशा के साथ जलयात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण करते हुए बटाने नदी पर पहुंची। यहा से जल कलश भर कर मंदिर मे स्थापित किया गया। साथ ही पुजारी पंडित धनंजय मिश्रा के द्वारा श्री दुर्गा सप्तशती का सस्वर नवाह्न पाठ से पूरा शहर भक्तिमय बन गया है। वही रात्री मे अखाड़ा पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजक नवयुवक सांस्कृतिक समिति के द्वारा मंदिर तथा आसपास के परिसर मे रोशनी की शानदार सजावट करने के साथ शहर मे हर तरफ ध्वनि विस्तारक लगाया गया है। उधर बजरंग दल बेलोदर, जय भवानी संघ महाराजगंज के अलावा तेंदुआ, सुलतानी, बभंडी, पीपरा, ढाब सहित दर्जनों गांव में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव का आगाज हुआ। इस अवसर पर पूजा समिति के ओम प्रकाश अकेला, राबर्ट गुप्ता, विकास विश्वकर्मा, बल्लू बलराम, कमलेश कुमार यादव,पवन कुमार, बीनू जायसवाल, संतोष प्रजापति, विकास जायसवाल, रंजित, रामजी सिंह, पंकज, आशीष जायसवाल, दिलीप, दिनेश स्वर्णकार, करण राजवीर, शशि आदि उपस्थित थे।

# आपके अधिकार को दिलवाने की कोशिश करूंगा : गिरिनाथ सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन सह जनसम्पर्क यात्रा का आयोजन किया गया। गढ़वा प्रखंड के जाला, बिनवाडीह, संग्रहे, झपहा, सोह, लोटो, महुलिया में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने शिक्षा पर बात करते हुए कहा कि गरीबी मिटाने के लिए शिक्षा जरूरी है। सिर्फ भाषण देने से गरीबी नहीं मिटेगी।


ग्रामीणों से बात करते गिरिनाथ सिंह।

उन्होंने कहा कि हम आपसे वोट मांगने नहीं आये हैं बल्कि आपका हाल-चाल जानने आये हैं। वोट किसे देना है किसे नहीं देना है वह आपकी अपनी सोच है। आप अपने सोच समझ से वोट देने का कार्य करें। आपका जो भी अधिकार है वह आपको मैं पूरी तरह दिलवाने की कोशिश करूंगा। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, सुलपानी सिंह, सुनील कुमार माली, दिलीप पासवान, भोला राम, शमीम अंसारी, धर्मेंद्र पासवान, कृष्णा पासवान, सुदीप कुमार, बुधन अंसारी, अलमुद्दीन शेख, रीता देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# महिला स्वरोजगार के लिए सिलाई सेंटर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सिलाई सेंटर का उद्घाटन करते मुखिया व अन्य।

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के तत्वावधान में जिले के खरौंधी प्रखंड के करीवाडीह पंचायत के पंचायत भवन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा महिला स्वरोजगार के लिए सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया करीवाडीह मंशा देवी, कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के नेशनल को-ऑर्डिनेटर आकाश दीप भारती ने संजुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर मुखिया मंशा देवी ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबन के दृष्टिकोण से सिलाई के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए इस निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की गयी है। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से महिलाओं को स्वावलंबन आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा। महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। आकाश दीप ने कहा कि एक महिलाओं का ग्रुप बैच तैयार किया गया है। जिन्हें सिलाई के साथ-साथ ब्यूटीशियन का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेटियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ाने से सशक्त समाज का जहां निर्माण होगा वहीं नारी सशक्तिकरण को बल भी मिलेगा। साथ ही कहा कि सिलाई कोर्स के साथ साथ आगे ब्यूटीशियन कोर्स, मेहंदी कोर्स आदि महिलाओं के हित के लिए शुरू किया जाएगा। मौके पर अंजू कुमारी गुप्ता, दिलीप कुमार, रिंकू देवी, पूजा कुमारी, सरोजनी कुमारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विधायक प्रत्यासी के पिता ने किया रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन


उद्घाटन करते विधायक प्रत्याषी के पिता।

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटहर कलां के ग्राम शारदा में शारदीय नवरात्र के अवसर पर रामायण रामलीला का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक प्रत्याषी बसपा के पंकज चैबे के पिता सुशील चैबे ने नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर बसपा जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि वह गांव व कस्बा धन्य हो जाता है, जहां भगवान श्रीराम की कथा का गुणगान होता है। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमारे जीवन में आज भी प्रासंगिक हैं। भगवान श्रीराम ने समाज को सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम के उपरांत मां शारदे दुर्गा पूजा कमिटी ने श्री चैबे को श्री वंशीधर बाबा की फोटो भेंट देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद अथितियों को मां दुर्गा की फोटो भेंट कर स्वागत किया गया। विधायक प्रत्यासी के पिता ने असमर्थ महिलाओं के बीच अंग वस्त्र देकर आशीर्वाद लिया। मौके पर मुखिया कलावती देवी, राष्ट्रीय मानवाधिकार के जिला अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा, मां शारदे कमिटी के अध्यक्ष राजू रंजन कुमार, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, राकेश पाण्डेय, रवि कुमार, राजेंद्र राम, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामविलास की पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाएगी रालोजपा

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी आठ अक्टूबर को पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाएगी। रालोजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने इस संबंध में बैठक कर जानकारी दी है। आठ अक्टूबर मंगलवार को पार्टी एवं दलित सेना के संस्थापक पद्मभूषण रामविलास पासवान की चौथी पुण्यतिथि का कार्यक्रम पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय, नई दिल्ली एवं पटना के राज्य कार्यालय के साथ-साथ प्रदेश भर में रालोजपा एवं दलित सेना के कार्यकर्ताओं के द्वारा मनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बिहार में भविष्य की राजनीति के लिए भी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी संकल्प लेगी।

# वन भूमि का पट्टा उपलब्ध कराने को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झारखंड कैमूर क्षेत्र महिला किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले अखिल भारतीय वन जन श्रमजीवी यूनियन के द्वारा अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वनवासी को वन अधिकारों की अधिनियम 2006 के तहत सम्पूर्ण अधिकार व समर्पित दवा पत्र के आधार पर वन भूमि का पट्टा उपलब्ध कराने को लेकर शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने कहा कि गढ़वा जिला के सभी



धरना प्रदर्शन करते लोग।

अंचल पदाधिकारी को वन भूमि का उपयोग करने वाले वन पट्टा से वंचित वनाश्रित परिवार का दावा पत्र अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दी गई है। परंतु दिए गए निर्देश जालक में समृद्धि तो द्वारा आवश्यक कार्रवाई कर दावा पत्र एवं अभिलेख संबंधितो को समर्पित नहीं किया गया। कहा कि समिति गठित कर वन पर निर्भर समुदायों को अभियान चला कर वन पट्टा निर्गत किए जाने का निर्देश प्राप्त होने के बाद भी वन अधिकारों से अभी तक वंचित वन आश्रित परिवारों में निराशा एवं असंतोष उत्पन्न होने के कारण अपने अधिकार पाने के लिए धरना प्रदर्शन करने को बाध्य है। कार्यक्रम के अंत में झारखंड कैमूर क्षेत्र महिला किसान मजदूर मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शनिचर अगरिया एवं अन्य सदस्यों ने सीओ शंभू राम को अपनी छह सूत्री मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम का संचालन दीपक जायसवाल ने किया।

मौके पर छतरियां महासचिव सुशील कुमार चैबे, सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक, नरेश चेरो, शंकर चेरो, वकील अंसारी, संतोष उरांव, पांडेय प्रदीप कुमार शर्मा, वीरेंद्र साह, शंभू पासवान, अनित भूईयां, संजय सिंह चेरो, नंदू राम, रामपति देवी, पचु अगरिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### लायंस विशाल ने किया मरीजों के बीच फल का वितरण

गढ़वा। लायंस इंटरनेशनल सेवा के तहत लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के तत्वावधान में शुक्रवार को क्लब अध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद की अध्यक्षता में सदर अस्पताल गढ़वा में फुड फॉर हंगर के तहत मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद ने बताया कि लायंस विशाल क्लब 1986 से समाजिक सेवा कार्यों में समर्पित होकर सेवा कार्य करते आ रही है। दो अक्टूबर से पूरे विश्व में सेवा सप्ताह का कार्यक्रम चल रहा है। उसी के तहत लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने दो अक्टूबर को गढ़वा शहर में शान्ति मार्च निकाला गया था और आज सदर अस्पताल में सैकड़ों मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया।

### डंडई में 10 दिवसीय नाटक मंचन का शुभारंभ

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी धाम के प्रांगण में नवरात्र के अवसर पर 10 दिवसीय नाटक मंचन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सरपंच राम प्रसाद, समाजसेवी महावीर राम, मुखिया धनवंती देवी, प्रतिनिधि महेश्वर राम, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद सहित अन्य ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व सरपंच रामा प्रसाद ने कहा कि नवरात्र के अवसर पर 10 दिन तक चलने वाले रामलीला कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक एक लोगों की सहयोग अपेक्षित है। साथ ही उन्होंने कहा कि नाटक मंचन खेलने से मनोरंजन के साथ साथ ज्ञान मिलता है।

# डैम में डूबकर युवक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव स्थित अन्नराज डैम में नहाने के दौरान एक युवक के डूब जाने से मौत हो गई। मौत के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक उसका शव पुलिस नहीं बरामद कर सका है। युवक गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरोंजिया गांव निवासी क्रम साव का पुत्र पिंटू गुप्ता 20 वर्ष है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ देर रात्रि हंगामा भी किया। परिजनों और ग्रामीणों का कहना था कि घटना के 4 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अब तक शव को नहीं निकलने का कोई प्रयास नहीं किया। यह जिला प्रशासन की बड़ी लापरवाही है। अक्रोशित ग्रामीणों व परिजनो को पुलिस के द्वारा किसी तरह से समझा बुझा कर देर रात्रि उन्हें घर भेजा गया था। एनडीआरएफ की टीम को घटना की सूचना प्राप्त हो गई है। अहले सुबह एनडीआरएफ की टीम के द्वारा डैम में उसकी तलाशी शुरू कर दिया जाएगा। लेकिन घटना के 24 घंटा बीत जाने के बाद भी एनडीआरएफ की टीम घटना स्थल नहीं पहुंचने से परिजनों व ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

# विधायक भानु करायेंगे 51 असहाय बहनों की शादी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को नवरात्रि के अवसर पर 51 असहाय बहनों को 28 फरवरी 2025 को धूमधाम से शादी कराने का ऐलान किया। विधायक श्री शाही ने कहा कि वर्ष 2014 में लोगो ने क्षेत्र की गरीब असहाय बहनों का सामूहिक निःशुल्क विवाह कार्यक्रम कराने का प्रस्ताव रखा था। 2014 से 2024 तक गरीब बहनों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्री शाही ने बताया कि मैं जिन बहनों की शादी करता हूं भाई और


विधायक भानु प्रताप शाही।

बाप बन कर करता हूं। मेरा लक्ष्य है की अपने क्षेत्र के 1100 गरीब असहाय बहनों की डोली उठा कर विदा करूंगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग तरह तरह की बातें करते हैं। आप उन बहनों के यहां जाओ जिनका भाई, बाप बन कर मैनें डोली उठाने का काम किया है। जवाब मिल जाएगा। अभी तक 351 असहाय बहनों की शादी की शादी की जा चुकी है। हम लोगों ने फैसला लिया है कि वैसे गरीब जो विकलांग है और जिनके माता-पिता नहीं हैं या अत्यंत गरीब हैं, वैसे लोगों को पहले प्राथमिकता दिया जाएगा। साथ ही वैसे लोगों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने निर्देश अपने लोगों को दिया है। श्री शाही ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमे भोजपुरी के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव शामिल होंगे।

# कृष्णा नगर महादलीत टोला आगजनी मामले के विरुद्ध कम्युनिस्ट पार्टी ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नवादा।** नवादा जिला के कृष्णा नगर ग्राम में बहुचर्चित आगजनी काण्ड के खिलाफ शुक्रवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के बैनर तले नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए प्रदर्शन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सीपीआई के जिला कार्यालय से निकल कर भगत सिंह चौक, प्रजातंत्र द्वार होते हुए समाहरणालय पर आकर समाप्त हुई। कृष्णा नगर के अग्नि पीडितों को न्याय दिलाने और अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आने को लेकर पार्टी कार्यक्रताओ में काफी रोष देखा गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन भोजन, रैन बसेरा या मुआवजा देकर घटना की इतिश्री करना चाहता है किन्तु घटना का मौलिक सवाल जमीन



विवाद है और उजड़े हुए महादलित परिवार को पुनः बसाने का है। जमींदार या भूमाफिया गलत ढंग से इस जमीन को अपने नाम से करके वर्षों से बसे मजदूरों को बेदखल करना चाहती है। जमीन की प्रकृति देखने से आम गैरमजरूआ लगता है। हो सकता है प्रशासन के मेल से जमीन के मालिक गैरमजरूआ दिखाकर अपने नाम कर लिया हो और अब उस जमीन को बेचना चाहता हो जिस जमीन पर वर्षो से गरीब महादलित, मजदूर झोपडी बनाकर रह रहा था या खेती कर रहा था। उस जमीन का लालच देकर भूमाफिया गरोबों को ही आपस में एक दूसरे से लडा रहे है। रैली के उपरांत अंबेडकर पार्क में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि कृष्णा नगर में बसे भूमिहीनों को यथाशीघ्र जमीन का पर्चा दिया जाय और घटना की न्यायिक जांच कराई जाये।

# कांडी प्रखंड में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन


उद्घाटन करते महेंद्र प्रसाद।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के कांडी बाजार में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष व विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बीडी प्रसाद के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन उनके बड़े भाई महेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए महेंद्र प्रसाद ने कहा कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र के हर नागरिक को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही विकास की गति को दोगुना किया जाएगा। ताकि क्षेत्र के हर नागरिक को इसका लाभ मिल सके। कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे क्षेत्र की महिलाएं और बेटियां अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और उन्हें सम्मान व अवसर मिले। साथ ही आधारभूत सुविधाओं की कमी को दूर करना हमारी प्राथमिकता होगी, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएं मिल सकें। मौके पर शिव प्रसाद गुप्ता, गोरखनाथ चैधरी, मानिक राय, संजय गुप्ता, चंदन गुप्ता, अमर प्रसाद, हिमालय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### चुनौती से लड़ेगे...

हमारी सरकार एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही है।

**इमानदारी से काम जरूरी :** सीएम ने कहा कि कई मायनों में अगर देखें तो यह बहुत स्पष्ट है कि कानून भी हम जैसे लोग बनाते हैं और कानून हम जैसे लोग ही तोड़ते हैं। यह हमसभी को स्वीकार करने की जरूरत है कि अपने कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि साफ सफाई बनी रहे, इस पर हम सबको ध्यान देना होगा। हम सभी सही ढंग से जब अपना कर्तव्य निभायेंगे, तो सभी समस्याएं खुद सुधार सकती हैं।

**सभी के सहयोग से ही विकास संभव :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची शहर की एक-एक इंच का महत्व है। यहां कुछ भी बनाना बहुत चुनौती भरा होता है। जब तक सबका सहयोग न मिले, कोई योजना धरातल पर उतारना कठिन हो जाता है। इस फ्लाईओवर के निर्माण के लिए योगदा सत्संग ने भी अपनी कुछ जमीन दी है। इस सहयोग के लिए उनका आभार जताया।

**भाजपा सरकार पर ली चुटकी :** समारोह में भाजपा संसद व केंद्रीय मंत्री संजय सेठ समेत कई भाजपा नेताओं के सामने ही सीएम ने इशारों-इशारों में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि मैं किसी की शिकायत नहीं कर रहा हूं, लेकिन लोहे का भारी खंभा ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में लगा दिया गया। बिना कुछ सोचे समझे। इस कारण पहाड़ी मंदिर का अस्तित्व खतरे में आ गया। हमें पूरे वैज्ञानिक रूप से चीजों को समझने और जानने की जरूरत है। कभी-कभी लोग बेवजह जगह अतिक्रमण करने लगते हैं। सरकार की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हैं।

**पर्यावरण पर ध्यान देना जरूरी :**उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा नहीं तो आने वाले दिनों में मनुष्य जीवन को बहुत मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। विकास के पैमाने को खींचते-खींचते कहीं हम पर्यावरण को नुकसान न करें। कोई भी योजना विभाग ले तो पहले पर्यावरण की क्षतिपूर्ति को कैसे पूरा किया जाये। इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सड़क, रेलवे लाइन के नाम पर अनगिनत पेड़ काटे जाते हैं। लेकिन लगाने के नाम पर खाना पूर्ति की जाती है। इसलिये हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम पर्यावरण की रक्षा करें। सभी सोसाइटी और कॉलोनी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था किया जाए। मैं विभाग से इसके लिये शीघ्र आदेश जारी करने को कहूंगा।

इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, राजेश कच्छप, कल्पना सोरेन, प्रधान सचिव सुनील कुमार, योगदा मठ आश्रम के स्वामी ईश्वरानंदजी, संत पॉल के फादर एस डेविड सहित अन्य गणमान्य लोग तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### कोटे में कोटा पर...

अदालत ने कहा कि याचिकाओं में कोई ठोस आधार नहीं दिया गया कि आखिर क्यों 1 अगस्त के फैसले पर कोर्ट को पुनर्विचार करना चाहिए। संविधान बचाओ ट्रस्ट, आंबेडकर ग्लोबल मिशन, ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्प्लॉयी एसोसिएशन समेत कई संस्थाओं की ओर से दायर किया गया था। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने 1 अगस्त को ही 6-1 के बहुमत से फैसला दिया था। इसमें राज्य सरकारों को एससी और एसटी कोटे में यदि इन वर्गों में किसी खास जाति को अलग से आरक्षण दिए जाने की जरूरत पड़ती है तो इस कोटे के तहत ही उसके लिए प्रावधान किया जाता है। अदालत के इस फैसले को दलितों और आदिवासियों के एक वर्ग ने आरक्षण विरोधी करार दिया था। वहीं एक वर्ग इसके समर्थन में भी आया था।

### आयोग ने सीएस...

बाद में कार्मिक विभाग की ओर से आयोग के एक पत्र लिखकर कहा गया कि आयोग अपना आदेश वापस ले, क्योंकि आचार संहिता समाप्त होने के बाद इस तरह का आदेश देने का अधिकार आयोग को नहीं है। इस तरह के आदेश से राज्य की संप्रभुता प्रभावित होती है। आयोग ने 15 दिसंबर 2022 को पत्र भेजकर इस मामले में मुख्य सचिव की राय मांगी, जो नहीं मिली। 26 दिसंबर को मंजूनाथ भजंत्री से जिला निर्वाचन पदाधिकारी का काम वापस लेते हुए डीडीसी को सौंप दिया गया। इस बीच मंजूनाथ भजंत्री ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनाव आयोग के आदेश को चुनौती दी। सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद भजंत्री की याचिका को स्वीकार कर लिया। इस फैसले के खिलाफ चुनाव आयोग ने हाई कोर्ट में एलपीए दायर की। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद 3 सितंबर 2024 को अपना फैसला सुनाते हुये चुनाव आयोग के आदेश को सही करार दिया। हाइकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आयोग का निर्देश मानना राज्य के लिये बाध्यकारी है।

# 50 हजार बाढ़ पीड़ित परिवारों को मिलेगा सात हजार

# मुख्यमंत्री ने दरभंगा के प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**एजेंसी**

**पटना/दरभंगा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को दरभंगा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ितों के लिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले 50 हजार बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में 7000 रुपये की सहायता राशि डीबीटी के जरिए भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने लहेरियासराय पोलो मैदान स्थित बाढ़ राहत फूड पैकेजिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत सामग्री जल्द से जल्द पीड़ितों तक पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हायाघाट और हनुमाननगर प्रखंड को भी एसओपी में शामिल करने का निर्देश दिया। नीतीश कुमार ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बनाए गए राहत कैंपों का निरीक्षण और एयरफोर्स के माध्यम से फूड पैकेजिंग वितरण की प्रक्रिया का जायजा लिया।



नीतीश कुमार ने बाढ़ पीड़ितों के लिए लगाए जा रहे चिकित्सा शिविरों की भी व्यवस्थाएं देखीं। चिकित्सकों से बात की और निर्देश दिए हर पीड़ित के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों और व्यवस्था में लगे लोगों से बात की। उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा कर लोगों की वास्तविक स्थिति पर निगाह बनाए रखें। उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए उन्हें सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करें। राहत शिविरों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें।

इससे पहले मुख्यमंत्री के दरभंगा दौरे को लेकर तैयारियां की गई थी। बिरौल में खोरागाछी मैदान में हेलीपैड बनाया गया था। माना जा रहा था कि मुख्यमंत्री कोसी नदी के टूटे तटबंध का भी निरीक्षण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री का विशेष जोर टूटे तटबंध के मरम्मत कार्य पर रहेगा ताकि विस्थापित लोग जल्द से जल्द अपने घरों को लौट सकें।

मुख्यमंत्री के साथ बहादुरपुर से जदयू विधायक तथा सरकार में समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी सहित कई विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## मोदी आज जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 18वीं किस्त

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 18वीं किस्त जारी करेंगे, जिससे प्रत्यक्ष अंतरण में 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि पीएम-किसान के साथ ही राज्य के वाशिम में महाराष्ट्र सरकार की नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना की पांचवीं वीं किस्त का भी वितरण होगा। मंत्रालय के अनुसार श्री मोदी कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत पूरी की गयी 7516 परियोजनाओं का ओनलाइन लोकार्पण करेंगे और लगभग 9,200 एफपीओ राष्ट्र को समर्पित किये जायेंगे।

## हैती में सेवियन गिरोह के हमले में 50 की मौत

**पोर्ट-औ-प्रिंस।** कैरिबियन देश हैती के छोटे शहर पोंट-सोंडे में गुरुवार को सशस्त्र सेवियन गिरोह (ग्रैन ग्रिफ गिरोह) के हमले में कम से कम 50 लोग मारे गए। पोंट-सोंडे राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस से लगभग 71 किलोमीटर (44 मील) उत्तर-पश्चिम में सेंट-मार्क के कम्यून में है। द हैतियन टाइम्स अखबार के अनुसार, डाकुओं के इस हमले में दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों को संदेश भेजकर मदद की गुहार लगाई है। गिरोह के इस जानलेवा हमले के दौरान अधिकांश लोग घर छोड़कर भाग गए हैं।

## शेख हसीना के करीबी समीर चंदा गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबियों की धरपकड़ और तेज हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को बांग्लादेश अवामी लीग के सहयोगी संगठन कृषक लीग के अध्यक्ष समीर चंदा को गिरफ्तार किया है। डीएमपी जनसंपर्क और मीडिया विंग के डिप्टी कमिश्नर मुहम्मद तालेबुर रहमान ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि चंदा के खिलाफ राजधानी के कई थानों में मामले दर्ज हैं।

## अमेठी में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के शिवरतनगंज क्षेत्र में एक दुस्साहिक वारदात में एक ही परिवार के चार सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी है। मृतक परिवार किराए के मकान में रहता था। परिवार का मुखिया सरकारी स्कूल में शिक्षक था। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मां अहोरवा भवानी चौराहे के पास गुरुवार देर शाम किराए के मकान में रह रहे शिक्षक सुनील कुमार (35), पत्नी पूनम भारती (33), पुत्री दृष्टि (7) और लाडो (2) को अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। पुलिस चार लोगों को सिंह पुर सीएचसी लेकर गई जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया।

## कुपवाड़ा में विस्फोट दो सैनिक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बारूदी सुरंग विस्फोट में दो सैनिक घायल हो गये। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि विस्फोट त्रेहगाम में एलओसी पर तड़के करीब तीन बजे तब हुआ, जब सैनिक इलाके में गश्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विस्फोट में सेना के 19 सिख रेजीमेंट का एक हवलदार और एक नायक घायल हो गए।

## फिल्म इमरजेंसी से हटेंगे विवादित दृश्य

**मुंबई।** कंगना रणौत अभिनीत फिल्म इमरजेंसी फिल्म के सह-निर्माता जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज ने शुक्रवार को बंबई हाई कोर्ट को बताया कि वह सेंसर बोर्ड द्वारा सुझाए गए दृश्य हटाने पर सहमत है। जी की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शरण जगतियानी ने कहा कि आवश्यक दृश्य हटाए जाएंगे।

चुनावी दर्पण
जामा विस सीट

# खतरे में झामुमो का दबदबा, सोरेन परिवार का रहा है एकछत्र राज

सत्येन्द्र

**रांची।** संथाल परगना का जामा विधानसभा सीट झामुमो का पारंपरिक सीट मानी जाती है। वैसे तो जामा विधानसभा सीट ही नहीं पूरा संथाल परगाना झारखंड मुक्ति मोर्चा का गढ़ माना जाता है। इसके बावजूद दुमका जिले का एसटी रिजर्व जामा विधानसभा एक ऐसी सीट है जिस पर सोरेन परिवार का एकछत्र राज रहा है। जामा विधानसभा क्षेत्र में करीब 45 फीसदी आदिवासी मतदाता हैं। इसके अलावा करीब 6 फीसदी यादव और 22 प्रतिशत अन्य पिछड़ी जातियां हैं। यहां से शिबू सोरेन के साथ उनके पुत्र स्वर्गीय दुर्गा सोरेन और फिर दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन विधायक रह चुकी हैं। इसके बावजूद 2024 के विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार जामा विधानसभा क्षेत्र की परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी है, झामुमो की टिकट पर लगातार तीन बार से चुनाव जीत रही सीता सोरेन अब भाजपा में हैं। जबकि झामुमों की भी इस इलाके में अच्छी पकड़ है।

### ▸▸ आठ चुनाव में सात बार जीता झामुमो

### अब भाजपा में सीता सोरेन



लगातार जामा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार चुनाव जीतने वाली सीता सोरेन ने 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले एक बड़ा कदम उठाया और झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। भाजपा ने उन्हें दुमका लोकसभा का प्रत्याशी बनाया पर वह लगभग 22 हजार मतों से यह चुनाव झामुमो के नलिन सोरेन से हार गईं।

जामा विधानसभा क्षेत्र की इतिहास को जाने तो पिछले चार दशक से हो रहे चुनाव में 1980 से अब तक जामा क्षेत्र में आठ बार विधानसभा के चुनाव हुए हैं। जिसमें सात बार झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बाजी मारी है। जबकि सिर्फ एक बार 2005 में यह सीट भाजपा के खाते में गई थी। 44 वर्ष पहले 1980 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के देवान सोरेन ने यहां से चुनाव जीता था। 1984 के लोकसभा चुनाव में जब शिबू सोरेन कांग्रेस प्रत्याशी से इलेक्शन हार गए थे, तो उन्होंने 1985 के विधानसभा चुनाव में जामा से अपना भाग्य आजमाया था और विजयी हुए थे। 1990 के चुनाव में झामुमो ने यहां से मोहर्रिल मुर्मू को टिकट दिया और उन्होंने जीत हासिल की थी। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन ने जब अपने बड़े बेटे दुर्गा सोरेन को राजनीति में उतारा तो उनके लिए एक सीट की तलाश थी। 1995 के विधानसभा चुनाव में गुरुजी ने अपने पुत्र दुर्गा सोरेन को जामा सीट की टिकट थमाई और दुर्गा ने यहां शानदार जीत दर्ज की। 2000 के चुनाव में लगातार दूसरी बार दुर्गा सोरेन यहीं से विधायक बने, लेकिन 2005 के चुनाव में दुर्गा सोरेन के काफी नजदीकी कार्यकर्ता सुनील सोरेन से उनकी अनबन हो गई थी। भाजपा ने इस मौके का फायदा उठाया और सुनील सोरेन को पार्टी में लाकर प्रत्याशी बना दिया। सुनील सोरेन बीजेपी के भरोसे पर खरे उतरे और उन्होंने दुर्गा सोरेन को शिकस्त देकर जामा सीट को भाजपा के झोली में डाल दी।




### अब बदल चुकी है परिस्थितियां

विधानसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। इस स्थिति में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित जामा विधानसभा क्षेत्र की परिस्थितियों बिल्कुल बदल चुकी हैं। लगातार तीन बार की विधायक सीता सोरेन अब भाजपा से जुड़ गईं हैं। पर समस्या यह है कि कुछ वैधानिक नियमों की वजह से वह यहां से उम्मीदवार नहीं बन सकती हैं। चर्चा है कि वे अपनी बेटी के लिए इस सीट पर बातचीत कर रही हैं। बड़ा सवाल ये भी है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा यहां से किसे अपना उम्मीदवार बनाती है ये भी साफ नहीं है। कई नेता अपनी टिकट के लिए चक्कर लगा रहे हैं। संथाल क्षेत्र के राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि जामा सीट पर प्रत्याशी कौन होगा इसे लेकर झामुमो में काफी मंथन चल रहा है। यह सीट उनके लिए काफी प्रतिष्ठा की है, इसलिए काफी सोच समझकर प्रत्याशी का फैसला होगा। विशेषज्ञों की माने तो यहां से सोरेन परिवार का कोई सदस्य लड़े या फिर कोई समर्पित कार्यकर्ता। फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो पायी है। वहीं दूसरी ओर बीजेपी ने भी स्पष्ट नहीं किया है कि जामा का टिकट किसे दिया जाए। बीजेपी इस बार सीता सोरेन की पुत्री जयश्री सोरेन, सुनील सोरेन एवं सुरेश मुर्मू में से किसी एक को अपना प्रत्याशी बनाए। वैसे सुरेश मुर्मू लगातार दो बार से भाजपा प्रत्याशी बन रहे हैं पर उन्हे सफलता नहीं मिली है।

**2009 में सीता सोरेन आई राजनीतिक में :** 2009 में शिबू सोरेन के बड़े पुत्र दुर्गा सोरेन की मौत हो गई और इसी वर्ष जब चुनाव हुए तो गुरुजी ने अपने पुत्रवधू सीता सोरेन को जामा विधानसभा से चुनावी मैदान में उतारा। इधर भाजपा ने 2005 के विधायक सुनील सोरेन को 2009 का लोकसभा चुनाव लड़ाया था और जब वे यह चुनाव शिबू सोरेन से हार गए थे, तब उनका विधानसभा टिकट भी काट दिया और उनकी जगह भाजपा प्रत्याशी बने मनोज सिंह पहाड़िया। मतलब पहली बार चुनाव लड़ रही सीता सोरेन के सामने मनोज सिंह पहाड़िया भाजपा के उम्मीदवार थे। इस चुनाव में सीता सोरेन ने बड़े आराम से दस हजार से अधिक मतों से चुनाव जीता और विधानसभा पहुंची। इसके बाद 2014 और 2019 का चुनाव जीतकर सीता सोरेन ने हैट्रिक लगाई।

### 2019 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सीता सोरेन | जेएमएम | 60925 |
| सुरेश मुर्मू | बीजेपी | 58499 |
| अर्जुन मरांडी | जेवीएम | 5897 |

### 2014 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सीता सोरेन | जेएमएम | 53250 |
| सुरेश मुर्मू | बीजेपी | 50344 |
| सुखलाल सोरेन | जेवीएम | 9263 |

### 2009 का चुनाव परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सीता सोरेन | जेएमएम | 38550 |
| लुखी राम टुडू | एलटीएसडी | 1572 |

### 2005 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सुनील सोरेन | बीजेपी | 44073 |
| दुर्गा सोरेन | झामुमो | 37443 |
| मनोज सिंह | राजद | 4254 |

# आगे भी जारी रहेंगे बुनियादी सुधार

## रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र का पालन कर रही है सरकार: प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक नीतियों में बुनियादी सुधार किए हैं और आगे भी ऐसे सुधार जारी रहेंगे। श्री मोदी ने चाणक्य इकोनॉमिक कान्क्लेव (सम्मेलन) को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि समावेशी है और दस साल में गरीबी कम हुई है। सम्मेलन में उपस्थित देश विदेश के निवेशकों और विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता है कि भारत को विकसित बनाने के लिए लगातार बुनियादी सुधार करते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमारे पहले तीन महीनों की नीतियों का प्रतिबिंब है, उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान 15 ट्रिलियन रुपये या 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के फैसले लिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने भारत को आजादी के सौ साल पूरे होने तक (2047 तक) विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। मंच पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इंस्टिट्यूट ऑफ इकॉनोमिक ग्रोथ के अध्यक्ष एन के सिंह भी उपस्थित थे। यह तीसरा कॉन्कलेव संस्करण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश विनिर्माण क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है ताथा मोबाइल फोन, दुपहिया वाहनों के विनिर्माण और निर्यात में बड़ी उपलब्धियां दर्ज की है। उन्होंने कि सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि आर्थिक वृद्धि सर्वहितकारी हो और इसका लाभ आबादी में नीचे तक पहुंचे। मोदी ने कहा कि रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म के मंत्र पर चलते हुए हम लगातार निर्णय ले रहे हैं,देश को तेज गति से आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से वृद्धि कर रही बड़ी अर्थव्यवस्था है और सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से देश पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि भारत में आर्थिक वृद्धि के साथ समावेशिता भी हो रही है। पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री प्रशिक्षु योजना के तहत बने पोर्टल पर पहले ही दिन 111 कंपनियों ने पंजीकरण कराया है। इस स्कीम के तहत हम एक करोड़ युवाओं को बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप प्राप्त करने में सहायता कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रक्रियाओं में सुधार को सरकार का एक निरंतर चलने वाला काम बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि 40 हजार से अधिक औपचारिकताओं को पूरा करने की जरूरत समाप्त कर दी गयी है तथा बहुत से कानूनों में कई गलतियों पर जेल की सजा के प्रावधान समाप्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में जल्दी ही पांच सेमी कंडकटर कारखाने काम करना शुरू कर देंगे और वहां से दुनिया को मेड इन प्रोसेसर चिप मिलने लगेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया में दो बड़े भागों में युद्ध की स्थिति है और ये दोनों इलाके विश्व अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बहुत अहम हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हम सभी यहां भारत के युग की चर्चा कर रहे हैं जो यह दशार्ता है कि आज भारत पर विश्वास कुछ अलग ही है, आज भारत का आत्म विश्वास कुछ खास है।

चाणक्य सम्मेलन

▸▸ तीन महीनों में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के फैसले लिए गए : मोदी



### भारत में निवेश करने का यह सही समय

उन्होंने कहा कि वैश्विक नेता और वित्तीय विशेषज्ञ भारत की वृद्धि को लेकर आशावादी हैं। निवेशकों का मानना है कि भारत में निवेश करने का यह सही समय है। यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले एक दशक में भारत में हुए सुधारों का नतीजा है। हमने बीते दशक में इंफ्रास्ट्रक्चर पर इन्वेस्टमेंट को अभूतपूर्व स्केल पर बढ़ाया है। भारत ने प्रोसेस रिफोर्मस को सरकार की सतत गतिविधियों का हिस्सा बनाया है। हमने 40 हजार से ज्यादा अनुपालन को खत्म किया, अनुपालन एक्ट को डीक्रिमानलाइज किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए हमने पीएलआई की शुरूआत की। पीएलआई की वजह से 1.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। स्पेस सेक्टर में अब 200 से ज्यादा स्टार्टअप हैं।

# हिजबुल्लाह की मिसाइल टीम का प्रमुख सदस्य अनीसी ढेर

एजेंसी

**बेरूत/तेहरान।** इजराइल की एयर स्ट्राइक में अब महमूद युसेफ अनीसी मारा गया है। वह लेबनान में हिजबुल्लाह की सटीक-निर्देशित मिसाइल निर्माण श्रृंखला का प्रमुख आतंकवादी था। इजराइल सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के एक्स हैंडल में यह जानकारी दी गई है। आईडीएफ के अनुसार, अनीसी 15 साल पहले हिजबुल्लाह में शामिल हुआ था। उसे घातक हथियारों के निर्माण में महारत हासिल थी। आईडीएफ ने कहा है कि हिजबुल्लाह के खात्मे का अभियान जारी रहेगा। इजराइल के लड़ाकू विमानों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में बम गिराकर हिजबुल्लाह के हशेम सफीदीन के भूमिगत बंकर को निशाना बनाया। इस बंकर में सफीदीन के साथ वरिष्ठ हिजबुल्लाह नेता भी थे। आईडीएफ का कहना है कि वेस्ट बैंक में फाइटर जेट के हमले में हमास के कई गुर्गे भी मारे गए। फाइटर जेट ने गुरुवार देररात तुलकेरेम में हमला किया। फिलिस्तीनी प्राधिकरण के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। आईडीएफ और शिन बेट ने संयुक्त बयान में कहा है कि तुलकेरेम में हमास के शीर्ष कमांडर जही यासर अब्द अल-रजेक औफी और कई अन्य गुर्गों को निशाना बनाया गया।

**इजराइल के लड़ाकू विमानों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में सफीदीन के बंकर किया हमला**

**वेस्ट बैंक में हमास के कई गुर्गे भी मारे गये : आइडीएफ**



# हरियाणा में मतदान आज

एजेंसी

विधानसभा चुनाव

**90 सीटों पर 7 बजे से शाम 6 बजे तक डाले जायेंगे वोट**

**नयी दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनावों के 5 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव आयोग ने राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। शुक्रवार को राज्य भर में पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना रवाना हो गई है। रवाना होने से पहले पोलिंग पार्टियों ने सामग्री की जांच की और इसके बाद पुलिस सुरक्षा के बीच रवाना हुई है, जिनमें मतदान अधिकारी, सहायक कर्मचारी और सुरक्षा बल भी शामिल हैं। हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर मतदान शनिवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 8 अक्टूबर, मंगलवार को होनी है।आयोग ने राज्य में मतदान के लिए कुल 20 हजार 629 मतदान केंद्र बनाए हैं। इनमें से 2,700 से अधिक केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है और 300 से अधिक मतदान केंद्र अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें 2.03 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य चेहरों में सीएम नायब सिंह सैनी (लाडवा), भूपेंद्र सिंह हुड्डा (गढ़ी सांपला-किलोई), अभय सिंह चौटाला (एलनाबाद), दुष्यंत चौटाला (उचाना), अनिल विज (अंबाला कैट), ओपी धनखड़ (बादला), अनुराग ढंढा (कलायात) और विनेश फोगाट (जुलाना) हैं।

## तिरुपति लड्डू मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतंत्र एसआइटी गठित किया

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए शुक्रवार को एक स्वतंत्र विशेष जांच दल का गठन किया। एसआइटी में सीबीआइ और आंध्र प्रदेश पुलिस के दो-दो अधिकारियों के अलावा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि एसआइटी की जांच की निगरानी सीबीआइ निदेशक करेंगे। पीठ ने इस मामले में न्यायालय की निगरानी में जांच कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं सहित कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया।

# महिलाओं को हिम्मत और ताकत से जोड़ें : शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने कहा कि महिलाओं को अक्सर त्याग से जोड़ा जाता है, जबकि उन्हें हिम्मत और ताकत से जोड़ा जाना चाहिए। शिल्पा ने कहा कि अक्सर जब हम महिलाओं की बात करते हैं, तो उसे त्याग से जोड़ा जाता है, लेकिन मुझे लगता है कि एक नारी को हिम्मत और ताकत से जोड़ना चाहिए। आज आपने जो किया, रिया आपकी मां को आप पर गर्व है। सचकहूं, मुझे भी ऐसे किस्से सुनकर गर्व महसूस होता है। शिल्पा ने यह भी बताया कि वह अपनी मां की पूजा करती हैं। उन्होंने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, जहां भी पहुंची हूं, वो सब मेरी मां के समर्थन की वजह से है, और इसलिए मैं इस भावना को समझती हूं। एक मां आपकी जिंदगी का सबसे मजबूत स्तंभ होती है, जो बिना किसी शर्त के आपका साथ देती है।



# शेयर बजार में दूसरे दिन भी भारी गिरावट

## सेंसेक्स 808 अंक टूटा, 81688 पर पहुंचा

एजेंसी

**मुंबई।** इजराइल और ईरान के बढ़ते तनाव के बीच चीन के प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा से शेयरों के भाव गिरने से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली के दबाव में शुक्रवार शेयर बाजार धराशायी हो गया। सेंसेक्स 808.65 अंक अर्थात 0.98 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन सप्ताह बाद 82 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81,688.45 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 235.50 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25,014.60 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.94 प्रतिशत कमजोर होकर 47,906.74 अंक और स्मॉलकैप 0.80 प्रतिशत लुढ़ककर 55,945.31 अंक रह गया। बीएसई में कुल 4054 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2387 में गिरावट जबकि 1563 में तेजी रही वहीं 104 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियों में बिकवाली जबकि 13 में लिवाली हुई। बीएसई में आईटी की 0.41 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 19 में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.14, सीडी 1.18, ऊर्जा 1.00, एफएमसीजी 1.67, वित्तीय सेवाएं 1.05, हेल्थकेयर 0.47, इंडस्ट्रियल्स 0.75, दूरसंचार 1.25, यूटिलिटीज 1.20, ऑटो 1.50, बैंकिंग 0.62, कैपिटल गुड्स 0.64, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.35, धातु 0.46, तेल एवं गैस 0.99, पावर 1.12, रियल्टी 1.60, टेक 0.05 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.80 प्रतिशत लुढ़क गया।



अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.22, जापान का निक्केई 0.22, हांगकांग का हैंगसेंग 2.82 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 8.06 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.40 प्रतिशत गिर गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 253 अंक की गिरावट लेकर 82,244.25 अंक पर खुला लेकिन लिवाली के दम पर दोपहर तक 83,368.32 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### निवेशकों के 16 लाख करोड़ से अधिक डूबे

पिछले चार दिन में निवेशकों के 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए। सेंसेक्स पिछले चार कारोबारी दिवस में 4147.67 अंक टूट गया। यह 26 सितंबर को 85,836.12 अंक रहा लेकिन इसके बाद लगातार जारी बिकवाली से यह शुक्रवार को 81,688.45 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की इस भारी गिरावट ने निवेशकों को 1626691 करोड़ रुपये डूब गए।




